प्रयागराज, गुरुवार, 10 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 2, वर्ष 11, अंक 201, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर- सूर्यकुमार टूर्नामेंट के बेस्ट बल्लेबाज तो रोहित की खराब फार्म बड़ी चिंता : गावस्कर



अंदर- चंबल के बीहड़ों में फिर सिर उठा रहे बागी

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# गुजरात में कई दिग्गज नहीं लड़ेंगे चुनाव

## पूर्व सीएम विजय रूपाणी सहित भूपेंद्र सिंह चुडासमा का चुनाव लड़ने से इनकार

**गांधीनगर।** गुजरात चुनाव की तारीखों के एलान के साथ ही चुनावी गहमागहमी और तेज हो गई है। भाजपा की ओर से धुआंधार प्रचार के बीच कई दिग्गजों ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। इनमें से एक नाम है पूर्व सीएम विजय रूपाणी का। रूपाणी ने युवाओं को मौका देने की बात कही है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा, मैंने सभी के सहयोग से पांच साल सीएम के रूप में काम किया। इन चुनावों में नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए। मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा, मैंने वरिष्ठों को पत्र भेजकर दिल्ली को अवगत करा दिया है। हम चुने हुए उम्मीदवार को जिताने के लिए काम करेंगे। वहीं, गुजरात के पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल ने भी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह चुडासमा ने भी चुनाव लड़ने से इनकार किया है। चुडासमा ने कहा, मैं विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इस संबंध में बता दिया है। मैंने तय किया है कि अन्य कार्यकताओं को अवसर मिलना चाहिए। मैं अब तक 9 बार चुनाव लड़ चुका हूं। मैं पार्टी का आभार व्यक्त करता हूं। इसके अलावा विधायक प्रदीप सिंह जडेजा भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। जडेजा ने कहा, मैं वटवा विधानसभा सीट का विधायक हूं। मुझे पार्टी द्वारा चार बार विधायक और राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में काम करने का एक बड़ा अवसर दिया गया है। मैं स्वेच्छा से अगला विधानसभा चुनाव 2022 में नहीं लड़ना चाहता।

### विधानसभा चुनाव

**रूपाणी ने युवाओं को मौका देने की कही बात**

**वरिष्ठों को पत्र भेजकर दिल्ली मुख्यालय को अवगत कराया**



इन नेताओं ने चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा ऐसे वक्त पर की है जब भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (उएउ) की बैठक दिल्ली में हो रही है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और ओपी माथुर के अलावा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल शामिल हो रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा और केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में शामिल हुए। बताया जा रहा है कि इसमें गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश चुनाव को लेकर रणनीति पर भी चर्चा हो सकती है। भारतीय जनता पार्टी के मजबूत गढ़ गुजरात को कायम रखने के लिए अमित शाह ने अब मैदान संभाल लिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और शाह ने मंगलवार को राजधानी दिल्ली में गुजरात भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ अहम बैठक की। मंगलवार शाम को हुई यह बैठक करीब सात घंटे तक चली।

## रामपुर विधानसभा उपचुनाव पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर भारत निर्वाचन आयोग ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव पर रोक लगा दी है। आयोग ने उप चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाई है। 10 नवंबर को उप चुनाव की अधिसूचना जारी होनी थी। रामपुर से पूर्व सपा विधायक मोहम्मद आजम खान को भड़काऊ भाषण देने के आरोप में एमपी-एमएलए कोर्ट से तीन वर्ष की सजा होने के बाद विधानसभा सचिवालय ने उनकी सीट रिक्त घोषित की थी। रामपुर विधानसभा क्षेत्र रिक्त घोषित होने के बाद निर्वाचन आयोग ने उस पर उप चुनाव की घोषणा की। 10 नवंबर को उप चुनाव की अधिसूचना जारी कर 17 नवंबर तक नामांकन दाखिल किए जाना प्रस्तावित था। रामपुर में उप चुनाव के लिए 5 दिसंबर को मतदान और 8 दिसंबर को मतगणना प्रस्तावित थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि मोहम्मद आजम खान बनाम भारत निर्वाचन आयोग मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उप चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं।

# न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने ली चीफ जस्टिस की शपथ

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने आज भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडिया को दिए अपने पहले बयान में, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आम नागरिक की सेवा करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने रजिस्ट्री और न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि ‘मेरी बातों से ज्यादा मेरा काम बोलेगा।



भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद संभालने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में महात्मा गांधी की प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा करना मेरी प्राथमिकता है। हम भारत के सभी नागरिकों की रक्षा करेंगे, चाहे वह टेक्नोलॉजी या रजिस्ट्री सुधारों, या न्यायिक सुधारों से जुड़े मामले में हो। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ अयोध्या विवाद, निजता का अधिकार जैसे अहम मुकदमों में फैसले देने वाली पीठ का हिस्सा रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ देश में सबसे लंबे समय तक सीजेआई रहे न्यायमूर्ति वाई. वी. चंद्रचूड़ के बेटे हैं। उनके पिता 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक भारतीय न्यायपालिका के प्रधान रहे थे। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सात दशक से अधिक लंबे इतिहास में यह पहला मौका है जब एक पूर्व प्रधान न्यायाधीश के बेटे इस पद पर आसीन हुए।

### समारोह

**मेरा काम बोलेगा, चीफ जस्टिस की शपथ लेने के बाद बोले धनंजय वाई चंद्रचूड़**

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
• पार्किंग की सुविधा उपलब्ध •

# मैनपुरी में राजभर ने उतारा प्रत्याशी

**लखनऊ।** मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने ताल ठोंक दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर (ओपी राजभर) ने बुधवार को सुभासपा प्रत्याशी का एलान किया। उन्होंने मैनपुरी उपचुनाव में रमाकांत कश्यप को प्रत्याशी बनाया है। रमाकांत कश्यप इटावा के रहने वाले हैं। ओपी राजभर बुधवार को किशनी क्षेत्र के गांव खिदरपुर पहुंचे। यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने उन्हें तलाक दिया जो उन्होंने कुबूल कर लिया है। शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव की लड़ाई सिर्फ वर्चस्व की लड़ाई है। आजम खां की विधानसभा की सदस्यता पर नियम के तहत कार्रवाई होने की बात कही। उन्होंने कहा कि सुभासपा आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन की मजबूती पर कार्य कर रही है। जिसके लिए सुभासपा ने सावधान यात्रा भी निकाली थी। पार्टी की मांग है कि अमीरों की तरह गरीबों के बच्चों को भी अच्छे स्तर की शिक्षा मिले। देश में एक संविधान होते हुए एक समान शिक्षा सभी को मिलनी चाहिए। राजनीति में हिस्सेदारी के लिए जातिगत जनगणना होना बेहद जरूरी है। ओपी राजभर ने कहा कि सुभासपा गरीब, शोषित और वंचित को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ती रहेगी। देश में समान शिक्षा का अधिकार और सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ उनकी पार्टी लड़ाई लड़ती रहेगी।

## सपा-रालोद मिलकर लड़ेंगे रामपुर -मैनपुरी उपचुनाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की तीन सीटों पर होने वाले उपचुनाव में सपा व राष्ट्रीय लोकदल मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सपा ने इसकी घोषणा कर दी है। मैनपुरी लोकसभा और रामपुर विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे और खतौली सीट पर रालोद का प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा।इन सभी सीटों पर पांच दिसंबर को मतदान जबकि आठ दिसंबर को चुनाव परिणाम की घोषणा होगी।

## श्रावस्ती में भूकंप के झटकों से दरकी घर की फर्श

**श्रावस्ती।** नेपाल में आए भूकंप से तराई वाले श्रावस्ती में घर की फर्श दरक गई। यह झटका पहली बार मंगलवार रात 8.52 बजे व दूसरी बार रात 1.58 बजे महसूस किया गया। एक ही दिन में दो बार आए भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में ला दिया। रात को झटका महसूस करते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। नेपाल के कालूखेती में भूकंप का असर तराई वाले जिले श्रावस्ती में ज्यादा महसूस किया गया।

पहला झटका करीब 8.52 बजे आया, लेकिन इसकी तीव्रता कम थी। कुछ देर के झटकों के साथ ही लोगों ने राहत महसूस की। वहीं दूसरा झटका रात करीब 1.58 बजे आया। उस समय लोग गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक घर की खिड़की, दरवाजे व गेट आवाज करने लगे। कुछ घरों में फर्श से अजीब तरह की आवाजें आने लगी। इस आवाज व कंपन के कारण लगभग सभी लोग अपने घरों को छोड़ कर बाहर निकल आए। सभी दहशत में थे। इसी कारण काफी देर तक घरों के बाहर ही लोग घूमते रहे।

## राज्यसभा सांसद संजय राउत को मिली जमानत

**मुंबई।** शिवसेना नेता व राज्यसभा सांसद संजय राउत को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को राउत की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए मुंबई की पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। राउत पात्रा चॉल भूमि घोटाले के आरोप में लंबे समय से जेल में बंद हैं। रिहाई के आदेश मिलने के बाद राउत देर शाम जेल से बाहर आ गए। संजय राउत को जमानत मिलते ही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने जमानत आदेश के अमल पर कुछ समय के लिए रोक लगाने की मांग की है, जिससे ईडी मुंबई की पीएमएलए अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील कर सके। इस मामले में पीएमएलए कोर्ट आज दोपहर तीन बजे अपना आदेश सुनाया और फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इसके बाद ईडी ने पात्रा चावल घोटाला मामले में संजय राउत को मिली जमानत को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। एएसजी के हाई कोर्ट बेंच के समक्ष मामले का उल्लेख करने की संभावना है। एएसजी ने संजय राउत की जमानत का विरोध करने वाली उनकी अर्जी का जिक्र किया और उन्हें दी गई जमानत पर रोक लगाने की मांग की।



# केरल में राज्यपाल व सरकार के बीच जंग तेज

**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और पिनराई विजयन सरकार के बीच चल रही जंग और भी तीखी होती जा रही है। अब राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के चांसलर पद से हटाने के लिए केरल सरकार अध्यादेश लाने की तैयारी में है। हालांकि, इस अध्यादेश से पहले राज्य सरकार विशेषज्ञों से सलाह लेगी। जानकारी के मुताबिक, राज्य कैबिनेट विश्ववद्यालयों के चांसलर पद से राज्यपाल को हटाने के बाद उनकी जगह किसी विशेषज्ञ को नियुक्त करने पर विचार कर रही है। बता दें, इससे पहले ऐसा ही मामला पश्चिम बंगाल में सामने आया था, जब तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ के खिलाफ ममता सरकार ऐसा ही अध्यादेश लाने वाली थी। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी मामले में बयान दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में कुलपति योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि पार्टी की सिफारिश पर नियुक्त होते हैं, इसलिए एलडीएफ उन्हें नियंत्रित करती है। वे हर समय विश्वविद्यालयों के मामले में दखल दे रहे थे, जिससे मैं नाराज था। हस्तक्षेप विश्वविद्यालयों के विकास से संबंधित नहीं था। यह ज्यादातर विभिन्न पदों पर बैठे माकपा नेताओं के रिश्तेदारों के बारे में था। उनकी सारी दिलचस्पी नियुक्तियों में थी। पिनराई विजयन सरकार का यह कदम राज्यपाल द्वारा नौ विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से इस्तीफा मांगने के बाद सामने आया है।

### आमने-सामने

**चांसलर के पद से हटाने के लिए अध्यादेश लाएगी सरकार**

**कुलपतियों का इस्तीफा मांगने के बाद बढ़ा विवाद, सरकार ने किया हाईकोर्ट का रुख**



# बाबरी विध्वंस मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला

### राहत

**आडवाणी-जोशी व उमा को बरी करने के खिलाफ याचिका खारिज**

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बुधवार को बड़ा निर्णय देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व उमा भारती सहित बाबरी विध्वंस मामले में आरोपी 32 नेताओं को बरी करने के खिलाफ दायर की गई याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और सरोज यादव की अध्यक्षता वाली पीठ ने अयोध्या के रहने वाले हाजी महमूद अहमद और सैयद अखलाक अहमद की याचिका खारिज कर दी। याचिका में बाबरी विध्वंस के आरोपी भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती, विनय कटियार, बृज मोहन शरण सिंह, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह और साध्वी ऋतंबरा सहित 32 नेताओं को अदालत द्वारा बरी किए जाने के निर्णय को चुनौती दी गई थी। राज्य सरकार व सीबीआई ने कहा कि दोनों अपीलकर्ता मामले के न तो पीड़ित हैं और न ही प्रारंभिक शिकायतकर्ता हैं। ऐसे में उनकी याचिका को मान्यता नहीं दी जा सकती है। याचिका पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को बाबरी के ढ़ांचे को ध्वस्त कर दिया गया था। इस संबंध में 30 सितंबर 2020 को आए निर्णय में लखनऊ की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने न्यूज पेपर की कटिंग और वीडियो क्लिपिंक को सुबूत मानने से इनकार कर दिया था।



# नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ

## ब्रिटेन की कोर्ट ने खारिज की भगोड़े की याचिका, 7000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में भगोड़े हीरा कारोबारी ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए अपील की थी। उसकी तमाम दलीलों के बाद भी ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अदालत ने उसकी याचिका खारिज करते हुए कहा कि नीरव का प्रत्यर्पण किसी भी नजरिए से अन्यायपूर्ण या दमनकारी नहीं होगा। । गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में वेस्टमिंस्टर जज ने उसे भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश सुनाया था। हालांकि बाद में उसे इस फैसले के खिलाफ अपील करने की मंजूरी दी गई थी।

भारत लंबे समय से नीरव मोदी को भारत लाने की कोशिशों में लगा है। लेकिन ब्रिटेन की जेल में बंद नीरव मोदी अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए अलग-अलग दलीलें दे रहा है। ब्रिटेन में उसके वकीलों ने दलील दी थी भगोड़ा आर्थिक अपराधी डिप्रेशन का शिकार है। वह भारत की जेलों में आत्महत्या कर सकता है। ये तर्क देकर उन्होंने नीरव मोदी को भारत भेजने का विरोध किया था। हालांकि ब्रिटेन की अदालन ने पूरी सुनवाई के बाद उसकी याचिका खारिज कर दी। इससे पहले मामले में सुनवाई के दौरान भी जस्टिस रॉबर्ट जे ने इस बात पर जोर दिया था कि भारत के ब्रिटेन के साथ अच्छे संबंध हैं। ऐसे में ब्रिटेन को 1992 की भारत-ब्रिटेन प्रत्यर्पण संधि का सम्मान करना जरूरी है। इससे पहले विशेष पीएमएलए कोर्ट द्वारा दिसंबर 2019 में भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के अनुसार नीरव मोदी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया था। जिसके बाद वह लंदन भाग गया था। तीन साल पहले नीरव मोदी को ब्रिटेन की स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने 13 मार्च 2019 को लंदन से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह साउथ वेस्ट लंदन की वैंड्सवर्थ जेल में कैद है। बता दें कि नीरव मोदी ने पीएनबी से करीब 7000 करोड़ रुपये का घोटाला किया था। जिसके बाद वह विदेश भाग गया था। फिलहाल वह लंदन की एक जेल में है। भारत सरकार उसे वापस लाने की हर संभव कोशिश कर रही है। नीरव मोदी ने 2017 में अपनी कंपनी फायरस्टार डायमंड के जरिए प्रतिष्ठित रिदम हाउस बिल्डिंग खरीदी थी। उसका प्लान इसे हेरिटेज प्रॉपर्टी में बदलने का था। माना जाता है कि उसने ज्यादातर संपत्तियां पीएनबी घोटाले से हासिल रकम से खरीदी थी।

### कसा शिकंजा

**विशेष पीएमएलए कोर्ट ने घोषित किया था आर्थिक अपराधी**

**ज्यादातर संपत्तियां पीएनबी घोटाले से हासिल रकम से खरीदी**





## संक्षेप

### युवती को लेकर भागा युवक, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्र पटटी निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी पचीस वर्षीय पुत्री को गांव में रिश्तेदार के यहां आते जाते एक युवक और उनके सहयोगी भगा ले गए। युवती की माता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर नैनीस पुत्र मेवालाल निवासी देल्हूपुर मान्धाता और बिटान तथा महेंद्र कुमार निवासी पचरास मान्धाता प्रतापगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में उप निरीक्षक सोहराब अहमद व पुलिस टीम द्वारा बुधवार 9 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र थरवई के 40 नंबर गोमती के पास से अभियुक्त अखिलेश कुमार मिश्रा उर्फ डॉक्टर मिश्रा पुत्र विजय कुमार मिश्रा उम्र 32 वर्ष निवासी चकियाघाट थाना थरवई जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार करते हुए कब्जे से ग्यारह ग्राम स्मैक बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में मु अ सं 321 / 2022 धारा 8 / 22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सोहराब अहमद उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार व कांस्टेबल हरिओम यादव अमित कुमार थाना थरवई जनपद प्रयागराज द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# बीफ न बनाने की डांट पर फांसी पर झूल गया कुकमैन, मौत

**दु:खद**

**तराव गांव स्थित सेंट मैरिज स्कूल में मंगलवार रात हुई घटना**

जनसंदेश न्यूज



रोते बिलखते मृतक के परिजन



मृतक की फाइल फोटो

**कोरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तराव गांव में स्तिथ सेंट मैरिज स्कूल के कुकमैन ने अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। मामले की जानकारी तब हुई जब वह बुधवार को सुबह देर तक नही उठा स्कूल की सिस्टर निलानी ने आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नही आने पर स्कूल के शिक्षको ने खिड़की तोड़कर देखा तो उसका शव कमरे में लटक रहा था। स्कूल के स्टाफ ने मामले की जानकारी कोरांव पुलिस को दी ।पुलिस ने मौके पर पहुच कर शव को उतरवाकर पंचायत नामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक जादीपुर गांव निवासी सोहित लाल उम्र 18 वर्ष पुत्र मुनीम अक्टूबर महीने में ही स्कूल में शिक्षिकाओ का भोजन बनाने के लिए आया था। मृतक के भाई मोहित के मुताबिक उसके भाई सोहित ने मंगलवार को रात फोन पर बताया था कि स्कूल की कुछ शिक्षिकाओं द्वारा बीफ न बनाने को लेकर अक्सर डांटा जाता था उसको पहले भी बीफ न बनाने पर डांट पड़ चुकी थी। उसके बाद बुधवार सुबह पता चला कि सोहित फांसी के फंदे पर झूल गया है। मृतक तीन भाइयों में छोटा था। घटना के बाद थाने पहुची मृतक की माँ एवम अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। मामले में प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि युवक के फाँसी के फंदे पर झूल जाने की सूचना स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर नवीना की तरफ से दी गयी है। पुलिस के मुताबिक मामले में परिजनों द्वारा किसी के खिलाफ कोई तहरीर नही दी गयी है।

**क्या कहती हैं प्रधानाचार्या**

युवक द्वारा फाँसी पर झूल कर आत्महत्या किये जाने के मामले में स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर नवीना का कहना है कि कुकमैन को कभी भी बीफ बनाने के लिए दबाव नही दिया गया जबकि मृतक के साथ खाना बनाने वाली सिस्टर लवीना और स्कूल के फादर बाबू का फोन बंद मिला।

## बीएलओ पर लगाया मतदाता सूची कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप

**फाफामऊ।** वार्ड नंबर 56 प्रसिद्ध का पूरा रंगपुरा फाफामऊ क्षेत्र के मतदाताओं जिनका नाम अभी तक वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ा है समाजसेवी अजीत यादव उर्फ प्रियांशु यादव द्वारा बीएलओ से संपर्क किया गया परंतु क्षेत्र के संबंधित बीएलओ द्वारा कई प्रकार के बहाने बनाकर समाजसेवी को टाल दिया गया जिससे क्षेत्र के कई नागरिकों का वोटर लिस्ट में नाम नहीं मिल पा रहा है समाजसेवी अजीत यादव पूर्व प्रियांशु यादव का आरोप है कि बीएलओ ने अलग-अलग बहाने बनाकर फार्म देने से इंकार कर दिया गया आरोप है कि बीएलओ द्वारा कहा जाता है कि यह क्षेत्र मेरे कार्यक्षेत्र में नहीं आता समाजसेवी अजीत यादव ने संबंधित बीएलओ की शिकायत जिलाधिकारी प्रयागराज को शिकायती पत्र लिखकर संबंधित बीएलओ के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है जिससे मतदाता सूची से बाहर मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शामिल हो सके और वे सभी पार्षद चुनाव की प्रक्रिया में शामिल हो सके।

## मंदिर के बगल से शराब की दुकान को हटवाने के लिए जिलाधिकारी से की गई शिकायत

जनसंदेश न्यूज

**शंकरगढ़।** मंदिर के बगल खुली शराब की दुकानों को हटाने के लिए नगर पंचायत शंकरगढ़ के चेयरमैन, सभासद व व्यापारियों की तरफ से जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत शंकरगढ़ के पटहट रोड में सरकारी देशी शराब, अंग्रेजी शराब व बीयर की जहां पर दुकान है वहीं एक तरफ मंदिर है और दूसरी तरफ एक अस्पताल है। उक्त दुकानों के साथ साथ आस पास शराबियों का काफी उठना बैठना रहता है। जिसके कारण घर से महिलाओं, बेटियों का बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। इसके अलावा शराबियों की हरकतों से आसपास की दुकानों पर शराबियों के द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता की जाती है। शराबियों की हरकतों की वजह से महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलना चाह रही हैं। व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है। आसपास के दुकानदार अपना कारोबार नहीं कर पा रहे है। यह लोग ग्राहकों से भी बदसलूकी करते रहते हैं। पूर्व में भी उक्त प्रकरण को लेकर कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष लल्लू कनौजिया, सभासद प्रकाश चंद्र गुप्ता, ज्योति केसरवानी व सुजीत केसरवानी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेज कर तीनो दुकानों को वहां से हटवाने की मांग किया है। साथ ही शंकरगढ़ उद्योग व्यापार कल्याण समिति के तत्वावधान में नगर पंचायत शंकरगढ़ की उक्त गंभीर होती जा रही समस्या को लेकर व्यापार मंडल के सतीश कुमार केसरवानी, शंकरगढ़ व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, महामंत्री रतन केसरवानी, जय केसरवानी, सराफा व्यापारी जगदीश सोनी, दीपक केसरवानी, दिनेश कुमार सिंह, आशा सिंह, सुशील, संतोष कुमार, महेश आदि ने जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री से मुलाकात की और अपना पीड़ा बताई। जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## जंघई में सड़क पटरी पर रखा अतिक्रमण हटाया गया



**जंघई।** जंघई अष्टभुजा गेट के पास सड़क की पटरी पर रखी गई अवैध गुमटी को तहसीलदार हंडिया ने राजस्व निरीक्षक व भारी संख्या में पुलिस बल भेज कर हटवा दिया। एसडीएम हंडिया ने जनहित में मिली शिकायत पर गुमटी को हटवाने का आदेश दिया था जंघई स्टेशन से बाजार स्थित मुख्यमार्ग पर जंघई असवां त्रिमुहानी पर रखी गई यह गुमटी आवागमन में अवरोध उत्पन्न कर रही थी जिसको दो कानूनगो एवं थानाध्यक्ष सरायममरेज, चौकी इंचार्ज जंघई ने भारी पुलिस बल को साथ लेकर बुधवार दोपहर में हटवा दिया।

## गणतंत्र दिवस परेड हेतु शुआट्स के छात्रों का चयन

**नैनी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली पूर्व गणतंत्र दिवस परेड हेतु शुआट्स के दो छात्रों का चयन हुआ। एनएसएस समन्वयक डा. दीपक कुमार बोस ने बताया कि शुआट्स के छात्र आशीष यादव एवं छात्रा शाम्भवी राज का चयन 12 नवंबर से 21 नवंबर तक गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर में आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में हुआ है। उप समन्वयक सत्यम कुमार केसरी ने बताया कि एनएसएस वालिंटियर्स पूर्व में भी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर शुआट्स का गौरव बढ़ा चुके हैं। एनएसएस वालिंटियर्स सामाजिक कार्यक्रमों विशेषकर स्वच्छता अभियान, रक्तदान, जागरूकता रैली आदि में भी अपनी सक्रिय प्रतिभागिता दे रहे हैं।

## सीएचसी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन



**उरुवा।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में प्रभारी अधीक्षक डॉ. दुष्यंत सिंह एवं डॉ. अजीत सिंह के दिशा निर्देशन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए ) दिवस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर आशीष द्विवेदी के द्वारा किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं की बीपी जांच स्टाफ नर्स विद्या विश्वकर्मा द्वारा किया गया। डॉ. जया चतुवेर्दी द्वारा गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई एवं वजन की जांच की गई। फार्मासिस्ट जय सिंह एवं देव प्रजापति द्वारा गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की दवाएं उपलब्ध कराई गई। लैब टेक्नीशियन नीरज द्विवेदी एवं विनोद सिंह पटेल द्वारा लाभार्थियों का खून जांच किया गया। कार्यक्रम में एसटीएस अंकित पांडेय, काउंसलर मनोज कुमार एवं पद्मा चौधरी द्वारा सभी पात्र लाभार्थियों की काउंसलिंग किया गया। कार्यक्रम में मनीष कुमार एवं काउंसलर रेखा सिन्हा द्वारा लाभार्थियों को उचित सेवाएं प्रदान की गई '

## बुखार से पीड़ित बीड़ी व्यवसाई की मौत

**सहसों।** सहसों निवासी बीड़ी व्यवसाई मोहम्मद कलीम अंसारी लगभग 56 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय हाजी दीन मोहम्मद 5 दिनों से बुखार पीड़ित होने पर प्रयागराज के निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। मंगलवार को तबीयत ठीक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। उनके परिजन उन्हें लेकर सहसों अपने घर ले आए। मंगलवार की रात में अचानक पुनः तबीयत खराब होने पर परिजनों ने फौरन इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मोहम्मद कलीम अंसारी सहसों में बीड़ी व्यवसाय का उद्यम चलाते हैं। उनके निधन से उनके परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है। बीड़ी व्यवसाई के निधन पर सहसों के व्यापारियों सहित अन्य लोगों में शोक व्याप्त है। व्यवसाई मृतक कलीम अंसारी के निधन से उनके भाई कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं फूलपुर विधानसभा से रहे पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद हलीम अंसारी के आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों राजनैतिक व्यक्तियों सहित गांव के संभ्रांत एवं अन्य जनों का तांता लगा हुआ है। मोहम्मद हलीम अंसारी ने बताया कि बुधवार को सायंकाल कदीमी कब्रिस्तान ललचहां के कर्बला में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।

## प्रेमी प्रेमिका मंदिर में रचाई शादी, परिजन रहे मौजूद



**उतरांव।** कुछ प्रेम कहानियां ऐसी होती है जिसे सुनकर यही लगता है कि सच्चे प्यार में बंदिशें और सरहदें मंजूर नहीं होती। शायद इसलिए ही कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है। इंसान प्यार में न रूप-रंग देखता है, न जाति धर्म देखता और न? ही उम्र और कद देखता है ।ऐसा ही एक मामला प्रयागराज जिले में देखने को मिला है। उतरांव में सामाजिक बंधनों को दरकिनार कर प्रेमी-प्रेमिका ने भगवान को साक्षी मानकर सैदाबाद स्थित निमहरा मंदिर में एक दूसरे को जयमाला पहना कर जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लेकर अपनी जिंदगी की नई पारी की शुरूआत कर दी। इस दौरान उनके परिजन भी मौजूद रहे ।उतरांव क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव के एक युवक का बलदिया गांव की एक युवती से पिछले कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने शादी करने की मन में ठान ली, लेकिन लड़की पक्ष के इस रिश्ते से खुश नहीं थे। वे दूसरे जगह शादी कराना चाहते थे ।जिसके लिए वह युवती तैयार नहीं थी ।ऐसे में उन दोनों ने सैदाबाद स्थित निमहरा मंदिर पहुंचे और वहां दोनों ने भगवान को साक्षी मानते हुए एक दूसरे के गले में जयमाल डाल दी और फिर जीवन भर एक दूसरे के साथ रहने का संकल्प लिया। इस दौरान उनके परिजन भी मंदिर में मौजूद रहे और उन लोगों ने दोनों को आशीर्वाद भी दिया। प्रेमी प्रेमिका की यह शादी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## कायाकल्प अवार्ड के लिए सीएचसी रामनगर का पियर असेस्मेंट



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में चिकित्सकों से जानकारी लेते अधिकारी

**मेजा।** बुधवार को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित कायाकल्प अवार्ड के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का पियर असेसमेंट किया गया। पियर असेसमेंट कानपुर के जिला सलाहकार क्वालिटी एस्योरेंस डा आरिफ बेग एवं जिला सलाहकार डॉक्टर हसनैन कौशांबी के द्वारा किया गया। डा आरिफ बेग ने बताया की असेसमेंट में हॉस्पिटल की स्थिति संतोषजनक पाई गई परंतु हॉस्पिटल में सुधार की बहुत संभावना है। चिकित्सालय के अधीक्षक डा. दुष्यंत सिंह पटेल ने बताया की चिकित्सालय में स्टाफ की बहुत कमी है सिर्फ एक स्टाफ नर्स दो पुरुष चिकित्साधिकारी की तैनाती है जिससे चिकित्सालय के सुचारू रूप से संचालन में परेशानी होती है। एक्सटर्नल असेसमेंट के दौरांन ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक आशीष द्विवेदी, ब्लॉक आरकेयसके कोआर्डिनीटर मनोज सविता, स्टाफ नर्स कालिंदी पाल, नर्स मेंटर विद्या विश्वकर्मा, फार्मासिस्ट जय सिंह, देव, एलटी नीरज द्विवेदी, विनोद सिंह, एसटीसीएस अंकित पांडेय एवं नेत्र परीक्षण अधिकारी एक्सरे टेक्नीशियन डीईओ सहित समस्त स्टाफ निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित रहा।

## कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है जिले की : नेहा सिंह

**करछना।** आम आदमी पार्टी की जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने एक बैठक में बताया कि प्रयागराज की कानून व्यवस्था बिल्कुल बिगड़ गई है। अपराधियों को पुलिस से डर खत्म हो गया है। विगत हप्तों में जिले में ताबड़तोड़ हत्यायें हुई चाहे कोराव के रेस्टोरेंट में हत्या हुई हो ,पचदेवरा के मदार्पुर में बक्सर निवासी को पचदेवरा के फिरोज ने दिनदहाड़े सर काटकर जघन्य हत्या की ।शंकरगढ़ में अपनी पत्नी की हत्या प्रेम प्रसंग के कारण कर दी। प्रयागराज के बैरहना में मधवापुर में हत्या हुई ।उतराव थाना के पौडन गांव में हत्या हुई। आम आदमी पार्टी इन हत्याओं की निंदा एवं भर्तसना करती है । अगर लगातार हत्याओं को पुलिस प्रशासन रोकने में असफल है और आपराधिक घटनाएं रोकने में नाकाम है तो आम आदमी पार्टी जिला कचहरी और जिले के सभी तहसीलों में कानून व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिये धरना प्रदर्शन को बाध्य होगी। जिले में आपराधिक घटनाएं व हत्यायें रुक नहीं रही है और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। आम आदमी पार्टी सभी तहसील मुख्यालयों में कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन करेगी।

## बार एसोसिएशन मेजा के चुनाव का हुआ नामांकन

जनसंदेश न्यूज



नामांकन पत्र दाखिल करते अधिवक्ता

**मेजा।** बार एसोसिएशन मेजा के चुनाव को लेकर के बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर देवानंद सिंह, रामेश्वर प्रसाद मिश्र, महेंद्र कुमार द्विवेदी, श्रीकांत तिवारी और उपाध्यक्ष के लिए श्याम कृष्ण राय,प्रदीप कुमार पांडे और मंत्री के लिए अतुल वैभव द्विवेदी, आलोक कुमार श्रीवास्तव, कामेश्वर प्रसाद पटेल, चंद्रमणि शुक्ला, उमाशंकर पाठक, प्रभाकर श्रीवास्तव ने नामांकन किया इसी प्रकार उपमंत्री के लिए सुशील कुमार मिश्र, पुस्तकालयाध्यक्ष के लिए सुरेश कुमार सिंह व वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों का चयन निर्विरोध रहा सभी अपना नामांकन चुनाव अधिकारी राजेश्वर प्रसाद दुबे को सौंपा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन के सदस्य देवेंद्र मिश्र नगहरा, मेजा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत मिश्र, अब्दुल हक अंसारी, भुवनेश्वर त्रिपाठी, राजेश द्विवेदी, कमल नारायण पांडे, कमलेश तिवारी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## उरुवा क्षेत्र में मिले पांच डेंगू पॉजिटिव मरीज

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के अनेक गांव में लगातार डेंगू के पॉजिटिव मरीजों का मिलना जारी है। अनेक मौतें भी हुईं,फिर भी प्रशासन की तरफ से कोई प्रभावी कार्रवाई नही की जा रही,जिससे ग्रामीणों के मन में दहशत बनती जा रही है। बुधवार को उरुवा ब्लॉक के रामनगर गांव के शिववंश राय का पूरा में 60 वर्षीय हीरालाल तथा 45 वर्षीय मदनलाल,13 वर्षीय अश्वनी कुमार निवासी निबैया तथा 26 वर्षीय दीपू निवासी सोरांव और 43 वर्षीय रामकैलाश निवासी ओनौर पॉजिटिव मिले। इन सभी मरीजों की जांच विवेक पैथोलॉजी,मां शारदा पैथोलॉजी तथा प्रयाग पैथालॉजी और सीएचसी रामनगर की लैब में किया गया। उपरोक्त सभी मरीजों को सीएचसी रामनगर के डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद कुछ को घर तथा कुछ की प्लेटलेट औसत से अधिक कम होने के कारण शहर रेफर कर दिया गया।

## कुत्ता बचाने के चक्कर में दीवाल में भिड़ा बाइक सवार, मौत

**सहसों।** सड़क हादसे में बाइक सवार वृद्ध की कुत्ता बचाने के चक्कर में बाइक समेत दीवाल से जा भिड़े जिसमें गम्भीर रूप से घायल होने पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। झूंसी थाना अंतर्गत मदारपुर गांव के सामने कोतारी गांव निवासी कर्मकांडी ब्राह्मण शोभा नाथ तिवारी 78 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय पुदई राम प्रतिदिन सुबह झूंसी स्थित परमानंद आश्रम में पूजा पाठ करने के लिए घर से स्कूटी बाइक से जाया करते थे। जोकि मंगलवार को पूजा पाठ के पश्चात झूंसी से घर वापस लौटते समय मदारपुर गांव के सामने सुबह लगभग नौ बजे कुत्ते को बचाने में उनकी स्कूटी बाइक अनियंत्रित होकर दीवाल में जाकर भिड़ गई । जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों द्वारा सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान मंगलवार की मध्यरात्रि लगभग एक बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत से पुत्र रविशंकर, हरिशंकर एवं परिवारीजन सहित क्षेत्र के लोगों में शोक व्याप्त है।

## बिना सीटों के परिसीमन आए ही शुरू हो गयी चुनावी सरगर्मी

**मतदाताओं के पास पहुचने लगे चैयरमैन पद के संभावित उम्मीदवार**

**कोरांव।** नगर निकाय एवं नगर पंचायतों के चुनाव को लेकर भले ही अभी तक सीटों का परिसीमन नहीं किया गया है लेकिन नगर पंचायत में चेयरमैन पद के संभावित उम्मीदवार मतदाताओं की नब्ज टटोलने में लग गए हैं ।सरकारी तौर पर नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। मतदाताओं का नाम जुड़वाने एवं कटवाने का काम तेजी के साथ दिख रहा है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आगामी 18 नवंबर को होना है । नगर पंचायत कोरांव में लगभग आधा दर्जन संभावित उम्मीदवार मतदाताओं के पास पहुंचकर अभी से संपर्क साधने में जुट गए हैं पिछले चुनाव में नगर पंचायत कोरांव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर नरसिंह केसरी चेयरमैन बने थे । चर्चा है कि इस बार लगभग आधा दर्जन प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी के टिकट को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में लगे हुए हैं ।इसी तरह से समाजवादी पार्टी के टिकट को लेकर भी कुछ प्रत्याशी अपनी गुणा गणित फिट कर रहे हैं। नगर पंचायत चुनाव में कौन सी सीट आरक्षण के तहत घोषित होगी इस बात को लेकर भी लोगों द्वारा तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं । सभी संभावित प्रत्याशियों की निगाहें सीट के आरक्षण पर टिकी हुई है। फिलहाल इस बार नगर पंचायत के चुनाव में कुछ युवा उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में कूदने की रणनीति बनाते दिख रहे हैं। नगर पंचायत में चेयरमैन पद की सीट को लेकर अभी तक अनारक्षित एवं पिछड़ा वर्ग होने की चर्चा लोगों द्वारा की जा रही है।

## अपनी लोक परम्परा और शहीदों की सोच को सहेज रहा महोत्सव : विनोदानंद

जनसंदेश न्यूज




रामकथा कहते कथा वाचक स्वामी विनोदानन्द जी महाराज

**करछना।** जमुनापार महोत्सव अपने अतीत की थाती अपनी लोक परंपरा और अमर शहीदों की सोच को सहेज रहा है। महापुरुषों का समर्पण और उनकी स्मृतियां जीवंत करने वाले आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित इस बार का 24 वां जमुनापार महोत्सव हमें अपनी भारत माता के प्रति जान गवाने वाले अमर शहीद और सेनानियों से प्रेरणा लेने का पथ प्रशस्त करेगा। दिव्य और भव्य आयोजन की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। यह बातें प्रयाग पीठ से पधारे प्रसिद्ध राम कथा वाचक स्वामी विनोदानन्द जी महाराज ने रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में 24 वें जमुनापार महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर कही। इसके पूर्व जमुनापार के अमरशहीद गिरीश शुक्ल की धर्मपत्नी कविता देवी ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। मंच पर विराजमान पूज्य संतों और लोक कलाकारों का स्वागत करते हुए महोत्सव के संयोजक डॉ भगवत पांडेय ने कहा कि महोत्सव एक ही प्रीति रीति और नीति का प्रतिदर्श है विगत कई वर्षों से अपनी माटी परिपाटी और राष्ट्र के अमर सपूतों की सोच को सहेज रहा महोत्सव अपने शहीद सेनानियों के प्रति कृतज्ञ है जागृति मिशन की यह परंपराअनवरत बनी रहेगी। वेद पाठी बटुकों द्वारा शंखध्वनि और वेद मंत्रोच्चार के साथ महोत्सव का आगाज हुआ।इसके पूर्व विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सरस्वती वंदना नृत्य के बाद चर्चित सूफी भजन गायक मिश्र बंधु जुड़वा द्वारा प्रस्तुत गीत रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने वही ये सृष्टि चला रहे हैं और यह देश है वीर जवानों का अलबेलों का मस्तानों का सुनकर श्रोताओं ने भारत माता के जयकारे से पण्डाल को गुंजायमान कर दिया। मोहिनी श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत गीत केवट ने कहा राम जी से उतराई ना लूंगा हे भगवन,भी खूब सराहा गया। बनारसी और दल के लोक कलाकारों ने उद्घाटन समारोह में सपेरा नृत्य प्रस्तुत करते हुए चार चांद लगा दिए। भव्य उद्घाटन समारोह का संचालन वरिष्ठ गीतकार राजेंद्र शुक्ला ने किया। इस मौके पर संत प्रसाद पांडेय, दिनेश तिवारी, केसी मिश्रा, रिंकू सिंह, वेद श्रीवास्तव, मोहन जी पांडेय, शोभनाथ द्विवेदी अमित पांडेय, श्यामलाल बेगाना, रामलोचन सांवरिया, मानिकचंद, रामबाबू यादव, डॉ.दिनेश सोनी सबरेज अहमद, कमला शंकर त्रिपाठी, जितेंद्र जलज, संतोष शुक्ला समर्थ, अशोक विश्वकर्मा, तीरथराज पांडेय, अतुल तिवारी, आनंद तिवारी विशाल चौबे आदि रहे।

## मोक्षदायिनी है श्रीमद् भागवत कथा : श्री कृष्ण मुकुंद जी महाराज

**भमद्भागवत कथा**

**भगवान कृष्ण एवं माता रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनकर कृष्ण भक्त पुरुषों, माताओं एवं बच्चों ने झूमकर किया नृत्य**

जनसंदेश न्यूज



भगवान कृष्ण एवं माता रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाते महाराज



भगवान कृष्ण एवं माता रुक्मणी के विवाह का दृश्य देखने को उमड़ी भीड़

**नैनी।** पीडीए कॉलोनी स्थित अवंतिका रामलीला पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास श्री कृष्ण मुकुंद जी महाराज कहते हैं कि उद्धव गोपियों को ज्ञान सिखाने गए थे किंतु स्वयं प्रेम का पाठ पढ़ कर लौट आये। कृष्ण के पास लौटते समय उन्हें अपने शरीर का भी होश नहीं था` उनके एक हाथ में मां यशोदा के द्वारा दिया गया मक्खन तथा दूसरे हाथ में राधा रानी द्वारा दी गई बंसी विराज रही थी। गोपियों और उद्धव का संवाद सुनकर श्रोताओं की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। भगवान कृष्ण एवं माता रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनकर कृष्ण भक्त पुरुषों, माताओं एवं बच्चों ने झूमकर नृत्य किया।

कथा का उपसंहार करते हुए महाराज श्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मोक्षदायिनी है। श्री शुकदेव स्वामी ने राजा परीक्षित को यह कथा सुनाई। कथा के सातवें दिन ऋषि श्राप के अनुसार तक्षक नाग ने राजा परीक्षित को डसा किंतु श्रीमद् भागवत कथा सुनकर राजा परीक्षित मृत्यु भय से मुक्त हो चुके थे अतः उन्होंने सहर्ष मृत्यु का वरण किया एवं मोक्ष को प्राप्त हुए।

कथा आयोजन समिति ने प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के प्रतिष्ठित पत्रकारों सर्वश्री नरेंद्र श्रीवास्तव, राजीव वर्मा, शिव मूरत केसरवानी, हजारीलाल कुशवाहा, गौरव केशरवानी, सुनील केसरवानी, सुनील गिरी, अखिलेश शुक्ला, श्याम वर्मा एवं कथा के मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला का उनके अमूल्य सहयोग के लिए माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मान किया। अंकित श्रीवास्तव एवं अनुभव श्रीवास्तव ने भगवान राधा कृष्ण की आरती की।

कथा में प्रमुख रूप से मुख्य यजमान प्रमोद श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, भव्या श्रीवास्तव, आर के शुक्ला, अंकित श्रीवास्तव, अनुभव श्रीवास्तव, अनुज मिश्रा (व्यवस्थापक, श्री हरि दिव्य साधना पीठ, प्रतापगढ़ ),आदि उपस्थित रहे।

## संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अराजक तत्वों ने तोड़ी, तनाव

**करछना।** थाना क्षेत्र के डीहा चुप्पेपुर गांव में अराजक तत्वों तोड़ी गई संविधान के रचयिता की प्रतिमा ग्रामिणो में आक्रोश जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष बड़े ही हर्सोल्लास के साथ चुप्पेपुर गांव में प्रभात फेरी निकाली गई थी और डां भीम राव अंबेडकर की मूर्ती पुरे गांव में टहलाई गई थी जिसमें सभी लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था जिसके बाद मंदिर में प्रतिमा स्थापित की गई थी जिसको बीती रात अराजक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया और मंदिर से सौ मीटर की दुरी पर धान की फसल में फेंक दी गई थी सुबह ग्रामीणो ने देखा तो सूचना जिलापंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव को दी गई जिसके बाद सुचना पुलिस और एस डी एम करछना गनेश कनौजिया को दी गई मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है जिससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, सूचना पाकर थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुच कर जांच पड़ताल करने में जुटे और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए नई मूर्ती लगवाने और संविधान के रचयिता की टूटी प्रतिमा को सम्मान के साथ गंगा नदी में विसर्जित करने के लिए लोगों को समझाया गया जिसपर लोग सहमति जताई वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग के जेई द्वारा मंदिर की लाईट काटने से नाराजगी जाहिर की है ग्रामीणों का कहना है कि यदि मंदिर की बिजली काटी नहीं गई होती तो इस तरह का दुस्साहस नहीं करते फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है और नई मूर्ती मंगाने की बात कही जा रही है।

## सूचना


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 1997 अनुक्रमांक 1288909 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**विनीत कुमार सिंह पुत्र धर्म देव सिंह, निवासी ग्राम-कोहला, थाना-मान्धाता, प्रतापगढ़।**



वरिष्ठपुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए

# प्रयागराज भव



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 35.00 |
| न्यूनतम : | 25.00 |
| सूर्योदय : | 05.31 |
| सूर्यास्त : | 06.45 |

## संक्षेप

### झूंसी में फागिंग कर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**झूंसी।** डेंगू से बचाव के लिए नगर निगम की गाडी आज झूंसी में फागिंग अभियान कर स्वच्छता के प्रति जोर देते हुए लोगों से अपील कर रहि है अपने घर के कुड़ा करकट को सड़क पर न फेके नगर निगम की गाड़ी आने पर उसमे डाले जिससे मच्छर न पनपने पाये जहाँ तक नगर निगम के सफाई कर्मचारी नहीं पहुंच पा रहे हैं आप अपने वार्डो के जोनल अधिकारी को सूचित करे जिससे वहां फागिग चूना छिड़काव सफाई हो सके आप अपने लगी मोहल्ले को साफ स्वच्छ बनायें रखने के लिए लोगों को स्वच्छता बनाये रखने के लिए कहे घर के आसपास पानी इकट्ठा न होने पाये जिससे मच्छर न पैदा हो सके कुछ संस्था भी स्वच्छता बनाये रखने के लिये स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने मे शहर मे घूम घूम कर लोगों को जागरूक करते हुये कह रहे है अपने घर को साफ स्वच्छ बनायें रखें।

# गलत इंजेक्शन लगाने से युवती की मौत शव अस्पताल में रख कर काटा हंगामा

## मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निकट मेडिकल स्टोर के संचालक ने युवती को लगाया इंजेक्शन

जनसंदेश न्यूज

**मऊआइमा।** मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एक डाक्टर ने सादे पर्चे पर बाहर की दवा लिख दिया। डाक्टर की पर्ची लेकर परिजन अस्पताल के बाहर एक मेडिकल स्टोर के संचालक के पास गए। जहां मेडिकल स्टोर संचालक ने इंजेक्शन मांसपेसियों में न लगा कर नश में लगा दिया। जिससे युवती की मौत हो गई। परिजन शव अस्पताल में रख कर हंगामा काटने लगे तो मेडिकल स्टोर संचालक जो कथित डाक्टर बन कर इंजेक्शन लगाया था दुकान बंद कर फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता मझगवां निवासी शोभनाथ की पुत्री रुबी कुमारी (20) का काफी दिनों से मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार चल रहा था। बताया गया कि अस्पताल के बाहर आधा दर्जन मेडिकल स्टोर मौजूद हैं। जहां डाक्टरों की सांठ-गांठ है। शोभनाथ के अनुसार उसके बेटी



युवती की मौत के बाद गमजदा परिजन व जुटी भीड़

का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एक डॉक्टर कर रहे थे। बुधवार को वह अस्पताल में नही थे। आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर सादे कागज पर बाहर की दवा लिखे थे। जिसे लेकर परिजन अस्पताल के बाहर एक मेडिकल स्टोर पर इंजेक्शन लगवाने चले गए। जहां मेडिकल स्टोर के संचालक ने पर्चे के आधार पर इंजेक्शन (पैनीडोर 12 लाख पावर) रुबी कुमारी के कूल्हा पर न लगाकर नश पर लगा दिया। जिससे रूबी कुमारी की मौत हो गई तो नाराज परिजनों ने शव को अस्पताल में रख कर हंगामा काटने लगे तो यह देख स्टोर संचालक स्टोर बंद कर फरार हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेडिकल स्टोर के संचालक ने मिल मिला कर मोटी रकमें मृतक के परिजनों को भेजवा कर मामले को आगे बढने से रोक दिया। परिजन शव लेकर गांव चले गए। आरोप है कि मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभी डाक्टर सादे कागज पर दवाइयां लिखते हैं जो अस्पताल के बाहर खुले मेडिकल स्टोर से मिले हुए हैं। वह प्रायः बाहर की सेटिंग दवा आदि लिखते हैं।

इस घटना की जानकारी हेतु जब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉक्टर राम गोपाल वर्मा से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल बन्द मिला।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित करने के मामले में सचिव रजिस्ट्रेशन तलब

हाईकोर्ट समाचार

जनसंदेश न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित किए जाने के मामले में सचिव रजिस्ट्रेशन, लखनऊ को तलब किया है। कोर्ट ने कहा है कि वह 22 नवंबर को मामले की सुनवाई केदौरान कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहेंगे। कोर्ट ने आदेश का पालन कराने केलिए रजिस्ट्रार को निर्देशित भी किया है। कहा कि वह आदेश का पालन कराने केलिए कोर्ट के आदेश की कॉपी भेजकर सूचित करें। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल विशेष अपील पर सुनवाई करते हुए दिया हैमामले में याची उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि विपक्षी को जिस पद पर नियमित करने के लिए कोर्ट ने आदेश दिया है। वह पद 1998 में ही समाप्त हो गया है। इसलिए उसे नियमित नहीं किया जा सकता है। जबकि, विपक्ष के अधिवक्ता रामप्यारे लाल श्रीवास्तव ने कहा कि विपक्षी 1979 से ही रजिस्ट्रेशन विभाग में वॉटरमैन के पद पर तैनात है। उसने अपने नियमितीकरण के लिए याचिका दाखिल की तो कोर्ट ने उसकी याचिका को स्वीकार करते हुए सन 2013 में ही विपक्षी को नियमित करने का आदेश पारित किया था।

नौ साल बीत जाने के बावजूद आदेश का पालन नहीं किया गया। जबकि, एकल पीठ ने यह आदेश दिया था कि अगर वॉटरमैन का पद समाप्त हो गया है तो चतुर्थ श्रेणी में किसी भी पद पर समायोजित कर लिया जाए। कोर्ट ने विपक्षी के अधिवक्ता के तर्कों को सुनने के बाद मामले में सचिव रजिस्ट्रेशन को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है। पूछा है कि कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 22 नवंबर की तिथि तय की है।

# महाप्रबन्धक ने किया प्रयागराज जं का औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**प्रयागराज।** सतीश कुमार ने महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे का पदभार ग्रहण करने के उपरांत 8 नवम्बर को प्रयागराज आगमन के पहले दिन ही देर रात लगभग 22.30 बजे प्रयागराज जं का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही यात्रियों एवं रेल कर्मियों से वार्ता भी की।

सतीश कुमार का औचक निरीक्षण करने का उद्देश्य स्टेशन की वास्तविक स्थिति में यात्रियों को उपलब्ध व्यवस्थाओं को मूल रूप में परखना था। इस निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को विक्रय हेतु भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान प्लेटफॉर्म सं-01 पर बंद फूड प्लाजा को देख कर उस स्थान पर नए फूड प्लाजा को खोलने के लिए आई आर सी टी सी के अधिकारियों से वार्ता के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

महाप्रबंधक सतीश कुमार ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के क्रम में यात्री विश्रामालयों तथा शौचालयों को देखा। उन्होंने इस दौरान शौचालयों में उचित सफाई व्यवस्था बनाए रखने क लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा। इसी क्रम में श्री कुमार ने स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं जैसे वाटर बूथ, शौचालय, व्हील चेयर आदि को भी देखा।

महाप्रबंधक महोदय ने इस दौरान स्टेशन पर उपस्थित रेल यात्रियों से वार्ता कर यात्री सुविधाओं और व्यवस्थाओं का फर्स्ट हैंड फीडबैक लिया। उन्होंने इस दौरान रेल कर्मियों से भी बात की।

### क्षेत्राधिकारी फूलपुर ने किया औचक निरीक्षण

**थरवई।** बुधवार 9 नवंबर 2022 को क्षेत्राधिकारी फूलपुर मनोज कुमार सिंह ने थरवई थाने का किया औचक निरीक्षण। इस दौरान उन्होंने प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी से लंबित विवेचना को गुणवत्तापूर्ण तरीके शीघ्र निस्तारण के कड़े निर्देश देते हुए थाना परिसर स्थित कार्यालय के रख रखाव मेस महिला हेल्प डेस्क एंटी रोमियो टीम थाने पर आने वाले फरियादियों के प्रार्थना पत्र और रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि जनता की समस्या को त्वरित निस्तारण कराया जाए इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी उपनिरीक्षकगण सोहराब अहमद सुखचैन तिवारी अखिलेश कुमार रोशन लाल सहित अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# महाप्रबन्धक ने 05 रेल कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार



रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान करते महाप्रबंधक उमरे

जनसंदेश न्यूज

**प्रयागराज।** बुधवार को महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार ने प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 05 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कृत कर्मचारियों में गौरव कुमार मौर्य/लोको पायलट/ वीरांगना लक्ष्मीबाई/ झांसी मण्डल, संतोष कुमार, सहायक लोका पायलट/ वीरांगना लक्ष्मीबाई/ झांसी मण्डल, मनोज अग्रवाल, ट्रैक मेन्टेनर/ बिल्लोचपुरा/आगरा मण्डल, मुकेश चन्द्रा, प्वाइण्टसमैन/छाता/ आगरा मण्डल, मोहम्मद शाहजेब, प्वाइण्टसमैन/ दादरी/ प्रयागराज मण्डल शामिल हैं।

मोहम्मद शाहजेब, को माह अक्टूबर, 2022 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मोहम्मद शाहजेब ने गेट सं. 146 पर कार्य के दौरान गाड़ी सं. 22436 से आल राईट सिगनल का आदान-प्रदान करते समय इसके ब्रेकवान से 8वीं कोच सं. सी-8 में ब्रेक बाइंडिंग रिपोर्ट किया। इनकी सूचना पर गाड़ी को अजायबपुर स्टेशन पर समय 06:46 बजे रोका गया, परन्तु दनकौर पास होने पर इसी कोच में पुनः व्हील जाम रिपोर्ट कर ओएचई आफ कराया गया। पुनः में टी एक्स आर स्टाफ द्वारा बोल्ट को काट कर सावधानीपूर्वक समय 09:43 बजे वैर लूप लाइन में क्लियर कराया गया।

इस प्रकार इन्होंने सतर्कता के एवं पूर्ण लगन के साथ अपनी ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट सेवा की है।

# आफसा अंसारी पर दर्ज गैंगस्टर मामले में सुनवाई 18 नवंबर को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बाहुबली मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी पर दर्ज गैंगस्टर मामले में दाखिल पुनर्निरीक्षण याचिका दाखिल करने में हुई देरी को माफ करते हुए 18 नवंबर को सुनवाई करने का फैसला किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने आफसा अंसारी की पुनर्निरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।इसके पूर्व हाईकोर्ट ने उनकी पुनर्निरीक्षण याचिका को देरी से दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिया था। याची हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए हाईकोर्ट से मामले की सुनवाई करने का आदेश दिया था।सुप्रीम कोर्ट के आदेश केबाद आफसा अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मऊ जिले के दक्षिण टोला थाने में 31 जनवरी 2022 को गैंगस्टर एक्ट केतहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की है।

### छात्र नेता का विश्वविद्यालय ने रोका प्रवेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय फीस वृद्धि का आंदोलन कर रहे छात्र नेता अजय यादव सम्राट का कुलपति ने प्रवेश रोक दिया है जिसको लेकर छात्रों ने काफी हंगामा किया हालांकि अजय यादव ने प्रवेश निरस्तीकरण को लेकर कुलपति से पूछना चाहा पर वहां मौजूद इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति से मुलाकात करने नहीं दिया इस पर अजय अजय यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय की कुलपति समेत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुझे लगातार मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है क्योंकि मैं पिछड़े वर्ग समाज से तालुकात रखता हूं। मेरे भविष्य को बर्बाद कर दिया विश्वविद्यालय में मेरा दाखिला निरस्त कर दिया गया इलाहाबाद विश्वविद्यालय में तानाशाही चरम सीमा पर है। इस संगठित अन्याय के खिलाफ मेरा पहला प्रतिरोध है कि आज के बाद मैं तब तक नंगे पांव चलूंगा जब तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कानून का शासन स्थापित नही हो जाता और अवैध नियुक्ति वाली कुलपति का गुरुर नष्ट नहीं हो जाता। राष्ट्रपिता और मानव संवेदना के महादूत महात्मा गांधी के शपथ के साथ मैं आज के बाद नंगे पांव चलने का संकल्प लेता हूं। इस मौके पर छात्र नेता हरेंद्र यादव, आकाश, नवनीत, गौरव गोड, राहुल,कृष्ण मुरारी, विकास ,आनंद आदि रहे।

# कूदर में आम और महुआ के हरे पेड़ों को काट ले गए अराजक तत्व

**माण्डा।** मांडा के कुदर गांव में अराजक तत्वों ने आम और महुआ के हरे पेड़ को काटकर उठा ले गए। इस प्रकरण की जानकारी राकेश कुमार शुक्ल टडहर पोस्ट तिसेन तुलापुर मांडा ने थाना माण्डा को दी। राकेश कुमार शुक्ला पुत्र स्व हरिशंकर शुक्ला ग्राम टडहर पोस्ट तिसेन तुलापुर मांडा के रहने वाले हैं जिनकी जमीन ग्राम कुदर दोहथा मांडा में जमीन व पेड़ हैं । सोमवार के रात को लगभग नौ बजे राकेश शुक्ल को कूदर? के लोगों ने सूचना दी कि आप के पेड़ों को अफजल (मौलवी) अजहर अली, इश्तियाक अली, नसीम अली, तसौग गली, मुजम्मिल अली आदि लोगों ने एकजुट होकर आम और महुआ के पेड़ों को काटकर सड़क के किनारे से रात में लगभग बारह बजे ट्रैक्टर से पर लादकर ले करके चले गए । पेड़ों को काटकर ले जाने की सूचना राकेश शुक्ल ने मांडा थाने में लिखित रूप से देते हुए अराजक तत्वों के खिलाफ कार्यवाहीकी माँग की है । थानाध्यक्ष माण्डा अरविंद कुमार गौतम ने कहा कि मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।



कूदर में अराजक तत्वों द्वारा काटे गए हरे पेड़

### ट्रांसफार्मर न बदले जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**फाफामऊ।** नगर निगम में सराय गोपाल गांव शामिल होने के बावजूद भी पिछले एक पखवारा से जल पड़े बिजली का ट्रांसफार्मर विभाग द्वारा नहीं बदला गया जिससे गांव के कई घर में अंधेरा छाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि समय से बिजली के बिल का भुगतान और कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों और ऑन लाइन शिकायत करने के बाद भी विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर नही बदला और पूछने पर अधिकारी हीलाहवाली बताते है इस बात को लेकर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। सराय गोपाल गांव नगर निगम में जुड़े हुए करीब दो वर्ष हो चुके है सराय गोपाल मौर्य बस्ती के राम प्रसाद कुशवाहा, बुलाकी लाल, नीलम देवी, जमुना प्रसाद आदि लोगों का आरोप है कि उनके बस्ती में लगा ट्रांसफार्मर पिछले एक पखवारे से जल गया है कई बार विद्युत विभाग से शिकायत किया लेकिन अभी तक विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया बस्ती के लोग अधिकारियों का चक्कर लगाते लगाते थक गए लेकिन सुनवाई नहीं हुई जिससे कई घरों में अधेरा छाया हुआ है। विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर न बदले जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हैं।


## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण/ ओरिजिनेशन एवं मार्ग परिवर्तन

**रेल प्रशासन द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नॉन-इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीरकण/आंशिक ओरिजिनेशन एवं मार्ग परिवर्तन किया जा रहा है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-**

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहां से कहां तक | आवृत्ति | प्रारम्भिक स्टेशन से निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13309 | चोपन-प्रयागराज जं. | प्रतिदिन | 10.11.2022 से 15.11.2022 |
| 2 | 13310 | प्रयागराज जं.-चोपन | प्रतिदिन | तत्काल प्रभाव से 15.11.2022 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहां से कहां तक | आवृत्ति | आंशिक निरस्तीकर/ आंशिक ओरिजिनेशन | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15074 | टनकपुर-सिंगरौली | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | चोपन | 11.11.2022 |
| 2 | 15073 | सिंगरौली-टनकपुर | मंगलवार,गुरूवार, शनिवार | चोपन | 10.11.2022, 12.11.2022 |
| 3 | 15076 | टनकपुर-शक्तिनगर | मंगलवार, गुरूवार शनिवार, रविवार | चोपन | 10.11.2022, 12.11.2022, 13.11.2022 |
| 4 | 15075 | शक्तिनगर-टनकपुर | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, रविवार | चोपन | 11.11.2022, 13.11.2022, 14.11.2022 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | कहाँ से | कहाँ तक | आवृत्ति | परिवर्तित मार्ग | परिवर्तित मार्ग अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12874 | आनंद विहार टर्मि. | हटिया | मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार | चुनार-चोपन-गढ़वा रोड के स्थान पर चुनार-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-डेहरी ऑनसोन-गढ़वा रोड के रास्ते | 11.11.2022 |

**नोटः-** उपरोक्त ट्रेनों से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या रेल Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 1511/(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# शाम होते ही बिजली की कटौती से घरों में छाया अंधेरा

### शाम होते ही बिन बिजली दहलीज पर अंधेरा, अपशकुन

जनसंदेश न्यूज

**लालापुर।** शाम होते ही बिजली रोस्टिंग के नाम पर कटौती हो जाती है।जिससे घरों में अंधेरा छा जाता है।अक्सर गांवो में शाम के समय घर मे अंधेरा रहना अपशकुन होता है। मिट्टी का तेल सरकार ने बन्द कर दिया है। जिससे काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिन में चार घण्टा की रोस्टिंग होती जो दो सिप्ट में होती है। पहली कटौती कभी 11 बजे से 1 बजे तक उसके बाद दूसरी 4 बजे से 6 बजे कभी कभी 4,30 से दो घण्टा 6,30 तक इस कटौती से लालापुर, बारा, भीटा,तीन पावर हाउस की रोस्टिंग शाम को जरूर की जाती है। इनके कटौती से एक तरफ सैकड़ों गांव के शाम होते ही घरों के दहलीज पर अंधेरा रहता है। जिससे लोगों के घरों में संझवाती समय पर नही हो पाती। वही हिन्दू धर्म मे सूर्य अस्त के समय घर मे उजाला होना बहुत जरूरी होता है। लेकिन बिजली विभाग से लोगो की समस्या से कोई मतलब नही है। लालापुर गांव के चन्द्र निधान पाण्डेय, शंकर लाल पाण्डेय, विवेक शुक्ला, मन्दुरी गांव के राजू त्रिपाठी, चिल्ला गांव के आशुतोष सिंह, तुलसी यादव, दीपक द्विवेदी, अमिय कृष्ण मिश्रा, सुजौना गांव के रमाकांत यादव, राजू यादव, मानपुर के दारा सिंह आदि गांव के लोगो ने मांग किया है कि शाम की कटौती बन्द करके वही दिन में कटौती करके अपना समय पूरा कर ले।शाम की कटौती से लोगों के घरों में अंधेरा रहता है जो अपशकुन की निशानी है।

### शंकरगढ़-नारीबारी राजमार्ग में तालाबनुमा गड्ढा बना जानलेवा

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़-नारीबारी मार्ग में महीनों से तालाबनुमा गड्ढा जानलेवा बना हुआ है, जिम्मेदार अधिकारियो की लापरवाही से नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शंकरगढ़-नारीबारी मुख्य मार्ग पर दिन-रात सैकड़ों की संख्या में वाहनों का आवागमन दिन-रात रहता है। यह मार्ग मध्य प्रदेश, मिर्जापुर के साथ क्षेत्रीय लोगों को चित्रकूट धाम, बाँदा आदि मार्गो की यातायात का प्रमुख राजमार्ग है। पैदल, साइकिल, मोटर साईकिल से यात्रा करने वाले बड़े तालाबनुमा गड्ढे में घुटनें से ज्यादा पानी से होकर गुजरते है। नारीबारी जलनिगम की पाईप के लीकेज और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था ना होने से यह गड्ढा भयानक व जानलेवा बना हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के गड्ढा मुक्त घोषणा के वावजूद सम्बंधित अधिकारियों के कान में जूं तक नही डोल रहा है। जिम्मेदार अधिकारी गड्ढों में गिट्टी मोरम तक डालकर सामान्य यातायात बनाए रखने पर विफल साबित हो रहे है। खस्ताहाल सड़क के संदर्भ में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी बारा से शिकायत कर निदान की बात कही है।

# समाजसेवी संगठनों की ओर से लगाए गए जांच शिविर की चर्चाएं जोरों पर

जनसंदेश न्यूज

**प्रयागराज।** विगत दिनों समाजसेवी संगठनों लायंस क्लब प्रयागराज गौरव तथा भारत विकास परिषद मंगलम की तरफ से संयुक्त रूप से एक विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन शंकर ढाल, खुराना मार्केट नैनी प्रयागराज में संपन्न हुआ। जिस की चचाएं जोरों पर हो रही है।

मुख्य रुप से अपनी सेवाएं देने वाले डॉक्टर डॉ. आर.के सिंह, स्वास्थ्य विभाग में ज्वाइन डायरेक्टर डॉ. वी. के. मिश्रा, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. संगम लाल, डॉ. रमेश चंद्र, डॉ. सूर्यनाथ प्रजापति, डॉ. प्रियंका सिंह एवं डॉ. अरविंद कुमार रहे। आसपास के बस्ती एवं आवासी लोगों को ने मेडिकल कैंप का पूरा फायदा उठाया। लगभग 213 लोगों की बी.पी, शुगर दंत रोग, नेत्र रोग तथा चर्म रोग से संबंधित रोगियों की सेवाएं की गई। जो गंभीर पाए गए उन्हें मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। भारत विकास परिषद मंगलम तथा लायंस क्लब प्रयागराज गौरव दोनों के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें मेडिकल सुविधाएं हर उस गरीब तक पहुंचाना है जो असमर्थ है। मुख्य रूप से उपस्थित संरक्षक शिवनंदन गुप्ता, अमित श्याम, आशीष गुप्ता, डॉ आशीष त्रिपाठी, पार्षद मुकेश भारती, जानवी मिश्रा, जितेंद्र कुमार, डॉ. संतोष यादव अध्यक्ष भारत परिषद मंगलम तथा लायंस क्लब प्रयागराज अध्यक्ष उपस्थित रहे। आसपास के लोग जांच शिविर से काफी प्रसन्न दिख रहे हैं उन्होंने समाजसेवी संगठनों से महीना में एक बार निःशुल्क कैंप लगाने का आग्रह भी किया है।





चिकित्सकों को सम्मानित करते नागेंद्र सिंह

## संक्षेप

### बंटवारे को लेकर महिला की पिटाई

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के केवटरहा गांव की उर्मिला देवी पत्नी गोरेलाल ने बताया कि जेठ राजू सिंह से उसका संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी अदावत में मंगलवार की शाम जेठ ने परिजनों के साथ मिल उर्मिला को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित जेठ समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सर्प दंस से किसान की मौत

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के देवीदयाल का पुरवा, टेवा गांव का बुधई लोधी पुत्र धर्मदास किसान था। बुधवार दोपहर उसे सांप ने डस लिया। इसकी जानकारी होते ही परिजनों के होश उड़ गए। परिवार वालों ने झाड़-फूंक कराने के साथ इलाज भी कराया लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पेड़ से टकराई स्कार्पियो, आधा दर्जन घायल

जनसंदेश न्यूज

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पट्टी पर गांव के समीप बुधवार सुबह दूल्हे की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दूल्हे सहित सात लोगों को चोटें आई हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सरायअकिल कस्बे के बुद्धपुरी मोहल्ला निवासी शमीम अहमद पुत्र इम्तियाज अहमद की बुधवार को शादी होनी थी। बारात प्रतापगढ़ के नवाबगंज परियावां जा रही थी। पट्टी पर गांव के समीप दूल्हे की स्कॉर्पियो के सामने अचानक एक बच्चा आ गया। इसे बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में दूल्हे के साथ उसकी बहन सानिया रिश्तेदार सन्नो पत्नी सज्जू निवासी प्रयागराज खुशबू पत्नी कुरैश निवासी कानपुर, चालक जहीर खान निवासी बुलंदशहर, फहमीदा व इकरार को चोटें आई हैं। एम्बुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि दूल्हे को गंभीर चोट लगी है।



पेड़ से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त स्कार्पियो

## यातायात नियमों की उड़ रही धज्जियां

**कौशाम्बी।** यातायात माह नवम्बर में भी ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जिले भर की सड़कों पर वाहन चालक बेखौफ होकर नियम तोड़ रहे हैं। परिवहन और यातायात विभाग खानापूर्ति भर कर रहा है। जागरुकता के बजाए चालान काटने पर अधिक फोकस किया जा रहा है।

जिले में अभियान फोटो खिंचवाने तक सीमित है। परिणाम है कि ट्रैफिक नियमों को लेकर चालकों में गंभीरता नहीं दिख रही है। नेशनल हाईवे होए स्टेट हाईवे हो अथवा गांवों की सड़कें हर जगह यातायात नियमों की अनदेखी साफ नजर आ रही है। बाइक चालक ट्रिपलिंग करते हैंए ऊपर से हेलमेट भी नहीं लगाते। इनकी स्पीड का कोई ठिकाना नहीं होता। कार चालक तो 90 प्रतिशत बिना सीट बेल्ट के नजर आते हैं। सभ्रांत लोगों का कहना है कि चालान काटने के बजाए जागरुकता फैलाई जाए तो व्यवस्था में काफी हद तक सुधार आ सकता है।

# ग्राम पंचायत सहायक संघ के जिलाध्यक्ष बने आशीष

जनसंदेश न्यूज



निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते लोग

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायत सहायक संघ कौशाम्बी का चुनाव बुधवार को मंझनपुर मुख्यालय के ओसा मंडी में संपन्न हुआ। जिसमें तीन वोटों से सिराथू ब्लॉक से आशीष कुमार विजयी हुए। मूरतगंज ब्लॉक से ब्लॉक के प्रत्याशी विकास यादव को दो वोट मिले और चायल ब्लॉक से प्रत्याशी मनीषा सरोज को एक वोट मिले।चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी ब्लॉक अध्यक्ष व कई पंचायत सहायक मौजूद रहे। इस दौरान विजयी घोषित किये गए जिला अध्यक्ष आशीष कुमार ने यह शपथ ली की मैं अपने सभी जिम्मेदारियों को निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करूंगा। इस दौरान कड़ा ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष नीतीश कुमार, मंझनपुर ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम सिंह, सरसवा ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, आकाश सिंह, कुलदीप सरोज, यशवन्त यादव पंचायत सहायक गण एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# न्यायालय की दखल पर पिता पुत्री पर दर्ज हुआ जालसाजी का केस

जनसंदेश न्यूज

**कौशांबी।** पिपरी कोतवाली में न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को बाप और बेटी के खिलाफ जालसाजी करने का केस दर्ज कर लिया है। चरवा के सटई गांव के युवक ने अपनी पत्नी और ससुर पर जालसाजी व कूटनीति करने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में अर्जी दाखिल किया था।

चरवा कोतवाली क्षेत्र के सटई निवासी दिलीप कुमार पुत्र बैजनाथ ने बताया कि उसके भाई मिथिलेश कुमार की शादी पिपरी के कादिलपुर गांव के भोलानाथ की बेटी सुषमा कुमारी के साथ हुई थी। दिलीप कुमार ने आरोप लगाया कि कुछ दिनों पहले भाई मिथलेश और सुषमा के बीच मन मुटाव हो गया। जिसके बाद सुषमा देवी ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसके बाद २१ जुलाई २०२१ को पिता के साथ मिलकर कूटनीति करते हुए स्वयं के साथ मारपीट और छिनैती की साजिश करके मखऊपुर स्थित ससुर खदेरी नदी के पुल पर पति मिथिलेश और देवर राकेश कुमार अखिलेश कुमार व दिलीप कुमार के खिलाफ आरोप लगाया था। जिसकी विवेचना हुई तो घटना के समय मिथलेश एयर फोर्स कैंप मेमोरा और अखिलेश कुमार लद्दाख में सरकारी ड्यूटी कर रहे थे। जिसकी शिकायत दिलीप ने सुषमा और भोलानाथ पर जालसाजी व कूटनीति करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। स्थानीय पुलिस के कारर्वाई नहीं करने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण लिया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बाप-बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है, कि जांच में आरोप सही पाये जाने पर काररवाई किया जायेगा।

## खाली भूमि से मिट्टी निकाल लिए लोग, शिकायत

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के सयारा मीठेपुर गांव के समीप खाली पड़ी ग्राम सभा की बंजर भूमि से करीब 400 ट्रैक्टर मिट्टी का अवैध खनन किया गया। गांव के सलाउद्दीन ने मामले की शिकायत पुलिस से की। बताया कि निजी स्वार्थ के लिए जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन किया गया है। शिकायत पर जांच करते हुए मंगलवार को सैनी पुलिस ने आरोपित तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

## आरोप : घर में तोड़-फोड़ व मारपीट

**कौशाम्बी।** करारी के गुवारा तैयबपुर गांव की सुंदरकली पत्नी अमर सिंह का पट्टीदार से जमीन का विवाद चल रहा है। दोनों परिवार के बीच कई बार मामूली बात को लेकर कहासुनी हो चुकी है। इसके बाद पट्टीदारों मंगलवार को परिजनों के साथ सुंदरकली के घर पहुंच गया। घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने महिला को पीट दिया। हंगामा करते हुए आरोपितों ने दरवाजा तोड़ दिया। मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव किया तो आरोपित कहीं भी शिकायत पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़िता की तहरीर पर आरोपित चार के लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# सीडीओ ने किया विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा

जनसंदेश न्यूज

**कौशाम्बी।** विकास भवन स्थित सरसहाल में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सरस हाल में विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत छूटे हुए किसानो का शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश कृषि अधिकारी को दियें। उन्होंने आवारा घूम रहें निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। इसके साथ ही उन्होंने पशुओ के टीकाकरण कराने तथा ठण्ड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में आ रहीं समस्याओं को निस्तारित करते हुए तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना में धीमी प्रगति पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी प्रकट करते हुए तेजी लाने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वृद्धाप, विधवा, दिव्यांग पेंशन योजना, कृषि, स्वास्थ्य, पीडब्लूडी, मत्स्य विभाग, वन विभाग, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित आदि योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



समीक्षा बैठक करते सीडीओ

# शीतला धाम मंदिर कारीडोर का डीएम ने किया निरीक्षण





शीतला धाम कारीडोर का निरीक्षण करने जाते डीएम

**कौशाम्बी।** शीतला धाम मंदिर कॉरिडोर निर्माण का बुधवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण एजेंसी को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए समयानुसार निर्माण कार्य कराए जाने का निर्देश भी दिया। इस दौरान जिलाधिकारी सुजीत कुमार, जयचंद पाण्डेय सिराथू सीओ केजी सिंह, कड़ा धाम थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी सुनील यादव, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम सहित कई आला अधिकारी रहे मौजूद।

## मामूली बात को लेकर दबंगों ने की मारपीट

**कौशांबी।** करारी कोतवाली अंतर्गत बजहा खुर्मपुर मजरा मलकिया गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। जिसमें एक पक्ष ने मारपीट किया। हालांकि पीड़ित पक्ष कोतवाली पहुंचकर शिकायत किया है।

मलकिया गांव निवासी मनोज पासी के मुताबिक ग्राम प्रधान व उनके गुर्गो मारपीट किया है। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र, में बताया है कि मनोज पासी बाइक लेकर अपने घर आरहा था रास्ते में बन रही इंटरलाकिंग के पास रखा लोहे का तसला हटाने के लिए मनोज ने कहा तो वहां प्रधान का गुर्गा गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाड़ी का मेरीगार्ड तोड़ दिया। व मारपीट करने लगा। तहरीर लेने के बाद पुलिस जांच में जुट गई थी।

# दो पक्षों में मारपीट केस दर्ज

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के गुवारा गांव में खेत में पानी जाने को लेकर तीन दिन पूर्व दो पक्षों की महिलाओं में जमकर लाठी डंडों से मारपीट हुई थी। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। वीडियो वायरल होते ही हरकत में आई इलाकाई पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। करारी कोतवाली के गुवारा निवासी अमर सिंह पत्नी शांति देवी व उसके सगे भाई शंकर लाल पुत्र सूरजभान के बीच तीन दिन पूर्व खेत में पानी जाने को लेकर विवाद हुआ था। देखते ही देखते दोनों पक्ष की महिलाएं भी मैदान में उतर आई और जमकर लाठी चलाई। मारपीट में दोनों तरफ के लोगों को चोटें आई। मारपीट के दौरान किसी ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही हरकत में आई इलाकाई पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए बलवाइयों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मार पीट कर रहे दोनो पक्षों में आशा देवी पुत्री अमर सिंह जितेंद्र पुत्र अमर सिंह शांति देवी पत्नी अमर सिंह व दूसरे पक्ष शंकर लाल पुत्र सूरजभान राजकुमार पुत्र शंकरलाल ननकू पुत्र शंकर लाल राहुल पुत्र राजकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।



### नाविक ने डूब रहे की बचाई जान

**कौशाम्बी।** कड़ा के कुबरी घाट पर बुधवार सुबह गंगा में डूब रहे युवक की नाविक ने जान बचा ली। प्राथमिक इलाज के बाद युवक अपने घर वाराणसी चला गया है। वाराणसी के नक्की गांव का अरुण तिवारी पुत्र अमरनाथ बुधवार सुबह अपने परिवार के साथ दर्शन करने शक्तिपीठ कड़ा धाम आया था। दर्शन से पहले वह कुबरी घाट पर स्नान करने लगा। तभी अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने लगा। यह देख आसपास रहे लोग चीख पड़े। मौके पर मौजूद नाविक राजेश निषाद ने गंगा में छलांग लगा दी और युवक को बाहर निकाल लिया।

### सप्ताह बीतने के बाद दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर निवासी राहुल की इलेक्ट्रिक की दुकान में 10 दिन पहले चोरी हो गई थी। शटर का ताला तोड़ते हुए चोरों ने नकदी समेत हजारों का सामान पार कर दिया था। इसकी शिकायत पीड़ित राहुल ने कोतवाली पुलिस से की थी। मंगलवार को घटना के 10 दिन बाद पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# निकाय चुनाव की चढ़ी सरगर्मी मतदाता सूची में टिकी निगाहें

जनसंदेश न्यूज

**कौशाम्बी।** निकाय चुनाव निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण की प्रक्रिया समाप्त होते ही नगर पंचायतों में चेयरमैन और सभासद के लिए दावेदार अभी से बिसात बिछाने में जुट गए हैं। अपने पक्ष का कोई मतदाता छूट न जाए इस पर उनकी निगाहें लगी थी।

नगर पंचायतों में चुने गए चेयरमैन का भले ही कार्यकाल अभी पूरा नहीं हुआ है। लेकिनए निर्वाचन नामावली के पुनरीक्षण का कार्य सरकार ने पूरा कर लिया है। इससे निकट भविष्य में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने की संभावनाओं को लेकर दावेदार उन मतदाताओं पर नजरें लगाए रहे जो उनके पक्ष के हैं और 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके हैं या त्रुटिवश मतदाता सूची में उनका नाम छूट गया था। सोमवार को दावा और आपत्ति का आखिरी दिन होने के कारण सभी सम्भावित प्रत्याशियों ने नाम बढ़वाने में अपनी पूरी ताकत लगा डाली। मतदाता पुनरीक्षण का कार्य समाप्त होते ही कस्बे की चाय-पान की दुकानों में न केवल दावेदारों की चर्चा शुरू हो गई है बल्कि दावेदार अभी से ही अपने पक्ष में बिसात बिछाने में मशगूल हो गए हैं। जबकि दावेदारों के बीच संशय बना है कि आरक्षण में फेरबदल के बाद ही सामान्यए महिलाए अनुसूचित व अनुसूचित महिलाए पिछड़ी जाति की सीट तय होगीए फिर भी निकाय चुनाव की सरगर्मी वार्डों में दिखाई देने लगी है।

## मामूली बात को लेकर महिलाओं ने किया मारपीट

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाने के चपहा बाजार गांव की सुलेखा देवी पुत्री हरीलाल की बच्चों के विवाद में मंगलवार शाम पड़ोसन शोभा देवी से तीखी झड़प हो गई। इसके बाद शोभा देवी ने परिवार की आरती देवी, नीता, मधु के साथ मिल सुलेखा को पीटना शुरू कर दिया। महिलाओं के बीच मारपीट देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। महिलाओं के बीच मारपीट होता देख किसी ने बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटाई। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने पीड़िता का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आपदा,कोरोना कन्ट्रोल रूम स्थापित

**कौशाम्बी।** प्रभारी अधिकारी दैवी आपदा राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रयागराज में डेंगू के प्रकोप के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी में कलेक्ट्रेट कार्यालय ,मंझनपुर में आपदा कोरोना कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष.05331.232414 एवं मोबाइल नम्बर.9454417886 है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

### विवाहिता को पीट घर से निकाला, शिकायत

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के गुलामीपुर गांव में ब्याही युवती को पति ने परिजनों के साथ मिलकर पीटकर घर से निकाल दिया। थाने पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रहीमपुर मुलानी गांव की गुड़िया देवी की शादी दो साल पहले गुलामीपुर गांव में इंद्रेश के साथ हुई थी। बताया कि शादी के बाद से ही पति व ससुराल के अन्य लाग उसे प्रताड़ित करने लगे। पखवाड़ा भर पहले ससुरालवालों ने पीटते हुए घर से निकाल दिया।

# भाकियू भानु गुट ने तहसीलदार को सौंपा मांगों का ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**कौशाम्बी।** केंद्रीय कार्यालय ग्राम बल्हेपुर में जिलाध्यक्ष संजय सिंह यादव के अगुवाई में मंगलवार को किसान पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में किसानों की समस्याऐ सुनी गई। सभी पदाधिकारियों ने अपनी अपनी बातों को रखा।

पंचायत के दौरान चायल तहसीलदार दीपिका सिंह पहुँची और किसानों से बात कर उनकी समस्या को सुना। जिलाध्यक्ष संजय सिंह यादव ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि में आवारा पशु द्वारा किसानों के फसल नष्ट होना, समय पर किसानों को बीज और खाद उपलब्ध कराना,ठण्ड में गरीब किसानों को कम्बल उपलब्ध कराना,डेंगू जैसे घातक बीमारी को रोकने हेतु ग्रामो में दवा का छिड़काव कराना। जैसे समस्याएं गिनाई गईं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजू सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी राजू सिंह, ज्ञान सिंह जिला सचिव, फिरोज अहमद चायल तहसील अध्यक्ष, राम लाल युवा तहसील अध्यक्ष, अंकित पाल ब्लाक मीडिया प्रभारी, बलराम यादव ब्लाक महासचिव नेवादा,शारदा प्रसाद अग्रहरी ब्लाक अध्यक्ष नेवादा आदि क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।





ज्ञापन सौंपने जाते भाकियू के पदाधिकारीगण

## संक्षेप

### कूट रचित दस्तावेज तैयार करने के आरोपी भाजपा नेता की जमानत खारिज

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश आलोक द्विवेदी ने रवि प्रताप सिंह निवासी सिविल लाइन थाना कोतवाली नगर की कूट रचित दस्तावेज तैयार करने के आरोप में जमानत निरस्त कर दिया। वादी मुकदमा अक्षय सिंह ने तहरीर दिया कि उसके भाई अभय सिंह के नाम संयुक्त रूप से ग्राम रूपापुर व बदनपुर में जमीन है, इसके अलावा अभय सिंह के नाम से बेल्हा घाट, रूपापुर व बदनपुर में अकेले जमीन है, जिसकी देखभाल उसके मामा रवि प्रताप सिंह करते थे। अभय सिंह की जमीन के पेपर भी उन्हीं के पास थे। उन्होंने अभय सिंह के जमीन की रजिस्ट्री के पेपर पर नेशनल अर्बन बैंक कोऑपरेटिव प्रतापगढ़ से फर्जी व्यक्ति को खड़ा करके बिना उन्हें व उनके भाई अभय सिंह को जानकारी दिए ऋण ले लिया। लोन के पेपर पर ना तो प्रार्थी के भाई की फोटो ही थी और ना ही उनके हस्ताक्षर ही थे। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी राकेश प्रताप सिंह ने की है।

### नाबालिग से दुराचार के आरोपी की जमानत खारिज

**प्रतापगढ़।** पॉक्सो अधिनियम की विशेष अदालत के न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने नाबालिग का अपहरण कर दुराचार के आरोप में अंतू इलाके के बरिया समुद्र गांव के अखिलेश कुमार की जमानत अर्जी खारिज कर दी। वादी मुकदमा ने पुलिस को बताया है कि 15 जनवरी 2020 को उसके घर में आरोपी साथियों के साथ पहुंचा और 16 वर्षीय बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुराचार किया। मामले की शिकायत पुलिस से करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व प्रदीप कुमार पांडेय ने की है।

# 70वें जनपदीय विद्यालयीय क्रीड़ा समारोह का डीएम ने किया शुभारम्भ




जिलाधिकारी को मार्च पास्ट की सलामी देते छात्र-छात्राएं

**क्रीड़ा समारोह**

**शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन सुखद : जिलाधिकारी**

**जनसंदेश न्यूज**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 नये मतदाताओं के पंजीकरण अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में कराने के उद्देश्य से राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ के प्रांगण में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल द्वारा मतदाता पंजीकरण कैम्प एवं 70वें विद्यालयीय क्रीड़ा समारोह-2022-23 का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कालेज की छात्राओं, अध्यापकों एवं आमजन मानस को सम्बोधित करते हुये कहा कि युवा मतदाताओं के मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होगा, जो युवा मतदाता अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकरण करायें और भविष्य में होने वाले चुनाव में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाये। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि आपके मताधिकार से ही प्रत्याशी के भाग्य का फैसला होगा इसलिये मतदान करते समय किसी भी प्रत्याशी के भय या प्रलोभन में आकर अपने मतदान का दुरूपयोग कदापि न करें और निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान उन्होने समस्त छात्राओं एवं जनसामान्य से अपील करते हुये कहा कि इस कार्यक्रम को गति प्रदान करने में वह पूर्ण रूप से सहयोग करें और समाज में, परिवार में, मोहल्ले में इस बात को बतायें कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं शामिल है वह तत्काल अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवायें और अभियान को सफल बनायें। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों के छात्रों, अभिभावकों, अध्यापकों एवं जन सामान्य को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलायी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0प्रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया कि 09 नवम्बर से 08 दिसम्बर तक सभी प्रकार के दावे और आपत्तियॉ प्राप्त की जायेंगी और उनका समाधान किया जायेगा। साथ ही विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी मतदान केन्द्रों पर 12 नवम्बर, 20 नवम्बर, 26 नवम्बर एवं 04 दिसम्बर को बीएलओ निर्वाचन सम्बन्धी कार्य करेगें और वहां पर लोगों को नये मतदाता बनायेगें, उनके फार्म-6 भरवायेगें और यदि कोई संशोधन हो तो फार्म-8 भरकर सम्बन्धित बीएलओ के पास जमा कर सकते है। निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2023 को किया जायेगा। 70वें जनपदीय विद्यालयीय क्रीड़ा समारोह के इस अवसर पर जिलाधिकारी ने शान्ती के प्रतीक कबूतर एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक गुब्बारे को उड़ाया तथा ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी को मार्च पास्ट की सलामी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत ही सुखद है, व्यक्ति के जीवन में पढ़ाई के साथ ही खेल-कूद का भी अपना महत्व है। खेल के माध्यम से बच्चों में प्रतिभायें आगे बढ़ेंगी और देश, प्रदेश एवं जनपद में नाम रोशन करेगें। स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मतिष्क का वास होता है इसलिये खेल-कूद की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। सभी बच्चे खेल को खेल भावना से खेलें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, सह जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी द्विवेदी सहित डा0 मोहम्मद अनीस, डाक्टर विन्ध्याचल सिंह सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश में हुआ खूनी संघर्ष आठ घायल

**गंभीर हालत में पांच जिला अस्पताल रेफर, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**पट्टी।** पुरानी रंजिश को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक पक्ष से आठ लोग घायल हो गये। जिनमें से पांच की हालत नाजुक होने के चलते चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना पट्टी कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव से संबंधित है।

गांव के रहने वाले विनय कुमार पुत्र उदय राज यादव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बुधवार की सुबह आठ बजकर तीस मिनट पर वह अपने चाचा विजय बहादुर के साथ खेत देखने जा रहा था। इस दौरान विपक्षी लाठी, डंडा, कुल्हाड़ी व फर्सा से लैस होकर घात लगाए बैठे हुए थे और चाचा पर हमला बोल दिया। मारपीट में विनय कुमार, विजय बहादुर, राजकुमारी पत्नी उदय राज, राजकुमार यादव, सुनीता देवी पत्नी विजय बहादुर, विनय कुमार, सुनील यादव, विवेक यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया जहां से विजय बहादुर समेत 5 लोगों को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बलराम, नीतीश यादव, रजनीश यादव, निशा कांत, जवाहरलाल, विकास, बृजलाल के ऊपर बलवा मारपीट तोड़फोड़ गाली गलौज धमकी व जानलेवा हमले समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रसूता की मौत पर आक्रोशित लोगों ने किया हाइवे जाम, एसडीएम को सौंपा मांग पत्र



प्रसूता की मौत पर मांग पत्र पर विचार करते अफसर व अन्य लोग

**लालगंज।** सोमवार की रात सीएचसी में प्रसव पीडा के दौरान इलाज के समय प्रसूता की मौत पर बुधवार को लोगों का आक्रोश फिर भडक उठा। मृतका का शव लालगंज सांगीपुर हाइवे पर रखकर परिजन व मृतका के मायके से जुडे ग्रामीण जाम लगा बैठें। हालांकि जाम की सूचना पाकर फौरन पुलिस पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर एक घण्टे के भीतर जाम हटवा दिया।

लालगंज के खानापटटी नेवाज खां निवासी मनोज गुप्ता की बहन रीता इस समय प्रसव के चलते मायके आयी थी। सोमवार को रीता को तकलीफ हुई तो परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। महिला चिकित्सक द्वारा आपरेशन के दौरान रीता की हालत और बिगडती देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर रीता की मौत हो गयी। इसके बाद रीता के भाई व परिजन उसका शव लेकर सीएचसी लौट आये। यहां महिला चिकित्सक पर सुविधा शुल्क के नाम पर इलाज में लापरवाही बरतने को लेकर देर रात तक हंगामा हुआ। पुलिस ने मंगलवार को रीता के शव को पीएम के लिए भेजवाया। देर शाम मृतका का शव परिजन लेकर यहां नेवाज खां पहुंचे। बुधवार की सुबह मृतका के मायके पक्ष के लोग तथा स्थानीय लोग चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई न होने पर भडक उठे। आक्रोशित लोगों ने शव को वाहन पर लादकर लालगंज सांगीपुर रोड पर लाकर रख दिया। इधर जाम की सूचना पाकर कोतवाल कमलेश पाल आननफानन मे फोर्स के साथ पहुंचे। कोतवाल ने समझाबुझाकर एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। इधर लोगों के आक्रोश की जानकारी पाकर सीओ रामसूरत सोनकर भी वहां आ गये। इधर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को फोन पर लोगों के गुस्से की जानकारी दी। इस पर सांसद प्रमोद तिवारी ने डीएम तथा सीएमओ से फोनिक वार्ता कर परिजनों की मांगो पर समुचित विचार कराये जाने को कहा। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष ने त्वरित आर्थिक सहायता के तहत बीस हजार रुपए मृतका के भाई को प्रदान किया। इस बीच एसडीएम सौम्य मिश्र भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम को परिजनों ने ज्ञापन देकर आरोपी महिला चिकित्सक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने तथा मृतका के मासूम बच्चों की परवरिश के लिए शासन से आर्थिक सहायता मंजूर कराये जाने की मांग रखी। एसडीएम ने डीएम को ज्ञापन भेजवाकर हर संभव प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया। तब कहीं जाकर परिजन मृतका के शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना हुये। इस दौरान वहां सभासद ज्ञानचंद्र मोदनवाल, जय कौशल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राजेश तिवारी, झुन्ना तिवारी, मिथलेश जायसवाल, विनय पाण्डेय, सोनू मिश्र आदि भी जुटे दिखे।

### दुर्ग विजय सिंह अध्यक्ष व बृजेंद्र उपाध्याय महामंत्री निर्वाचित



**प्रतापगढ़।** बार एसोसिएशन तहसील सदर प्रतापगढ़ का चुनाव बुधवार को चुनाव कमेटी के अध्यक्ष विजय पाल सिंह एडवोकेट की देखरेख में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। संपन्न हुए मतदान के बाद मतगणना प्रारंभ की गई, जिसमें अध्यक्ष पद पर दुर्ग विजय सिंह 309 मत पाकर विजई घोषित किए गए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी बालेंद्र भूषण सिंह को मात्र 63 मत मिले। इसी तरह महामंत्री पद पर बृजेंद्र कुमार उपाध्याय को 244 मत पाकर विजय घोषित किया गया, जबकि उनके प्रतिद्वंदी संपूणार्नंद ओझा को मात्र 126 मत मिला। शेष पदों के लिए पूर्व में ही निर्विरोध घोषित किए जा चुके थे। बार एसोसिएशन तहसील सदर में कुल 823 अधिवक्ता मतदाता रहे। जिसमें 373 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव का परिणाम आते ही विजई हुए प्रत्याशियों को लोगों ने फूल-मालाओं से लाद दिया और गाजे-बाजे के साथ जमकर जश्न मनाया। संपन्न हुए चुनाव में संरक्षक मंडल और एल्डर कमेटी कमेटी के रूप में पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ शुक्ल,राजेंद्र सिंह, हरिकेश नारायण त्रिपाठी के साथ ही विश्वनाथ त्रिपाठी,रामदयाल बर्मा, सिराजुद्दीन, रविंद्र कुमार रावत,चंद्रेश पांडेय सहित आदि रहे। संचालन संतोष त्रिपाठी निरूशुल्क ने किया।

### पीयूष अध्यक्ष व रोहित उपाध्यक्ष निर्वाचित



**पट्टी।** एकता कलात्मक झांकी एवं विद्युत मंडल का अध्यक्ष सर्वसम्मति से पीयूष सिंह उर्फ रक्षित तथा उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल को बनाया गया है। कार्यक्रम के व्यवस्थापन जावेद अहमद उर्फ शेरू, कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दिनेश कुमार वर्मा को दी गई है। संरक्षक के रूप में निर्मल श्रीवास्तव, वरिष्ठ संरक्षक के रूप में राम गुलाब सिंह, प्रबंधक सुरेंद्र पांडेय को बनाया गया है। मंत्री कांता पटेल तथा महामंत्री इरफान अहमद को बनाया गया। वही सहप्रबंधक के रूप में लखनलाल उमरवैश्य और मीडिया प्रभारी के रूप में मनोज यादव अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

### निकाली गयी भव्य कलश यात्रा, गूंजा राधे-कृष्ण का जयकारा



**लालगंज।** भभया नगर अझारा में सामूहिक संगीतमय श्रीमदभागवत कथा को लेकर बुधवार को कार्यक्रम स्थल से लालगंज नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कालाकांकर रोड पर ब्लाक गेट तथा इंदिरा चैक होते हुए कलश यात्रा कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम में पहुंची। यहां भगवान द्वारिकाधीश के जयकारे से वातावरण गूंज उठा दिखा। कलश यात्रा की अगुवाई कथा व्यास आचार्य विनीत कृष्ण जी महराज ने किया। यात्रा में महिलाओं को सिर पर कलश रखकर भगवान से लोक कल्याण की मंगलकामना करते देखा गया। इसके बाद कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। पहले दिन कथा का शुभारंभ करते हुए आचार्य विनीत कृष्ण ने कहा कि भगवान की कथा जहां भी हुआ करती है वहां का परिवेश स्वतः मंगलमय हो जाया करता है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कथा श्रवण से हमें जीवन के सत्कर्म को आगे बढाए रखने की सीख मिलती है। पूर्व प्रधान विद्याशंकर मिश्र एवं साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी ने श्रद्धालुओं की ओर से कथाव्यास का रोली चंदन से श्रीअभिषेक किया। कथाश्रवण के लिए शैलजा मण्डपम पहले ही दिन श्रद्धालुओं से भरा दिखा। कार्यक्रम में जय कौशल, साहित्यकार अंजनी अमोघ, झुन्ना तिवारी, विनय मिश्र, कुंवर नारायण तिवारी, शेरू तिवारी, राजा दुबे, ज्ञानू तिवारी, रूपा कौशल, शालिनी आदि रहे।

### अधिवक्ता की मौत पर भाई ने दी हत्या की तहरीर

**लालगंज।** संदिग्ध परिस्थितियों में अधिवक्ता की मौत को लेकर भाई ने आरोपियो के खिलाफ हत्या किये जाने को लेकर पुलिस को तहरीर सौपी है। तहसील के अधिवक्ता एवं लालगंज कोतवाली के डगरारा गांव निवासी सोनू सिंह उर्फ शत्रुध्न सिंह का शव चैबीस अक्टूबर को रानीगंज कैथौला चैकी के नेशनल हाइवे पर मिला था। उस समय पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई नरेन्द्र सिंह की तहरीर पर अज्ञात वाहन द्वारा दुर्घटना में अधिवक्ता की मौत को लेकर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया था। मृतक सोनू के भाई भीम सिंह रोजी रोटी के सिलसिले मे हैदराबाद था। हैदराबाद से घर पहुंचने पर भीम सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसके भाई सोनू को तेईस अक्टूबर को रात लगभग साढे दस बजे अंतू थाना के कोलबझान निवासी दो आरोपियो का लालगंज कोतवाली के परसपुर गांव के एक आरोपी पर घर से बुलाकर एक ढाबे पर ले जाने की बात कही गयी है। तहरीर मे आरोप है कि आरोपियो ने साजिश कर उसके भाई सोनू की हत्या कर दी। पीडित ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र भेजकर हत्या मे शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# मेडिकल कालेज को मिली सूबे की पहली लांड्री और नई ओटी की सौगात

**सौगात**

**प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने किया उद्घाटन**

**मरीजों को अब बाहर भेजने की जरूरत नहीं : प्रमुख सचिव**




नई ओटी और लांड्री का उद्घाटन करते प्रमुख सचिव आलोक कुमार

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज को बुधवार को मरीजों के कपड़े धोने के लिए नई लांड्री और हड्डी विभाग के लिए नई ओटी की सौगात मिली। दोनो का उद्घाटन प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि सूबे का यह पहला स्वाशासी मेडिकल कालेज है। जहां पर अत्याधुनिक सुविधाओं और तकनीकी से लैश लांड्री लगी है। इससे मरीजों को गंदे और रोगाणु जनित चादरों और कंबल से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि अस्थि विभाग में नई सी आर्म मशीन के लगने से मरीजों को अब बाहर जाने की जरूरत नहीं है। स्पाइन और प्रत्यारोपन जैसे जटिल आपरेशन अस्पताल की ओटी में होंगे। उन्होंने मेडिकल कालेज में अध्ययनरत छात्रों से बातचीत कर उनकी हौंसला अफजाई की। प्रिंसिपल के कार्य को सराहा।

सुबह दस बजे के करीब राजा प्रताप बहादुर पुरुष अस्पताल में बनी कपड़े धोने के लिए लगाई गई मशीन के साथ साथ हड्डी की नई ओटी का प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रिंसिपल डाक्टर आर्य देशदीपक ने लांड्री की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें मरीजों के इस्तेमाल किए जाने वाले कंबल चादर और स्टाफ की यूनिफार्म की भी धुलाई होगी। एक तरफ से गंदे कपड़े डाले जाएंगे। दूसरी तरफ स्ट्रेलाइज होकर निकलेंगे। जिससे कपड़े की गंदगी के साथ साथ मरीज से फैला संक्रमण भी साफ हो जाएगा। इससे वार्ड में फैलने वाले रोगाणु करीब पचास प्रतिशत नियंत्रित हो जायेंगे। हड्डी के डाक्टर सचिन कुमार ने प्रमुख सचिव को ओटी के बारे में विस्तार से बताया। इसके पूर्व सचिव ने पौधारोपण किया। इस मौके पर अस्पताल के कई चिकित्सक और कर्मी मौजूद रहे। हटाए गए कार्यदाई संस्था के कर्मचारियों ने सचिव को ज्ञापन दिया।

## लित किशोरी के उत्पीड़न पर चार के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित किशोरी के खेत मे अचेत मिलने को लेकर पुलिस ने बुधवार को एक नामजद समेत तीन अज्ञात आरोपियो के खिलाफ अपहरण व दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। चैदह वर्षीया किशोरी के घर में मंगलवार को तेरहवीं भोज का कार्यक्रम था। परिजनों के मुताबिक वह शाम को घर के बगल स्थित पशुशाला मे मवेशियों को चारा देने गयी थीं। देर रात तक वह वापस नही लौटी तो परिजन परेशान हो उठे। रात में किशोरी का पता नही चल सका। दूसरे दिन बुधवार की सुबह खेत में पीडिता के एक रिश्तेदार ने उसे बेहोश पडा देखा। तब परिजनों ने पीडिता को इलाज के लिए चिकित्सकों को दिखाया। परिजनों के मुताबिक होश मे आने पर पीडिता ने बताया कि उसे गांव के मोनू वर्मा पुत्र कल्लू वर्मा व तीन अज्ञात लोग उसे पकडकर मुंह में कपडा ठूंस दिया। आरोप है कि पीडिता को नशीला इंजेक्शन भी आरोपियो ने लगा दिया। इसके बाद पीडिता को आपबीती की जानकारी नही हो सकी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोनू वर्मा व तीन अज्ञात समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीडिता को महिला पुलिस की अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण हेतु बुधवार को ही जिला अस्पताल भेजवाया गया है। सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, मेडिकल रिर्पोट आने के बाद आरोपियो पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए सबको जागरूक होना जरूरी : नन्दलाल सिंह

**जनसंदेश न्यूज**




एफआईआर प्रक्रिया के बारे में बच्चों को जागरूक करते थाना प्रभारी नन्दलाल सिंह

**पट्टी।** तहसील मुख्यालय पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के आधिन संचालित चाइल्डलाइन 1098 के तत्वाधान में चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह का आयोजन गुडविल पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ पट्टी कोतवाली परिसर में किया गया। इस क्रम में थाना प्रभारी नन्दलाल सिंह ने उत्साह वर्धन करते हुए बच्चो को थाने की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए कहा कि बच्चे दो प्रकार के होते हैं एक तो जो कानून तोड़ते हैं और दूसरा जिन्हें कानून की मदद की जरूरत होती है।

जो बच्चे कानून तोड़ते हैं उन्हें जे.जे. बोर्ड में प्रस्तुत किया जाता है। जिस बच्चे को कानून की मदद की जरूरत होती है उन्हें बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया जाता है। बच्चे देश के भविष्य हैं। इनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए हम सब को जागरूक होना जरूरी है। क्योंकि बच्चों हमारे देश की जान है। जब लोग सोते हैं तो पुलिस जाग कर लोगो की सुरक्षा करतीं हैं। इसी क्रम में चाइल्डलाइन के सिटी कोऑर्डिनेटर अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभियान 07 से 14 नवंबर चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान बच्चों को जिले के आलाधिकारी से मिलाकर उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया जा रहा है। बच्चों को खेल के माध्यम से कानूनी जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी को बच्चों ने फ्रेंडशिप बैंड बांधकर अपनी सुरक्षा का वचन लिया। बच्चों ने थाने का एक्सपोजर विजिट किया पुलिस द्वारा पकड़े गए गाड़ी, पुरुष बंदी गृह व एफ आई आर की प्रक्रिया, महिला हेल्प डेस्क, आदि के विषय में प्रश्न करते हुए जानकारी ली। कार्यक्रम का संचालन चाइल्डलाइन के सदस्य-हकीम अंसारी ने किया। इस कार्यक्रम में गुडविल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक स्वतंत्र कुमार, प्रधानाध्यापक मनीष कुमार, अध्यापक उज्जवल जयसवाल, दिव्यांश दुबे, आदर्श, चाइल्डलाइन टीम मेंबर मेहताब खान, अभय राज यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### समस्याओं के समाधान को लेकर वकीलों तथा अफसरों के बीच हुआ मंथन

**लालगंज।** स्थानीय तहसील सभागार में बुधवार को अधिवक्ताओं तथा वादकारियो की समस्याओं को लेकर बार और बेंच के बीच पारस्परिक विचारविमर्श को लेकर बैठक हुई। बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसील के प्रमुख गेट समेत पूरे परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरे लगवाये जाने, वादकारी शेडों मे नियमित साफ सफाई तथा परिसर से जलजमाव दूर किये जाने आदि समस्याओं के एसडीएम से समाधान कराए जाने की मांग की गयी है। एसडीएम सौम्य मिश्र ने बिंदुवार समस्याओं के निस्तारण कराए जाने का भरोसा दिलाया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर राममोहन सिंह, महामंत्री शेष तिवारी, उपाध्यक्ष बीके तिवारी, राजेन्द्र मिश्र, शिवाकान्त उपाध्याय, शैलेन्द्र सिंह, घनश्याम मिश्र, संतोष पाण्डेय, दीपेन्द्र तिवारी, अनूप पाण्डेय, राकेश शुक्ल, संजय सिंह, नामवर सिंह, जयकरन सिंह, विपिन शुक्ल, केके शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

# कवियों व पत्रकारों की लेखनी से है आजादी की मशाल रोशन : प्रमोद तिवारी

**कार्यक्रम**

**पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस एमपी ने नोटबंदी तथा कालेधन पर मोदी सरकार पर जमकर किया प्रहार**

**जनसंदेश न्यूज**




काव्य संग्रह का विमोचन करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि आजादी की मशाल को आज के दौर में भी कलमकारों ने मजबूती के साथ रोशन कर रखा है। प्रतापगढ़ की धरती साहित्य तथा धर्म एवं राजनीति के क्षेत्र में बहुत ही उर्वरा रही है। बुधवार को उदयपुर में स्वतंत्र कवि मण्डल के बैनरतले वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण नारायण लाल कृष्ण की पुस्तक लयाक्षर पुष्प काव्य-संग्रह का समारोहपूर्वक विमोचन करते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रतापगढ़ की ही धरती से भिखारीदास, जुमई खां आजाद, उन्मत्त जैसे साहित्यकार तथा स्वामी करपात्री महराज एवं कृपालु महराज जैसे धमार्चार्य व पण्डित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय एवं राजा दिनेश सिंह जैसे कुशल राजनीतिज्ञों की धरती प्रतापगढ़ से आजादी के मूल्यों को भी मजबूत दिशा मिली। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पत्रकारों तथा साहित्यकारों ने ही लेखनी का योगदान देकर आजादी के समय देश को एकता के सूत्र में खड़ा करने का सपना साकार किया। उन्होने पत्रकारो व साहित्यकारों के लेखन क्षमता को अद्वितीय ठहराते हुए कवियों से देश को सामाजिक तथा विविध क्षेत्रों मे एकजुट रखने के लिए अपने योगदान की निरंतरता बनाए रखने को कहा। वहीं कार्यक्रम मे नोटबंदी की मंगलवार को सालगिरह का जिक्र करते हुए कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा आज वही कर रही है जो अंग्रेजो ने कभी किया था। नोटबंदी को ही मंहगाई तथा बेरोजगारी का प्रमुख कारण ठहराते हुए सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि नोटबंदी के चलते आज देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद और तबाह हो गयी है। प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर तीखे हमले मे कहा कि काला धन लाने का उसका वायदा तो धरा का धरा रह गया बल्कि इसके विपरीत काला धन दोगुना सफेद जरूर हो उठा है। उन्होनें बीजेपी पर हमलावर होते हुए कहा कि सत्ता की लिप्सा में बीजेपी धर्म के नाम पर लोगों को बांट रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी के लिए यह यात्रा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के मिशन को पूरा करने में कांग्रेस की एक बड़ी भूमिका के लिए सफलता का इतिहास रचेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्र कवि मण्डल के अर्जुन सिंह व संचालन महामंत्री डा. अजित शुक्ल ने किया। वहीं पुस्तक विमोचन के अवसर पर कवियों ने काव्यपाठ कर देश की एकता एवं सामाजिक सदभावना की मजबूती को भी धार दिया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, बद्री जायसवाल, अवधेश सिंह, दुर्गेश श्रीवास्तव, लल्लन सिंह आदि रहे। इसके पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज के पण्डित का पुरवा पहुंचकर हाल ही में रामचंद्र यादव के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। श्री तिवारी ने पटटी कचेहरा, दीवानगंज, घुइसरनाथ धाम, अमावां में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति को सराहा। वहीं उन्होने लालगंज कैम्प कार्यालय पर पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए लोगों की समस्याओं की भी सुनवाई की। इस दौरान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र आदि रहे।

## जनसंपादकीय

# बाइडेन की सफलता कसौटी पर

अमेरीकी वोटरों को तय करना है कि अस्सी-वर्षीय जो बाइडेन फिर राष्ट्रपति बन पाएंगे अथवा डोनाल्ड ट्रंप अपनी दो वर्ष पूर्व की पराजय का बाइडेन से प्रतिशोध ले सकेंगे? अमेरीकी राष्ट्रपति का चुनाव 2024 में है। भारतीय लोकसभा का चुनाव भी तभी है। करीब चार करोड़ वोटरों ने अमरीकी संसद के दोनों सदनों के (100-सदस्यीय सीनेट के पैंतीस तथा निचली सदन के सभी 435) सदस्यों का भाग्य मतपेटी में कैद कर दिया है। ट्रंप का अभियान रहा कि अमेरीका आज विश्व पटल पर मजाक बन गया है। ट्रंप ने कल मीडिया को बताया कि वे जल्द ही विशेष घोषणा करेंगे। तब तक स्पष्ट हो जाएगा कि सीनेट में उनकी रिपब्लिकन पार्टी को बहुमत मिल पायेगा? अभी दोनों दलों के सदस्यों की संख्या समान (50-50) है। उपराष्ट्रपति कमला (श्यामला-गोपालन) हैरिस हैं जो सीनेट (राज्यसभा) की सभापति हैं। उनका वोट ही निर्णायक होता हैं, मगर निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) के 435 सदस्यों के चुनाव में ट्रंप को बहुमत की आवश्यकता है।

ऐसे मतदान की घड़ी पर राष्ट्रपति बाइडेन ने मतदाताओं से एक ओजस्वी अपील की थी : अपनी आवाज सुनाईये : वोट दीजिए। उनकी पार्टी का खास मुद्दा है : हर नारी को गर्भपात कराने का हक है। उच्चतम न्यायालय ने गत दिनों उसे अवैध करार दिया था। अपने दो वर्षों के शासन काल के गुण दोष पर भी बाइडेन ने जनमत मांगा है। यूक्रेन की सुरक्षा इसका खास मसला हैं।



कल हुए संसदीय चुनाव के परिणाम से तय हो जाएगा कि क्या राष्ट्रपति पद के लिए बाइडेन दुबारा प्रत्याशी बन पायेंगे?

इन चुनावों को कई कारणों से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ये मध्यावधि चुनाव अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बाकी बचे दो वर्षीय कार्यकाल की दिशा तय करेंगे। तमाम संकेत डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ हैं। चुनाव पूर्व के जनमत सर्वेक्षणों से आम संकेत मिले हैं कि हाउस ऑफ रिप्रंजेंटेटिव में सत्ताधारी डेमोक्रेटिव पार्टी बहुमत हासिल नहीं कर पाएगी। सीनेट का बहुमत भी वह गंवा सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो राष्ट्रपति बाइडन की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की अलोकप्रियता का हाल यह है कि मिडटर्म चुनाव के प्रचार के अभियान से उन्हें खुद को लगभग हटा लेना पड़ा है। पिछले कुछ दिन से उन्होंने किसी बड़ी चुनाव सभा को संबोधित नहीं किया है। इसके बजाय लोगों के छोटे समूहों से संवाद करने की रणनीति पर वे चल रहे हैं, जहां उन्हें अपने प्रशासन के कामकाज के बारे में स्पष्टीकरण देने का बेहतर मौका मिलता है।

ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने अपने एक आकलन में कहा है कि अगर दोनों सदनों में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत हो गया, तो वह बाइडन के खिलाफ कई तरह की जांच शुरू करवा सकती है। साथ ही वह प्रशासन के बजट प्रस्तावों को लटका सकती है। इसी बीच बाइडेन के लिए शासन करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

अमेरिका के इन मध्यवर्ती संसदीय चुनाव में रसोई ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण अभियान का बिंदु है। आम वोटर भी महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था (खासकर शस्त्र लाइसेंस का बेजा उपयोग), वेतन वृद्धि आदि है। इनके अतिरिक्त तीन प्रश्न अन्य अभी उठते हैं। यदि ट्रंप राष्ट्रपति पद के उम्मीदद्वार बने तो क्या बाइडेन उनसे मुकाबला कर पाएंगे? स्वयं बाइडेन के स्थान पर डेमोक्रेटिक पार्टी के पास विकल्प कौन है? उधर रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन की आक्रामकता, खासकर ताइवान की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में, विशेष ध्यान आकृष्ट करते हैं।

स्पष्ट तौर पर यह चुनाव परिणाम राष्ट्रपति जो बाइडेन के दो वर्ष के कालखंड की उपलब्धियों और विफलताओं पर भी रायशुमारी होगी। कुल मिलाकर अमेरिका के विश्व शक्ति की स्थिति पर भी नजरिया तय होगा। इन्हीं बिंदुओं पर आगामी समय में अमेरिकी राजनीति वैश्विक उथल पुथल का कारक भी बन सकती है।

भविष्य के गर्भ में आशंकायें और आशायें समाहित हैं।



**के विक्रम राव**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं,**
**संपर्क : 9415000909**

# हिमाचल : क्या टूट जाएगी लोकतंत्र की लय!

## चुनाव



**प्रेम सिंह**

1991 से दिल्ली के बाद शिमला मेरा दूसरा शहर रहा है. इस दौरान हिमाचल प्रदेश के सभी शहरों, कस्बों और गांवों में आना-जाना होता रहा है. खेती-किसानी से लेकर व्यवसाय से जुड़े लोगों तक, प्रशासन से लेकर साहित्यकारों, पत्रकारों, कलाकारों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, वकीलों, नेताओं आदि तक और कुलियों (जिन्हें खान कह कर बुलाने का रिवाज है और शिमला सहित सभी शहर कस्बे जिनकी पीठ पर टिके हैं) से लेकर इमारत, सड़क, पुल आदि के निर्माण में लगे प्रवासी और स्थानीय मजदूरों तक से कुछ न कुछ परिचय और चर्चा होती रही है. इस दौरान मैंने यह अनुभव किया है कि हिमाचल प्रदेश में बारी-बारी से कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की परिघटना को यहां का नागरिक समाज सहजता से लेता है. प्रदेश के विकास-कार्य, कार्य-संस्कृति, साहित्यिक-सांस्कृतिक-शैक्षिक गतिविधियां दोनों पार्टियों के शासन में बिना किसी खास व्यवधान के सामान्य रूप से चलती रहती हैं. कांग्रेस-शासन में भाजपा के लोगों के काम नहीं रुकते और भाजपा-शासन में कांग्रेस के लोगों के. दोनों पार्टियों की सरकारें चुनने वाली हिमाचल की सामान्य जनता का काम भी सुभीते से होता रहता है.

इस साल लगभग पूरी गर्मियां मैं शिमला में रहा. जून के अंतिम सप्ताह और जुलाई के पहले सप्ताह को मिला कर करीब 10-12 दिनों की लंबी यात्रा - शिमला, रामपुर बुशहर, सराहन, सांगला, कल्पा, पूह, सपीलो, ताबो, काजा, लोसर, चंद्रताल, बातल, कोकसर, केलोंग, उदयपुर, मनाली, कुल्लू, मंडी, बिलासपुर, शिमला - एक बार फिर की. इस दौरान मिलने वाले प्रायः सभी लोगों से मैंने आगामी विधानसभा चुनावों के बारे में उनका आकलन और रुझान जानने की कोशिश की. प्रायः सभी ने एक जैसा जवाब दिया - अभी चुनावों में देर है. कुछ फैसला नहीं किया है. देखेंगे क्या करना है. सितम्बर तक लोगों का कमोबेश यही जवाब बना रहा.

चुनावों की घोषणा के बाद से लोग कई सारे मुद्दों पर मुखर होने लगे. नौकरी-पेशा लोग स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में समाप्त की गई पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की बात करने लगे. खेती और बागवानी करने वाले किसान बीज-खाद, कीटनाशक आदि के तेजी से बढ़ने वाले खर्च की शिकायत करने लगे. जब मैंने पूछा कि प्रधानमंत्री की किसान योजना के तहत किसानों को हर महीने कुछ आर्थिक मदद मिलती है, तो कई किसानों ने कहा कि यह बनियागीरी है, एक हजार देंगे, चार हजार वापस छीन लेंगे. बेरोजगारी और महंगाई पूरे देश की तरह हिमाचल प्रदेश में भी दो गंभीर समस्याएं हैं. ये दोनों मुद्दे भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनने लगे. सेना में नौजवानों की भर्ती की अग्निवीर योजना पर लोगों का गुस्सा सामने आने लगा. इस विषय में मैंने जब हिमाचल के कुछ अवकाश-प्राप्त फौजियों से चर्चा की तो वे इसके खिलाफ काफी नाराज नजर आए. उनका कहना था कि यह योजना सेनाओं में सिपाही भर्ती की इच्छा से परिचालित युवाओं के कैरियर के लिहाज से तो गलत है ही, सेनाओं के अनुशासन और शक्ति के लिए भी घातक है. अलग-अलग महकमों के कर्मचारी भी अपनी समस्याओं के बारे में बताने लगे. यह तथ्य भी चर्चा में आया है कि 2017 के बाद से हिमाचल में नशे (ड्रग्स) की समस्या में वृद्धि हुई है. इस पूरी चर्चा में मैंने पढ़े-लिखे लोगों से हिमाचल प्रदेश में स्थापित किये जा रहे निजी विश्वविद्यालयों और नई शिक्षा नीति के बारे में सवाल किया. लेकिन मुझे आश्चर्य और निराशा भी हुई कि इन मुद्दों पर उनमें किसी की भी साफ सोच नहीं है. चुनावी चर्चा में ये मुद्दे शामिल नहीं हैं.

अब ये सभी मुद्दे चुनावी माहौल में बिखरे हुए हैं. कांग्रेस इनमें से कई मुद्दों को उठा रही है और उनके समाधान के वायदे कर रही है. जिन अखबारों में चुनावों की ठीक-ठाक रिपोर्टिंग हो रही है, उन सभी में ये मुद्दे शामिल हैं. लेकिन जरूरी नहीं है कि कांग्रेस को इसका चुनावी लाभ मिल जाएगा. इन मुद्दों के साथ लोग कांग्रेस के बिखराव का सवाल भी उठा देते हैं. राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के बिखराव का हिमाचल पर ज्यादा असर न भी हो, लोगों का कहना है कि राजा वीरभद्र सिंह के निधन के बाद हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में पहले जैसी एकजुटता का अभाव है. भाजपा शुरू से यह प्रचार कर रही है कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के कई दावेदार हैं. हालांकि, भाजपा के इस प्रचार में ज्यादा दम नहीं है. कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष और दिवंगत वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह चुनाव नहीं लड़ रही हैं. कांग्रेसियों के मुताबिक वे मुख्यमंत्री की दावेदार नहीं हैं, और संगठन के संचालन और मजबूती का काम करती रहेंगी. वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कौल सिंह ठाकुर और सुखविंदर सिंह 'सुक्खू' के नाम ही मुख्यमंत्री के दावेदारों में शेष बच जाते हैं. ये दोनों भाजपा के वर्तमान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से ज्यादा प्रखर और अनुभवी नेता हैं.



गर्मियों से लेकर अभी तक हिमाचल प्रदेश के प्रवास के दौरान मुझे कुछ ऐसे लोग मिले जिन्होंने स्पष्ट कहा कि वे मोदी के समर्थक हैं और मोदी को ही वोट देंगे. ऐसा कहने वालों में परंपरागत रूप से कांग्रेस को वोट देने वाले लोग भी शामिल हैं. यह अकारण नहीं है कि भाजपा ठोस मुद्दों और कमजोर छवि वाले मुख्यमंत्री से जनता का ध्यान हटाने के लिए पूरी तरह नरेंद्र मोदी के 'करिश्मे' पर निर्भर हो गई है. पूरा मीडिया मैनेजमेंट भी वह उसी दिशा में किया गया है. प्रधानमंत्री चुनावों के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश की चार-पांच यात्राएं कर चुके हैं. अपनी हाल की सोलन की चुनावी सभा में उन्होंने सरकार, मुख्यमंत्री उम्मीदवारों को एक तरफ हटा कर सीधे अपने नाम पर वोट डालने की अपील की है. यह दुहाई देते हुए कि लोगों का वोट मोदी के लिए आशीर्वाद होगा.

जाहिर है, भाजपा ने यह रणनीति अपनाकर मतदाताओं को यह संदेश देने की कोशिश की है कि कांग्रेस के पास मोदी जैसा नेता नहीं है. भाजपा के बागियों के लिए भी उसका संदेश है कि पार्टी से बगावत मोदी के नेतृत्व से बगावत है. हालांकि, भाजपा को ही यह सोचना है कि ऐसा करके एक राजनीतिक पार्टी और सरकार के तौर पर वह अपनी कमजोरी दिखा रही है या ताकत? लगभग सभी अखबारों ने यह लिखा है कि कांग्रेस चुनावों में आर्थिक संसाधनों की कमी से जूझ रही है. दूसरी तरफ भाजपा अपनी नई राजनीतिक शैली के तहत चुनावों पर पानी की तरह पैसा बहाती है. हिमाचल में अकेले प्रधानमंत्री की यात्राओं पर कई करोड़ रूपया खर्च हुआ है. लोगों के बीच यह चर्चा का विषय भी है. इस पर भी भाजपा को ही सोचना है कि धन-बल पर इस कदर निर्भरता उसकी कमजोरी है या ताकत?

मैंने यह पाया है कि कांग्रेस के डॉ. यशवंत सिंह परमार से लेकर वीरभद्र सिंह तक और जनसंघ/भाजपा के शांता कुमार से लेकर प्रेमकुमार धूमल तक की सामान्य जनता और बौद्धिक समाज में स्वीकृति रही है. लोकतंत्र की इस स्वस्थ शैली का परिणाम हिमाचलवासियों के अच्छे शैक्षिक और आर्थिक स्तर में निकला है. यहां महिलाओं और युवाओं की जागरूकता को भी यहां की लोकतान्त्रिक प्रक्रिया का हिस्सा माना जा सकता है. आरएसएस/भाजपा की 2014 से अस्तित्व में आई राजनीतिक शैली ने हिमाचल प्रदेश की उसके निर्माण के समय से चली आ रही इस लोकतान्त्रिक लय को काफी हद तक तोड़ा है. देखना यह है कि 12 नवम्बर 2022 को होने वाले विधानसभा चुनावों में हिमाचल के लोग लोकतंत्र की खूबसूरत लय को बचाते हैं, या और ज्यादा टूट के हवाले करते हैं?

**(समाजवादी आंदोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं, संपर्क 8826275067)**

**हिमाचल के कुछ अवकाश-प्राप्त फौजियों से चर्चा की तो वे इसके खिलाफ काफी नाराज नजर आए. उनका कहना था कि यह योजना सेनाओं में सिपाही भर्ती की इच्छा से परिचालित युवाओं के कैरियर के लिहाज से तो गलत है ही, सेनाओं के अनुशासन और शक्ति के लिए भी घातक है. अलग-अलग महकमों के कर्मचारी भी अपनी समस्याओं के बारे में बताने लगे. यह तथ्य भी चर्चा में आया है कि 2017 के बाद से हिमाचल में नशे (ड्रग्स) की समस्या में वृद्धि हुई है.**

# पराली पॉलिटिक्स से घुटती सांसें

## प्रसंगवश



**राजेश माहेश्वरी**

सर्दियों की शुरूआत होते ही दिल्ली की हवाएं जहरीली हो गई है। दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ते ही इस मुद्दे पर राजनीति भी शुरू हो गई है। हर साल की तरह पंजाब में पराली जलने से धुआं उठता लगातार दिख रहा है। यह धुआं ही आसमान में पहुंचता है और फिर दिल?ली गैस चैंबर में तब्दील हो जाती है। दिल्ली और एनसीआर की हवाएं जहरीली हो गई हैं। बावजूद इस मुद्दे पर केजरीवाल चुप्पी साधे हुए हैं, और दिल्लीवासी जहरीली हवाओं में सांस लेने को मजबूर हैं। विश्व स्तर पर 50 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची तैयार की गई है। उनमें से 28 शहर भारत के हैं। राजधानी दिल्ली गैस चैंबर तो पहले ही बन चुकी थी। यह हर भारतीय के लिये शर्मसार करने वाली बात है कि दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानियों में शुमार है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उत्तर भारत में पराली जलाने के सबसे ज्यादा मामले पंजाब में रिकार्ड किए गए हैं। बीते 28 अक्टूबर तक अकेले पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं की कुल संख्या 10,214 हो गई है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मुताबिक, इस साल 15 सितंबर से 26 अक्टूबर तक पंजाब में 2021 की इसी अवधि की तुलना में पराली जलाने की घटनाओं में नौ फीसदी की बड़ी वृद्धि हुई जो चिंता का विषय है। आयोग ने बताया कि हरियाणा में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में पराली जलाने की घटनाओं में 26 फीसदी की गिरावट आयी है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि वायु प्रदूषण राष्ट्रीय समस्या बनता जा रहा है। दिल्ली में औसत आदमी खांस रहा है। आंखों में जलन है और नाक लगातार बह रही है। सांस घुट रही है या फूलने लगती है। फेफड़ों के कैंसर फैलने के आसार बढ़ रहे हैं। स्ट्रोक आम रोग हो गए हैं। दिल का दौरा पडना, डायबिटीज का बढना, अस्थमा, डिप्रेशन, नर्वस सिस्टम, स्किन की समस्याएं, समझने की क्षमता पर चोट आदि रोग 'खतरनाक संकेत' दे रहे हैं। राजधानी के ही अस्पतालों में सांस की बीमारियों से जुड़े मरीजों की संख्या 30-35 फीसदी बढ़ गई है। छोटे बच्चों के स्कूल बंद करने पड़े हैं। सरकारी और निजी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मचारी ही आएंगे, शेष घर से काम करेंगे। जिन पार्कों में सुबह टहलने और व्यायाम करने वालों की भीड़ होती थी, वे अब लगभग सूने पड़े हैं।

असल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमेशा कहते रहते थे कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार नहीं है, पराली जलती है और जिससे धुआं उठता है और इससे दिल्ली प्रदूषित होती है। हालांकि अब पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की सरकार है फिर भी प्रदूषण की समस्या विकराल होती जा रही है। पंजाब सरकार ने आदेश तो दिया हुआ है कि जो भी किसान पराली जलाएगा उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी और उस किसान को सभी सरकारी सहुलियतों से भी वंचित कर दिया जाएगा। बावजूद इसके किसान लगातार पराली जला रहे हैं और इसको लेकर अपनी मजबूरी भी बता रहे हैं।

पिछले साल हुई एक स्टडी के अनुसार, प्रदूषण की वजह से भारत खासकर उत्तर भारत में लोगों की जिंदगी में 9 साल कम हो सकते हैं। अमेरिका की प्रतिष्ठित शिकागो यूनिवर्सिटी के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक सेंटर, पूर्व और उत्तर भारत में रहने वाले 48 करोड़ से ज्यादा लोग बहुत ज्यादा बढ़े हुए प्रदूषण के स्तर में जीवन जीने को मजबूर हैं। इन इलाकों में देश की राजधानी दिल्ली भी शामिल है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत पिछले दशक में दुनिया का पांचवां सबसे प्रदूषित देश बन गया है और दुनिया के 30 सबसे प्रदूषित शहरों में से 21 भारत में हैं। वायु प्रदूषण का सर्वाधिक प्रभाव श्वसन तंत्र पर पड़ता है। इससे सर्दी-खांसी, ब्रोकांइटिस, निमोनिया, गले का दर्द, एलर्जी, अस्थमा, फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। वाहनों के धुएं में उपस्थित कण यकृत, आहार नली और बच्चों में मस्तिष्क विकार व हड्डी की बीमारियों का कारण बनते हैं।

पंजाब के किसानों का कहना है कि, पराली जलाने को लेकर सरकारी आदेश और किए गये प्रबंध नाकाफी हैं। वास्तव में पराली के लिए मशीनें उपलब्ध नहीं हैं। वहीं निजी मशीनों से पराली को ठिकाने लगााने का काम करना मंहगा सौदा है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय का बयान है कि पंजाब में किसानों को मशीनें मुहैया कराने के लिए 1347 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं, लेकिन मशीनें किसानों तक नहीं पहुंची अथवा किसान पराली जलाने के ही आदी हैं। यदि निरीक्षण करने तहसीलदार, पटवारी, कानूनगो आदि की टीम किसानों के खेतों तक जाती है, तो उन्हें बंधक बना लिया जाता है। यह अपराध है, जिसे पंजाब सरकार को ही देखना है।

केजरीवाल जिस रसायन के छिडकाव की बात करते रहे हैं, वह पंजाब में लागू क्यों नहीं किया जा सका? अब केजरीवाल और भगवंत मान एक और साल मांग रहे हैं, ताकि पराली की समस्या को खत्म किया जा सके। एक साल के बाद की क्या गारंटी है? दरअसल अब यह दायित्व साझा है, क्योंकि प्रदूषण का विस्तार दिल्ली के बाहर भी हो रहा है।

वायु प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के मुख्य सचिव को 10 नवंबर को तलब करते हुए पराली जलाने को रोकने के लिए उठाये गये कदमों पर रिपोर्ट देने को कहा है। दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनवाई को तैयार हो गया है। यह सुनवाई 10 नवंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के समक्ष इस मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की गयी थी। दरअसल, देश में प्रदूषण को लेकर सख्त नियम हैं, लेकिन उन्हें लागू करने वाला कोई नहीं है।

पराली का जलाना तो 15 नवंबर तक कम हो जाएगा, लेकिन प्रदूषण का यही कारक नहीं है। राजधानी के पड़ोसी शहरों-गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा और गाजियाबाद आदि-में तो प्रदूषित हवा का स्तर 500 को भी छू चुका है। क्या हमारी सरकारें संवेदनहीन होकर खामोश बनी रहेंगी? क्या पराली जलाने से ही इतना भयानक प्रदूषण होता है? क्या चीन को उदाहरण मानकर और लंदन, मैक्सिको शहरों से सबक लेकर हम प्रदूषण को कम नहीं कर सकते? चीन ने अपने देश में करीब 40 फीसदी प्रदूषण कम किया है, नतीजतन वहां औसत उम्र 2 साल बढ़ गई है।

पराली जलाने से औसतन 38 फीसदी प्रदूषण हो रहा है। इनके अलावा कूड़ा जलाना, आग, प्रदूषित उद्योग, चूल्हा जलाना, सडक की धूल, निर्माण-कार्य आदि भी प्रदूषण के बुनियादी कारक हैं। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में गाड़ियों के कारण सबसे ज्यादा प्रदूषण है। जब प्रदूषण 'बेहद खतरनाक' स्तर पर पहुंच गया, तो दिल्ली में प्रदूषित वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी चस्पा की गई है। जबकि पंजाब और दिल्ली दोनों की बागडोर केजरीवाल की पार्टी के हाथों में है, ऐसे में अब किसानों के लिए बायो-डीकम्पोजर्स की अपनी बहुप्रचारित योजना को लागू करने का पूरा अधिकार है।

दिल्ली और पंजाब दोनों जगह आम आदमी पार्टी की सरकार हैं, और इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई करने के सियासत ही होती दिख रही है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि लोगों को स्वच्छ हवा में सांस लेने का बुनियादी अधिकार है और कोई भी समाज पर्यावरण की अनदेखी नहीं कर सकता है। दरअसल, प्रदूषण की समस्या एक दिन की नहीं है। साल भर इससे निपटने और इस मुद्दे पर संजीदा होने की जरूरत है।

**लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं**

# इनसान की पहचान का संकट



**तीरथ सिंह खरबंदा**

**एक**

ट्रेन रात को मुम्बई से चलकर सुबह सुबह कब रतलाम पहुँच गई यह उसे यह तब पता चला जब चाय बेचने वालों की आवाजें चाय ले चाय ले उसके कानों में सुनाई देने लगीं। रतलाम पहुंचते पहुंचते उसे अच्छी खासी ठंड महसूस होने लगी थी, ऐसे में उसकी चाय पीने की तलब और तेज हो गई थी। ट्रेन वहाँ पाँच मिनट तक रुकने वाली थी। वह उतरा और चाय वाले को आवाज देकर उससे कुल्हड़ में भरी गरम चाय लेकर उसकी चुस्कियाँ लेने लगा। इस बीच चाय वाला लड़का दूसरे मुसाफिरों को चाय देने में लग गया। इसी दौरान उसने भी चाय पूरी पी ली थी। वह लड़का लौटकर जब पैसे लेने आया तब पैसे मिलने पर वह शुक्रिया जनाब कहकर तेजी से आगे निकल गया। उसके कहे गए ये दो शब्द उसके कानों से होते हुए तेजी से उसके दिमाग में जा घुसे। उसे जिस चाय का स्वाद पीते समय बहुत अच्छा लगा था अब उसी चाय का स्वाद उसे कुछ अजीब सा महसूस होने लगा। दरअसल अब वह शब्दों से लोगों की पहचान करने लगा था।

**दो**

जब ट्रेन गौतमपुरा स्टेशन पर पहुंची तो पैसेंजर गरम केसरिया दूध का आनंद लेने के लिए नीचे उतरने लगे तो वह भी पीछे-पीछे उतर गया। जब वह स्टॉल पर दूध खरीदने वालों की लाइन में लगा था तभी उसकी नजर वहाँ कार्यरत कर्मचारी के गले में लटके ताबीज पर चली गई और वह उल्टे पाँव वापस लौट आया और चुपचाप आकर अपनी सीट पर बैठ गया। अब वह लोगों की पहचान उनके आस पास की वस्तुओं से करने लगा था।

**तीन**

जब उसके यहाँ बहुत वर्षों तक कोई संतान न हुई तो वह जगह-जगह जाकर मन्नतें मानने लगा। इसी बीच वह अजमेर भी गया और लौटते में वहाँ के बाजार से एक गोल जालीदार टोपी खरीद लाया। अब जब भी वह उसे पहनकर और माथे पर चंदन का टीका लगाकर अपने मोहल्ले में निकलता तब उसके अपने ही लोग उसे हैरत भरी निगाहों से अजनबियों की तरह देखने लगते। शायद वे भी अब इंसान की पहचान उसके पहरावे से करने लगे थे।

**चार**

इस बार जब वह माँ से मिलने लखनऊ गया और देर रात को वहाँ पहुंचा तब तेज बारिश हो रही थी और सड़कों पर चारों तरफ अंधेरा पसरा हुआ था। उसने हाथ देकर एक ऑटो रोका फिर उसके अंदर झांक कर देखा और तेजी से दूर हट गया। दरअसल वह ऑटो रिक्शा में बैठने से पहले आश्वस्त हो जाना चाहता था। आखिर में वह जिस ऑटो में सवार हुआ उसमें सामने की ओर अलग-अलग तरह की कई तस्वीरें लगी हुई थीं। वह आश्वस्त मन से उसमें बैठ गया किन्तु गंतव्य पर पहुँचकर उसे पता चला कि वह जिससे बचने की लगातार कोशिश कर रहा था आखिर उसी ने उसे गंतव्य तक सुरक्षित पहुँचा दिया था। दरअसल वह अपने आसपास लगी तस्वीरों से लोगों की पहचान करने लगा था।

**पाँच**

उसे याद आया कि पिछली बार जब माँ बीमार हुई थी और तब उसे दुर्लभ समूह के रक्त की सख्त जरूरत थी। उस समय उसने कभी यह जानने की कोशिश न की थी कि जो रक्तदाता उसकी माँ को नया जीवन दे गया था उसकी निजी आस्थाएं और मान्यताऐं क्या थीं। लेकिन वह इतना जरूर समझ गया था कि सबके खून का रंग एक जैसा लाल होता है और जब वह वापस जाने लगा तो उसके मुहं से सहज ही निकल गया था - बहुत शुक्रिया जनाब!

अब वह सोचता है कि इस दौर में अपना हित साधने के चक्कर में, नित नए रूप धारण करने वाले बहरूपियों के कारण इंसान की पहचान का कितना गंभीर संकट खड़ा हो गया है!

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# नजर रखने के मायने

## व्यंग्य



**डा प्रदीप उपाध्याय**

दद्दा जी,ये नजर क्यों रखी जाती है! मैंने धीर-गंभीर दद्दा जी से पूछा।

भाई,नजर रखने के अलग - अलग कारण होते हैं और अलग-अलग मायने भी।अभी तो विपक्षियों के कारनामों पर खासतौर पर नजर रखी जा रही है। शंकालू पत्नी अपने पति पर नजर रखती है। खुफिया एजेंसी दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रखती है। और भी बहुत सी बातें हैं, क्या-क्या गिनाऊं। तुम तो यह बताओ कि यह सब तुम किस कारण से पूछ रहे हो।

दद्दा ,लगता है कि इस बार तीर निशाने पर ही लगेगा।

फिर वही बात!क्यों भाई, तुम्हें ऐसा क्यों लग रहा है और यह तुम किस संदर्भ में यह सब कह रहे हो। कुछ खुलासा करके बताओ ,तभी बात भी समझ में आ सकेगी।

दद्दा, महंगाई पर अब नजर रखी जाएगी।

तो ?इसमें कौन सी खास बात है! महंगाई पर तो नजर नहीं भी रखेंगे तब भी वह दिखाई देगी। क्या अभी तक वह छुपती-छुपाती आई है और वैसे भी नजर रख लेने भर से महंगाई कौन सी शमार्नें वाली है! वह कोई पुराने जमाने वाली नवनवेली दुल्हन सी छुईमुई होकर सिमटकर बैठ जाने वाली तो है नहीं,वह तो आज के जमाने वाली आधुनिका के समान है।अब खुलेपन का जमाना है। स्वच्छंद रहने का समय है, बंधनों से मुक्ति का आगाज है।ऐसे में महंगाई को जितना विस्तार पाना है, विस्तारित होती ही चली जाएगी।

फिर भी दद्दा,यह हो सकता है कि अभी तक उसपर नजर रखी ही नहीं गई हो और वह इसी कारण स्वच्छंद विचरण करती चली आ रही हो।और अब उसपर नजर रखने का फैसला लिया गया हो।

भाई तुम एक बात बताओ कि क्या महंगाई कोई चिड़कली का बच्चा है!जो तुम समझ रहे हो कि उसे कहीं निशाने पर रखा जाकर उससे दृष्टि सम्बन्ध बनाया जा सके।वह तो तितली की मानिंद है जो कभी यहां तो कभी वहां। उसपर नजर रखना क्या इतना आसान है!

लेकिन दद्दा,जब लक्ष्य निर्धारित हो तो लक्ष्य भेदन भी आसान हो जाता है।

बात तो तुम्हारी सही है किन्तु एक बात बताओ कि अभी तक महंगाई पर अर्जुन की तरह नजर किसने रखी है! और फिर तुम्हें अपने आसपास कोई अर्जुन जैसी क्षमता रखने वाला दिखाई दिया है।

नहीं ,अभी तक ऐसा कोई लक्ष्यवान सामने आया ही नहीं था किन्तु अब लगने लगा है कि कुछ तो होकर ही रहेगा।

ठीक है भाई, तुम कह रहे हो कि वे नजर रख लेंगे लेकिन क्या नजर रख लेने से ही लक्ष्य हासिल हो जाएगा! वैसे भी अभी तक कई लोगों ने मंहगाई पर काबू करने के दावे किए लेकिन महंगाई वहीं की वहीं हैं।उसका भेदन कोई नहीं कर पाया है।जिस दिन तुम्हें अर्जुन दिखाई दे जाए,उस दिन ही मुझसे बात करना क्योंकि तब लक्ष्य भी सामने होगा, लक्ष्य पर भी नजर और लक्ष्य भेदन भी।

अरे दद्दा, मैं यही तो कहना चाह रहा था।क्या आपने वह समाचार नहीं पढ़ा, जिसमें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर ने कहा था कि अर्जुन के कौशल की बराबरी कोई नहीं कर सकता लेकिन आरबीआई की अर्जुन की तरह महंगाई पर लगातार नजर रखने की कोशिश है।

तो यह तुमने पहले क्यों नहीं बताया। हमें तो ऐसे ही अर्जुन की तलाश थी। लगता है कि जो महंगाई डायन अभी तक हमें खाए जा रही थी,अब अर्जुन की नजरों के तीर से ही घायल होकर अधमरी पड़ी रहेगी और फिर कभी उठने का साहस नहीं कर सकेगी।हा हा हा।

और मैं दद्दा की बात सुनकर उनका चेहरा ही देखता रह गया। मैं समझ नहीं पाया कि वे गंभीरता से जवाब दे रहे हैं या फिर मजाक उड़ा रहे हैं।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ

**पहल**

**09 नवम्बर से प्रारम्भ होकर 08 दिसम्बर तक चलेगा विशेष अभियान**

**एडीएम वित्त ने किया अभियान का शुभारम्भ**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूचियों को पुनरीक्षित व त्रुटिहीन करने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में बुधवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के0बी0 डिग्री कालेज के सामुदायिक भवन में शुभारंभ किया गया। इस दौरान उप-जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने उपस्थित शिक्षक, छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों तथा बी0एल0ओ0 को मतदाता शपथ दिलाकर शिक्षक, छात्र-छात्राओं तथा कर्मचारियों से आह्वान किया कि वह जनसमुदाय में अभियान के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाएं। इसी से मतदाता सूचियों को पूरी तरह त्रुटिहीन बनाने के साथ ही हर पात्र का नाम भी इसमें जुड़वाया जा सकेगा। उप-जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि पात्रता पूरी करने वाले स्वयं के साथ वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने से वंचित अन्य लोगों का नाम भी सूची में दर्ज अवश्य कराएं। अभियान के दौरान एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम सूची में जुड़वाने पर विशेष जोर रहेगा। इस दौरान 12, 20, 21 व 26 नवंबर और 4 दिसम्बर को विशेष तौर पर बूथ दिवस का आयोजन भी होगा। इसमें सभी पोलिंग बूथों पर मौजूद बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के नाम जुड़वाने, हटवाने, नाम पता आयु की त्रुटि को दुरुस्त कराने का कार्य संबंधित फार्म भरवाने का कार्य करेंगे। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने बताया कि मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन बुधवार को कर दिया गया हैं, यह विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 09 नवम्बर 2022 से प्रारम्भ होकर 08 दिसम्बर 2022 तक चलेगा। जिसमें सभी बी0एल0ओ0 घर-घर जाकर निर्वाचक नामावली में नाम को सम्मिलित/हटाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महाविद्यालयों में एक वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष/हेल्पडेस्क बनवाया जाय जिसमें एक अध्यापक को क्वाडिनेटर के रूप में भी नामित किया जाय। इस दौरान उप-जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल ने जावेद, रोशनी वर्मा, शिवानी चौरसिया, कविता, अनिल साहनी, प्रिया शर्मा, आरती साहिल और पायल शर्मा आदि को फार्म-6 लेकर मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि करने का शुभारंभ किया। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद मिश्र, कार्यक्रम का संचालन डॉ कुलदीप पांडेय के द्वारा किया गया।


मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि करने का शुभारंभ करते एडीएम वित्त

## बीइओ के निरीक्षण में गायब मिले प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित चार लोग

**हलिया।** विकास खंड हलिया के महुअट गांव के कंपोजिट विद्यालय व हलिया उच्च प्राथमिक विद्यालय का बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी हलिया जयकुमार यादव ने औचक निरीक्षण किया। बीईओ के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजयशंकर, सहायक अध्यापक ललित मोहन व शिक्षामित्र प्रभंजन कुमार तिवारी व शिवनारायण अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय में अनुपस्थित प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सहायक शिक्षामित्रों को बीइओ ने आनलाइन प्रेरणा इंस्पेक्शन एप के माध्यम से अनुपस्थित कर दिया और बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास एक दिन का वेतन रोकने के लिए भेज दिया। निरीक्षण में विद्यालय के 102 छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं। इसके बाद बीईओ पूर्व माध्यमिक विद्यालय हलिया पहुंचे जहां अनुदेशक सुजीत कुमार बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले जिनके खिलाफ प्रेरणा इंस्पेक्शन एप से आनलाइन कार्यवाही के लिए अधिकारियों को अवगत कराया।पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कुल 259 छात्र पंजीकृत है जिसमें कुल156 छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं विद्यालय में मीनू के अनुसार एमडीएम तहरी व दूध का बच्चों में वितरण किया गया था। इस संबंध में बीईओ जय कुमार यादव ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय महुअट व पूर्व माध्यमिक विद्यालय हलिया का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित सहायक व शिक्षामित्र अनुपस्थित मिले।

# शराब, भू, वन व खनन माफियाओं पर करें कार्रवाई : एसपी

**सख्ती**

**पुलिस लाइन सभागार कक्ष में किया गया सैनिक सम्मेलन**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन किया गया। सैनिक सम्मेलन के आयोजन में जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध गोष्ठी की गई। जनपद की कानून व्यवस्था प्रमुख अपराधों विवेचनाओं के निस्तारण एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही आदि बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारीगण को अपने क्षेत्रांतर्गत थानों का निरीक्षण कर महिला हेल्प डेस्क, जन शिकायत आदि की समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया। शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा गांवों, मोहल्लों में चौपाल लगाकर, स्कूल व कालेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति तथा उन्हे सुरक्षित परिवेश की अनुभूति, जनजागरूकता, आत्मरक्षा के बारे में तथा विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारें में जन जागरूकता के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी गई। अवैध, अपमिश्रित शराब व नशीले पदार्थों के रखने व बेचने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं शराब माफिया भू माफिया वन माफिया व खनन माफिया के विरुद्ध कार्यवाही करने, महिला संबंधी अपराधों में अभियुक्तों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही, गैंगस्टर अधिनियम एवं गुंडा अधिनियम की कार्यवाही तथा टॉप-10 अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री कांत, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन महेश अत्री, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, आशुलिपिक, प्रतिसार निरीक्षक, आरआई रेडियो, अपराध शाखा प्रभारी, आबकारी विभाग अधिकारी सहित समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष व शाखा प्रभारीगण उपस्थित रहे।


अपने मातहतों को संबोधित करते एसपी

## चोरी का खुलासा न होने पर पीड़ित ने लगाई गुहार

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव में बीते 21 अक्टूबर की रात घर में सेंधमारी कर बीस हजार नकदी और आभूषण चोरी का पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नही किए जाने तथा मामले का खुलासा नही किए जाने पर पीड़ित श्याम लाल ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र को प्रार्थना पत्र देकर चोरी का मुकदमा दर्ज कराने तथा मामले का खुलासा किए जाने की गुहार लगाई है। दिए गए प्रार्थना पत्र में श्याम लाल ने बताया कि बीते 21 अक्टूबर को घर में सेंधमारी कर चोर बीस हजार रुपए नकद व सोने चांदी के जेवरात उठा ले गए थे। मामले की जानकारी होने पर घटना की सूचना डायल 112 पर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर चली गई। बीते 22 अक्टूबर को अज्ञात चोरों के विरुद्ध ड्रमंडगंज थाने में तहरीर दी थी। चोरी करने वाले का पता चलने पर 31 अक्टूबर को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन ड्रमंडगंज पुलिस की लापरवाही के चलते बीस दिन बाद भी चोरी का मुकदमा दर्ज नही किया गया न ही चोरी का खुलासा किया जा सका।

## फिर चोरों ने चटकाया विद्यालय का ताला सामान गायब

**हड़कंप**

**विद्यालयों पर है चोरों की पैनी नजर**

**जमालपुर।** इन दिनों हौसला बुलंद चोरों द्वारा शिक्षा के मंदिरों को लगातार निशाना बना रहे हैं। वहीं पुलिस मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर रही है। ऐसी ही पहली घटना अज्ञात चोरों ने पिछले गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय हसौली का ताला तोड़कर दो गैस सिलेंडर और दो डेगा लेकर चंपत हो गए थे। जिसकी थाने में तहरीर देने के बाद पुलिस ने जांच किया। वही दूसरी घटना करजी गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने रसोई घर से दो गैस सिलेंडर, एक कुंटल चावल, पच्चास किलो गेहूं और एक चूल्हा की चोरी करके चोर चंम्पत हो गए। मंगलवार की सुबह नियत समय पर विद्यालय खुलने पर यह देख सभी स्टाफ भौंचक्का हो गए। जिसकी सूचना प्रधानाध्यापिका साधना सिंह ने थाने पर तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया। वही तीसरी घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के धोबही गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने रसोई घर का ताला तोड़कर एक गैस सिलेंडर लेकर अज्ञात चोर फरार हो गए। वुधवार की सुबह जानकारी होने पर प्रधानाध्यापिका भाग्य प्रभा सिंह ने अदलहाट थाने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।


चोरी की जांच करती पुलिस

## डायरिया ग्रस्त गांव में जांच पड़ताल करने पहुंची ब्लॉक की टीम

### महिला की हालत बताई जाती है गंभीर

**राजगढ़।** विकास खंड क्षेत्र के भागलपुर गांव में फूड प्वाइजनिंग से डायरिया फैलने की खबर के बाद दूसरे दिन गांव में जांच के लिए पहुँचे सहायक विकास अधिकारी राजकपूर सिंह ने पीड़ितों की हालत गंभीर देख पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वही एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। सहायक विकास अधिकारी राज कपूर ने टीम के साथ गांव में पहुंचकर साफ सफाई कराया तथा पेयजल का सैंपल जांच हेतु अपने साथ ले गए। विकास खंड राजगढ़ के भागलपुर गांव में दूषित पानी पीने व बासी भोजन करने से हुई फूड प्वायजनिंग से सोमवार की रात एक ही परिवार के सावित्री 30 वर्ष पत्नी रंजीत, मोहिनी 8 वर्ष पुत्री रंजीत, रंजीत 35 वर्ष पुत्र राजनारायण तथा विक्रांत 6 वर्ष पुत्र रंजीत को उल्टी दस्त होने लगी थी। सभी को सोमवार की रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया था। जहां हालत में सुधार होने पर मंगलवार की शाम सभी को घर भेज दिया गया था। घर पहुंचने पर रात में ही चारों की हालत फिर खराब हो गई। जिससे बुधवार को पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया है। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता राज कपूर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी संजय पांडेय, सफाई कर्मियों की टीम लेकर गांव में पहुंचे। वही पेयजल के लिए लगाए गए हैंड पंप के पास तथा गांव में फैली गंदगी को देखकर सफाई कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए साफ सफाई कराया साथ ही हैंडपम्प का खराब पानी देख उसका सैम्पल नमूना जाँच के लिए ले गए तथा ग्राम प्रधान व वीडियो को उसे ठीक कराने का निर्देश दिए। तत्पश्चात एडीओ राजकपूर अस्पताल पहुँचकर डायरिया से पीड़ित मरीजों का हाल जाना तथा चिकित्सक से परामर्श किया। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता राजकपूर ने बताया कि हैंडपम्प का पानी दूषित है तथा आसपास व गांव में गंदगी फैली थी। जिसकी सफाई कराई गई हैं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर के सिक्योरिटी गार्ड के घर चोरी

**कछवां।** थाना क्षेत्र के मझवां गांव में इन दिनों चोरी की घटनाओं से आसपास की जनता में भारी भय व्याप्त है। बुधवार को कछवां निवासी दीपक रावत पुत्र झग्गड़ रावत जोकि वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में तैनात हैं। जिनका मकान मझवां गांव के प्रेम के पूरा नहर के समीप स्थित है। जो कि परिवार में सिर्फ मां रहती थी। वहीं बुधवार को घर में चोरी की खबर सुनते ही भागे चले आएं और घर की हालात देखते ही पैरों तले जमीन खिसक गई। देखा तो घर के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। जिसके अंदर रखा इन्वर्टर, बैटरी, सिलेंडर, रुम हिटर नहीं था। बैग में रखा आठ हजार नगद भी गायब रहा। वहीं आसपास के लोगों के अनुसार सोमवार को चोरी का आशंका जताया जा रहा है। पड़ोसियों का कहना है कि मंगलवार से ही घर का दरवाजा खुला हुआ था। जिसे लोगों ने नजर अंदाज कर दिया था। फिर बुधवार की सुबह उसी हालत में दरवाजा खुला रहा तो पड़ोसी ने दीपक को फोन पर आने की बात पूछी। तब पड़ोसी ने दरवाजा खुला होने की जानकारी दिया।

# किसानों से सम्पर्क कर खरीद के बारे में ले जानकारी : डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी क्रय केन्द्र के संस्था प्रभारियों एवं केन्द्र प्रभारियों के साथ बैठक कर खरीद के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। किसानों को अपने धान को आसानी से बेच सके इस हेतु उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र प्रभारी वे केन्द्र के सम्पर्क/टोकन रजिस्टर में अंकित सम्पर्क क्रमांक के आरोही क्रम में फोन करके एक सप्ताह की खरीद के बारे जानकारी ली जाय। उन्होने कहा कि यदि किसी केन्द्र पर एक सप्ताह में 25 किसानो से धान क्रय किया गया है तो प्रभारी द्वारा सम्पर्क क्रमांक के आरोही क्रम में किसानों को उस क्रमांक तक फोन किया जाय जब तक अगले सप्ताह के लिये खरीद हेतु किसान मिल नही जातें। उन्होने कहा कि किसानों वार्ता कर जानकारी ली जाय कि उनका धान कब तैयार हो जायेगा। उन्होने कहा कि किसानों यह भी बताया कि वे वही तिथि जिस पर वे धान केन्द्र पर ला सकते हैं। उन्होने कहा कि यदि निर्गत टोकन तिथि पर अपना धान नही लाते है तो उन्हें पुनः 15 दिन बाद का टोकन दिया जायेगा। सभी क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारिता के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि तहसीलों स्थापित सभी केन्द्रो के सम्पर्क रजिस्टर किसान आई0डी0 को एक्सलशीट शीट पर फीड कराकर ऐसे विवरणो को फिल्टर करके सूचीबद्ध कर लें। जिनके द्वारा एक से अधिक केन्द्रो पर अपना विवरण दर्ज कराया गया हैं। तत्पश्चात जिस केन्द्र सबसे कम सम्पर्क क्रमांक हैं वहां छोड़कर शेष केन्द्रो को सम्पर्क रजिस्टर से उसका सम्पर्क क्रमांक निरस्त सूचित कर दिया जाय। उन्होने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ऐसे किसान जो छोट है उनके धान शत प्रतिशत क्रय होना चाहियें। उन्होने सभी किसान भाईयों से अपील करते हुये बिचैलियों से बचे। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी केन्द्र पर कोई गड़बड़ी तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभान सिंह, चुनार नीरज पटेल, मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, लालगंज नवनीत सेहारा, डिप्टी आर0एम0ओ धंनजय सिंह सहित सभी केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहें।

### शारीरिक दक्षता को बनाये रखते हुए खेलें खेल : डीआईजी

**मीरजापुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी. सिंह व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन मीरजापुर में 25वीं अंर्तजनपदीय शूटिंग स्पोर्ट्स एवं एलार्म एफिसिएन्सी रेस प्रतियोगिता का समापन किया गया। सर्वप्रथम पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक का कैप व बैज लगाकर स्वागत किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र का प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों से परिचय कराया गया तद्उपरान्त पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र द्वारा विजयी टीम के सदस्यों को विजेता ट्राफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कार्य में प्रगति न लाने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर होगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

**मजदूरों व मशीनों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य में लायें तेजी**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति योजना से सम्बन्धित पाइप पेयजल योजनाओं को ससमय एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कराये जाने एवं कार्यो हेतु लम्बित अनापत्ति प्रमाण पत्रों तथा नवीन विद्युत संयोजन के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी।

जिलाधिकारी ने सभी एजेंसियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य की समयबद्धता व गुणवत्ता महत्वपूर्ण हैं, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। समीक्षा के दौरान एजेंसियो के कार्यो में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर उन्होने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि एक सप्ताह के अन्दर मजदूरों व मशीनों आदि की संख्या में बढ़ोतरी करते हुये कार्य को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाय।

कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुये कहा कि हाउस कनेक्शन में आ रही कठिनाई को दूर करते हुये सही कराने का निर्देश दिया। उन्होने सभी कार्यदायी संस्थाओं को कड़ी चेतावनी देते हुये निर्देशित किया कि कार्य में प्रगति लाये अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

उन्होने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि मीटर पैनल एक सप्ताह के अन्दर बनवाना सुनिश्चित करें।

उन्होने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुये कहा कि कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर कार्य करायें। उन्होने कहा कि कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे कार्यो में जांचोपरान्त यदि कोई अनियमितता/ गुणवत्ता से छेड़छाड़ पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। इसमें किसी भी स्तर पर रूकावट नही आना चाहियें। समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि कुल 06 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 09 प्रोजेक्ट से सम्बन्धित कार्यो को किया जा रहा है। इस अवसर पर अधिशाषी अभियन्ता जल निगम के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।


बैठक को संबोधित करतीं डीएम

## पंचायत भवन में ही करायें ग्राम पंचायत कार्यालय का संचालन : डीपीआरओ


सचिवों को संबोधित करते डीपीआरओ

**हलिया।** ब्लाक सभागार में बुधवार को डीपीआरओ अरविंद कुमार ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

बैठक में डीपीआरओ ने आवास, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, शौचालय आदि का समीक्षा किया है। डीपीआरओ ने सचिवों को निर्देश दिया है कि पंचायत भवन में ही ग्राम पंचायत कार्यालय का संचालन कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित सचिवों के खिलाफ कार्रवाई करें। ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय रोस्टर के हिसाब से खुलना चाहिए।

पंचायत सहायक का मानदेय ससमय भुगतान करें। ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट शासन से टाइयप कंपनी का ही लगवाए। ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कार्य करने को कहा। इस दौरान बीडीओ कुलदीप कुमार उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### बोलेरो से आए तीन चोर, पांच बोरी आलू और 25 टमाटर लेकर फरार

**मीरजापुर।** जिले से हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। जहां पर तीन चोर बोलेरो कार से आए और एक दुकान से पांच बोरी तीन कुंतल आलू और पच्चीस किलो टमाटर चोरी कर फरार हो गए। यह चोरी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और वीडीओ वायरल हो गया। दुकानदार किशन कुमार का कहना है उन्होंने थाने में तहरीर दी है लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिले से चोरी की बेहद ही हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां पर बोलेरो कार में आए चोरों ने किराना की दुकान से पांच बोरी तीन कुंतल आलू और एक कैरेट पच्चीस किलो टमाटर चोरी कर फरार हो गए। आलू और टमाटर की चोरी करने वालों का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। चोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, पटेहरा कला पुलिस चौकी अंतर्गत सुगापाख खुर्द गांव में किशन कुमार कि किराने की दुकान है। उनकी दुकान के बाहर बोरी में आलू और टमाटर रखे हुए थे। रात करीब 12 बजे बोलेरो सवार चोर दुकान पर पहुंचे फिर इन अज्ञात चोरों ने दुकान के बाहर रखे पांच बोरी आलू और एक कैरेट टमाटर बोलेरो में भर लिए और फरार हो गए। यह वायरल वीडियो 2 नवंबर का बताया जा रहा है।

### लंबित विवेचनाओं की कार्ययोजना बनाकर करें त्वरित निस्तारण : डीआईजी

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0सिंह द्वारा परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के अपराध शाखा विवेचना सेल के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान पाया गया कि अपराध शाखा (विवेचना विंग) द्वारा संपादित विवेचनाओं जैसे जघन्य अपराध,(लूट, बलात्कार), साइबर अपराध (आईटी एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत सभी अपराधों की विवेचना), मनी लॉड्रिंग फाइनेंसियल फ्रॉड, से संबंधित विवेचना में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता है। विवेचक द्वारा एक वर्ष से ऊपर की लंबित विवेचनाओ के संबंध कार्ययोजना बनाकर त्वरित निस्तारण किया जाए। साथ ही सभी उपस्थित विवेचकगण को निर्देशित किया गया कि लंबित मुकदमों को गुणदोष के आधार पर यथाशीघ्र निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। आगामी समीक्षा बैठक में अपने-अपने मुकदमों में कार्ययोजना के साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित होंगे। उक्त बैठक के दौरान तीनों जनपद के अपराध शाखा विवेचना सेल के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### गहने समेत नगदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

**मीरजापुर।** नगर के गणेशगंज सब्जी मंडी स्थित दीनदयाल के घर मे मंगलवार की रात चोरों ने नगदी समेत गहनों पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार गणेशगंज सब्जी मंडी निवासी दीनदयाल की लड़की डेंगू से पीड़ित है जिसका ईलाज मण्डलीय अस्पताल में चल रहा था। ईलाज के लिए उसको भदोही रेफर कर दिया गया था। परिजन लड़की का ईलाज कराने के लिए भदोही गए हुए थे। मौके का फायदा उठाते हुए चोरों ने बुधवार की रात घर में घुसकर पूरे घर को खंगालते हुए लगभग पांच लाख के गहना समेत 12000 हजार नगद चोरी कर ले गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गृह स्वामी को दी। जानकारी होने पर परिजनों ने इसकी सूचना लिखित रूप से दे दी । मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

### महिला ने युवक पर जबरदस्ती दुराचार करने का लगाया आरोप

**हलिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पंद्रह वर्षीय किशोरी की मां ने बुधवार की दोपहर थाने में तहरीर देकर किशोरी के साथ पड़ोसी युवक के द्वारा दुराचार करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। महिला के द्वारा दिये गए पुलिस के तहरीर में बताया कि पंद्रह वर्षीय पुत्री बगल में स्थित राजकीय हाई स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है।बुधवार को स्कूल पढने के लिए गयी थी कि माध्यान्ह अवकाश में एक्सचेंज के पास शौच करने गई थी कि पड़ोसी युवक पुत्री को जबर्दस्ती बाइक पर बैठाकर बंधी के पास लेकर गया तथा जबरदस्ती पुत्री के साथ दुराचार किया घटना की आपबीती पुत्री ने मुझे बताया तब थाने पर पुत्री के साथ आकर तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि महिला के द्वारा तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल कराया जा रहा है मामला सही पाये जाने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### आरोपित के खिलाफ करायी गई 82 सीआरपीसी की कार्रवाई

**हलिया।** प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बुधवार को हमराह कांस्टेबल के साथ पंहुचकर गैंगस्टर के आरोपित विंध्याचल थाना क्षेत्र के जोधीपुर बिरोरा निवासी सूरज उर्फ सूर्यकांत के खिलाफ न्यायालय से 82 सीआरपीसी का नोटिस जारी होने पर नोटिस के तामिला कराने के लिए आरोपित के घर पंहुचकर पुलिस ने नोटिस को चस्पा कराया है। इसके बाद आरोपित को न्यायालय में आत्मसमर्पण के लिए गांव में प्रचार प्रसार कराते हुए गांव में मुनादी कराई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के आरोपित के खिलाफ न्यायालय से 82 सीआरपीसी की नोटिस जारी होने पर आरोपित के घर पंहुचकर नोटिस का तामिला आरोपित कराते हुए मुनादी कराई गई है।

### अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन

मीरजापुर। पथरिया स्थित आयुक्त कार्यालय में बुधवार को अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के द्वारा अधिवक्ताओं नें राज्यपाल के नाम आयुक्त के माध्यम से तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। बताया कि उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं की समस्याओं और जान माल की सुरक्षा के लिए सुरक्षा अधिनियम तत्काल लागू किया जाय। अधिवक्ताओं की उम्र 70 वर्ष पूर्ण करने पर पेंशन व्यवस्था की जाय। अधिवक्ताओं के हित में सामूहिक अधिवक्ता बीमा योजना एवं स्वास्थ्य बीमा योजना तत्काल लागू की जाय। जिसमें अभिषेक कुमार दुबे, गंगा प्रसाद यादव, अवनीश, सत्य प्रकाश, लालजी सिंह समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहें।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत तेंदुआ कलां गांव निवासी रामजतन पाल का 30 वर्षीय पुत्र राम नरेश पाल मंगलवार की देर रात लहंगपुर बाजार से अपने घर जा रहा था कि ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के सामने विपरीत दिशा से आ रहे बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को एम्बुलेंस सेवा से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद स्थित गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। बुधवार को परिजनों ने बताया कि रामनरेश पाल किसी काम से लहंगपुर गए थे कि वापस घर लौटते समय यह हादसा ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के सामने हो गया।

### नम्बर लगाने को आपस में भिड़े किसान

**जमालपुर।** क्षेत्र के सहकारी समिति चौकियां धान क्रय केंद्र पर बुधवार को टोकन के लिए नंबर लगाने को लेकर किसानों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराते हुए सभी को एक लाइन में खड़ा कराकर किसानों का टोकन नंबर क्रमशः शुरू कराया गया। इस दौरान चौकियां, भाईपुर, बनौली, ढेबरा, मनई, शेरवां, भभौरा, मुडहुआ, गौरी, भोकरौध सहित दर्जनों गांव के किसान मौजूद रहे।

### जीडी बिन्नानी डिग्री कॉलेज में चलाया गया जागरूकता अभियान

**मीरजापुर।** यातायात माह के नौवें दिन पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात अनिल कुमार पाण्डेय क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना को0देहात क्षेत्र क्षेत्रातर्गत भरुहना चौराहे पर जीडी बिन्नानी डिग्री कॉलेज में यातायात जागरुकता आभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले सरस्वती जी की चित्र पर दीपक जलाकर एवं माल्यार्पण करके शुरूआत किया। तत्पश्चात कालेज की प्रधानाचार्या वीना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर एवं क्षेत्राधिकारी यातायात को बुकें देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कालेज के टीचर धर्मेन्द्र पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में कालेज के छात्र छात्राओं को एकत्रित कर यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा नियमों का पालन न करने पर प्रवर्तन की कार्यवाही हेतु जागरुक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी यातायात, देहात कोतवाली प्रभारी विपिन सिंह, एस आई काशी सिंह कुशवाहा, भरूहना चौकी इंचार्ज नरेन्द्र यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने बताया इस तरह के संयुक्त जागरुकता अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

### नहर में पानी न आने से किसानों की नहीं हो पा रही बुआई

**लालगंज।** सिरसी नहर के किसानों की खरीफ की फसल प्रभावित होने के बाद रबी की फसल भी प्रभावित होगी क्योंकि सिंचाई विभाग ने स्पष्ट कर दिया है गेहूं की बुआई के लिए एक बार पानी मिलेगा। यदि एक ही बार पानी मिलेगा तो निश्चित रूप से गेहूं की फसल का होना संभव नहीं होगा। विकासखंड लालगंज के किसानों को सिरसी नहर से एक बार पानी मिलने की संभावना जताए जाने के बाद किसानों में मायूसी छा गई है। इस वर्ष किसानों ने धान की फसल की रोपाई पानी के अभाव में बेहतर ढंग से नहीं कर पाए हैं। उनके सामने तो दोहरी मार पड़ रही है। इस विकट समस्या से जुड़ने के लिए उनके सामने भरण पोषण और भविष्य की चिंता सताने लगी है। यह भी सच है कि कृषि विभाग ने सिंचाई विभाग के साथ तालमेल बनाकर किसानों को रबी की फसल कम पानी वाली की जानकारी नहीं दिया है। जिससे उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था की कमी खटकने लगी है। किसानों का कहना है कि सिंचाई की समस्या को देखते हुए कम पानी वाली फसल का बीज उपलब्ध कराए जाने की जरूरत है। जिससे कुछ तो भरपाई किया जा सके। सिंचाई की समस्या को देखते हुए सिचाई विभाग दिसंबर में एक पानी देने की संभावना जता रहा है।

# स्पोर्ट्स


इटली में क्रीमोनीस और मिलान के बीच हुए सीरीज ए फुटबॉल मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।

# टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में आज इंग्लैंड पर जीत के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

## भारतीय टीम ने इस बार विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ग्रुप में शीर्ष पर रहकर नॉकआउट में जगह बनायी, जीती तो पाक से होगा मुकाबला

**एडिलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां होने वाले टी20 विश्वकप क्रिकेट टूनामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताबी मुकाबले में पहुंचने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने इस बार विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ग्रुप में शीर्ष पर रहकर नॉकआउट में जगह बनायी है ,ऐसे में वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। टीम के पास विराट कोहली , सूर्यकुमार यादव जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो भारतीय टीम के पास अर्शदीप सिंह , भुवनेश्वर कुमार जैसे तेज गेंदबाज हैं। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो इंग्लैंड टीम का पलड़ा भारी है। भारतीय टीम 2013 के बाद से सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं जीत पायी है। वह 2014 टी20 विश्व कप के फाइनल में और 2016 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार गई थी। अब भारतीय टीम का लक्ष्य इस बार कोई गलती नहीं करना रहेगा। भारतीय टीम ने लीग और सुपर-12 में इंग्लैंड के मुकाबले कहीं बेहतर खेल दिखाया है। इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने भी माना है कि उनकी टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी हैं। अब भारतीय टीम को इस मैच में जीत के लिए कप्तान जोस बटलर और स्टोक्स पर अंकुश लगाना होगा।




आईसीसी टूनामेंटों में पिछले कुछ साल में भारत को अधिक सफलता नहीं मिली है पर अब कप्तान रोहित शर्मा इसमें बदलाव करना चाहेंगे।
रोहित अपनी चोट से उबर गये हैं और सेमीफाइनल में एक अच्छी पारी खेलने उतरेंगे। अब तक वह पांच मैचों में 89 रन ही बना सके हैं। उनका लक्ष्य अपने आलोचकों को जवाब देना रहेगा। इसके लिए सेमीफाइनल सबसे अच्छा अवसर है। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का सामना एक बार फिर आदिल रशीद से होगा, जबकि सूर्यकुमार यादव को सैम कुरेन और मार्क वुड से मुकाबला करना होगा। स्टोक्स को भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को जवाब देना रहेगा। विश्व की इन दो शीर्ष टीमों के बीच मुकाबले को लेकर दर्शकों में गजब का उत्साह है। भारतीय टीम ने सुपर 12 चरण में चार मैच जीते, लेकिन दिनेश कार्तिक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। ऐसे में आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ पंत भी पांचवें नंबर पर उम्मीद के अनुसार खेलना चाहेंगे। छोटी बाउंड्री और रशीद की मौजूदगी से ऋषभ को कार्तिक से बेहतर विकल्प माना जा रहा है पर अब देखना यह होगा कि अंतिम ग्यारह में किसे अवसर मिलता है। अक्षर पटेल ने 9-10 की औसत से तीन ही विकेट लिये हैं पर भारतीय टीम प्रबंधन ने उनकी जगह युजवेंद्र चहल को नहीं उतारा है हालांकि स्पिनरों की सहायक इस पिच पर चहल काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। टूनामेंट के सबसे तेज गेंदबाज वुड अगर चोट की वजह से नहीं खेल पाते हैं तो भारत के लिये यह अच्छा होगा क्योंकि क्रिस जोर्डन या टाइमल मिल्स के पास वह तेजी नहीं है। इस मैच में टॉस की भी अहम भूमिका रहेगी।

***दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं:***

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), के एल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, आर अश्विन, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, दीपक हुड्डा, हर्षल पटेल, ऋषभ पंत, युजवेंद्र चहल.

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), बेन स्टोक्स, एलेक्स हेल्स, हैरी ब्रूक, फिल साल्ट, डेविड मलान, सैम कुरेन, मार्क वुड, मोईन अली, आदिल रशीद, टाइमल मिल्स, क्रिस जोर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, क्रिस वोक्स, डेविड विली।



## टीम इंडिया ने सेमीफाइनल से पहले रात्रि भोज का आनंद लिया

**एडिलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले यहां के नामी भारतीय रेस्टोरेंट ब्रिटिश राज में खाने का स्वाद लिया। टोरेन्सविले की हेन्ली बीच रोड पर स्थित यह रेस्टोरेंट अपने चिकन टिक्का, कश्मीरी पुलाव और लजीज रोगन जोश के लिए जाना जाता है। इस टूनामेंट की शुरूआत से ही भारतीय टीम ने खराब खाने की शिकायत की थी। उसके बाद यह मामला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सामने भी उठा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने कहा, टीम और खिलाड़ियों को आराम करने और विश्व कप जैसे कड़े टूनामेंट में होने वाले दबाव से ध्यान हटाने का अधिक मौका नहीं मिला है। इसलिए उन्हें अब यह अवसर दिया गया। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के अंदर भी काफी उड़ान लेनी पड़ी इसलिए एडिलेड में तीन दिन आराम दायक रहे। ऐसे में खिलाड़ियों और उनके परिवारों ने बुधवार को रात्रि भोज का आनंद लिया. यह टीम को एकजुट करने का एक प्रयास भी था। भारतीय टीम को इस विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया के सभी बड़े शहरों में मुकाबले खेलने के लिए यात्रा करनी पड़ी।

# 13 साल बाद टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंचा पाकिस्तान, न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

## बाबर और मोहम्मद ने ठोके अर्धशतक

**सिडनी।** बाबर आजम 53 और मोहम्मद 57 के अर्धशतकों की सहायता से पाकिस्तान ने यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने चार विकेट पर 152 रन बनाये थे। इस प्रकार पाक को जीत के लिए 153 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने 19 ओवर ओर एक गेंद में ही तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। किस्मत के सहारे सेमीफाइनल तक पहुंची पाक एक बार फिर न्यूजीलैंड को झटका देने में सफल रही। इस मैच में पाक टीम ने गेंदबाजी बल्लेबाजी और फील्डिंग में कीवी टीम को पीछे छोड़ दिया। यह तीसरी बार है जब पाक टीम फाइनल में पहुंची है। अब उसका मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से रविवार को होगा।




वहीं इस मैच में कीवी टीम एक बार फिर बदकिस्मत रही। केन विलियमसन की कप्तानी वाली टीम 4 विकेट पर 152 रन ही बना सकी। इसके बाद टूनामेंट अब तक विफल रहे आजम और रिजवान की शानदार शुरूआत कर अपनी टीम को जीत दिलायी। आजम को पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर जीवनदान मिला जिसका उन्होंने पूरा लाभ उठाया। रिजवान ने पहली ही गेंद पर चौका लगा दिया। तीसरे ओवर में ट्रेंट बोल्ट पर 3 चौके लगे। इसके बाद पाक टीम ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुल मिलाकर आप पाक टीम का दिन दिखा। पाक के प्रशंसक अपनी टीम का लगातार हौंसला बढ़ाते दिखे। पाक ने 5.3 ओवरों में ही अर्धशतक लगा दिया। देखते ही देखते 11वें ओवर की आखिरी गेंद पर आजम ने 38 गेंदों में 50 रनों का स्कोर हासिल किया। यह उनका टूनामेंट में पहला अर्धशतक लगाया। दूसरी ओर, रिजवान ने 36 गेंदों में ही 50 रन बना दिये।

पाकिस्तान जीत के करीब था तभी रिजवान पेवेलियन लौट गये । मोहम्मद रिजवान ने 43 गेंदों में 7 चौके की मदद से 57 रन बनाए।

इसके बाद मोहम्मद हारिस ने नाबाद 30 ने 2 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 19.1 ओवरों में जीत हासिल कर ली। वहीं कीवी टीम की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट लिए।

## भारत-पाक फाइनल नहीं होने देंगें : बटलर

**एडीलेड।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले से पहले इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि इस बार वह भारत-पाकिस्तान के बीच फाइनल नहीं होने देंगे। बटलर ने कहा कि हम टीम इंडिया को हराकर खिताबी मुकाबले में पहुंचेंगे। बटलर ने कहा, हम नहीं चाहते हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का फाइनल हो। इसलिए हम यह पक्का करने की पूरी कोशिश करेंगे कि हमें जीत मिले। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले इंग्लैंड के खेमे में माहौल को लेकर उन्होने कहा कि हम खिताब की मजबूत दावेदार भारत के खिलाफ मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं और हमारे सभी खिलाड़ी पूरे जोश में हैं। अब इंग्लैंड के कप्तान बटलर की इस बात में कितना दम है, इसका पता तो



सेमीफाइनल के दिन ही लगेगा पर इतना तय है कि भारत की राह आसान नहीं रहेगी। बटलर ने आगे कहा, ह्यहम भारत के खिलाफ दुनिया के सबसे अच्छे स्टेडियम में से एक एडिलेड ओवल में सेमीफाइनल खेलने को लेकर उत्साहित हैं। यहां भारत के समर्थक बड़ी संख्या में रहेंगे। यह एक खिलाड़ी के नाते बड़ा अवसर होगा, क्योंकि आप ऐसे ही किसी मैच का हिस्सा बनना चाहते हैं। उन्होंने डेविड मलान और मार्क वुड की चोट को लेकर कहा कि यह दोनों सेमीफाइनल से पहले चोटिल हो गए थे।

# 23 दिसंबर को कोच्चि में होगा आईपीएल ऑक्शन, हर टीम के पर्स में पांच करोड़ बढ़ाए, कुल बजट 95 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 23 दिसंबर को कोच्चि में होगी। हालांकि, यह आईपीएल 2022 की तरह नहीं होगा। इस बार सभी खिलाड़ियों पर नीलामी नहीं लगेगी। सभी 10 टीमों ने जिन खिलाड़ियों को साल की शुरूआत में खरीदा था, वह अपनी टीम में बने रहेंगे। जिन खिलाड़ियों को कोई टीम रिलीज करेगी और जो खिलाड़ी पिछले ऑक्शन में शामिल नहीं हुए थे वह इस बार ऑक्शन में शामिल होंगे।




इस बार टीमें पिछली नीलामी के बाद बचे हुए पैसे और जिन खिलाड़ियों को नीलामी से पहले रिलीज करेंगी। उनकी कीमत भी पर्स में जुड़ेगी। इसके अलावा सभी टीमों के पर्स में पांच करोड़ की राशि अलग से जोड़ी गई है। सभी टीमों का कुल पर्स 95 करोड़ का हो गया है, जो पिछले साल 90 करोड़ था। पिछले साल की नीलामी के बाद सबसे ज्यादा पैसे पंजाब किंग्स के पास बचे थे। इस टीम के पास 3.45 करोड़ रुपये थे और पांच करोड़ की अतिरिक्त राशि जुड़ने के बाद पंजाब के पर्स में 8.45 करोड़ रुपये हो चुके हैं। मीडिया

## सभी 10 टीमों ने जिन खिलाड़ियों को साल की शुरूआत में खरीदा था, वह अपनी टीम में बने रहेंगे

रिपोर्ट के अनुसार पंजाब की टीम मयंक अग्रवाल को रिलीज कर सकती है। इस स्थिति में पंजाब के पास 20.45 करोड़ होंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के पास 2022 मेगा ऑक्शन के बाद 2.95 करोड़ रुपये बचे थे। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को पास 1.55 करोड़, राजस्थान रॉयल्स के पास 0.95 करोड़ और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास 0.45 करोड़ रुपये बचे थे। लखनऊ की टीम ने अपना पूरा पर्स खाली कर दिया था और अगर यह टीम किसी खिलाड़ी को रिलीज नहीं करती है तो इस मिनी ऑक्शन में इस टीम के पास पांच करोड़ रुपये होंगे।
इस साल चैंपियन बनने वाली गुजरात टाइटंस के पास 0.15 करोड़ रुपये बचे थे, जबकि तीन टीमों- मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के पास 0.10 करोड़ रुपये थे।
दिसंबर के पहले सप्ताह में नीलामी के लिए खिलाड़ियों का पूल तैयार हो सकता है। सभी फ्रेंचाइजी 15 नवंबर तक रिलीज होने वाले खिलाड़ियों की सूची जमा करेंगी। इसी साल फरवरी में मेगा ऑक्शन दो दिनों में आयोजित की गई थी, मिनी ऑक्शन सिर्फ एक दिन में पूरा हो जाएगा। हालांकि, मिनी ऑक्शन में कई बार विदेशी खिलाड़ियों को मोटी रकम मिली है।

***इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें***

इस साल हर फ्रेंचाइजी की नजर ऑलराउंडर बेन स्टोक्स, सैम करन और कैमरुन ग्रीन पर होंगी। अगर ये खिलाड़ी नीलामी में शामिल होते हैं तो मोटी रकम हासिल कर सकते हैं। पंजाब, दिल्ली और लखनऊ ने मेगा ऑक्शन में केवल सात विदेशी खिलाड़ियों को खरीदा था। ये सभी टीमें आठवें और अंतिम विदेशी खिलाड़ी की जगह भरने की कोशिश करेंगी। पिछले साल छह फ्रेंचाइजी में चोटिल खिलाड़ियों की जगह नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया था। 15 नवंबर तक सभी फ्रेंचाइजी को यह तय करना होगा कि मूल खिलाड़ी को टीम में रखना है या बाद में आए खिलाड़ी को। फ्रेंचाइजी के पास दोनों खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़े रखने का मौका होगा।

## सूर्यकुमार यादव टूर्नामेंट के बेस्ट बल्लेबाज तो रोहित की खराब फार्म टीम के लिए बड़ी चिंता- गावस्कर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने जबरदस्त अंदाज में ग्रुप स्टेज में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस दौरान टीम इंडिया सिर्फ एक मुकाबला हारी वो भी ऐसी पिच पर जो दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजी आक्रमण के पूरी तरह मुफीद थी। भारत को उस मैच में अच्छी शुरूआत नहीं मिली और नतीजा ये रहा कि टीम कम स्कोर तक पहुंच सकी। बावजूद इसके भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को आखिर तक संघर्ष करने पर मजबूर किया। हालांकि अंत में दक्षिण अफ्रीकी टीम मैच को अपने पक्ष में खत्म करने में कामयाब रही। मगर इसके बाद भारतीय टीम ने अपने अन्य मैचों को जीतने के दौरान बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इंग्लैंड के पास भी मार्क वुड के रूप में वास्तविक तेज गेंदबाज मौजूद है लेकिन कई बार वो बल्लेबाजों को उनके विरुद्ध रन बनाने के मौके दे देते हैं। अभी तक सैम कुर्रन इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुए हैं और वो निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। इससे भारतीय टीम की तुलना में इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को गहराई मिलती है। यही वजह है कि इंग्लिश टीम बड़े स्कोर का पीछा कर सकती है। भारतीय टीम का मजबूत पक्ष भी लक्ष्य का पीछा करना ही है जिससे ये संकेत मिलते हैं कि टीम इंडिया पहले गेंदबाजी करना चाहेगी। मगर हमने ये भी देखा है कि भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी भी कर सकती है ताकि खिलाड़ियों को बिना किसी दबाव के बल्लेबाजी करने का मौका मिल सके। वैसे एडिलेड की छोटी स्क्वायर बाउंड्री को देखते हुए और इंग्लैंड की बल्लेबाजी की गहराई को मद्देनजर रखते हुए कोई भी लक्ष्य यहां सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। इंग्लैंड की टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों को देखते हुए रविचंद्रन अश्विन को भी अपनी ताकत के साथ गेंदबाजी करने का मौका मिलेगा।


ग्लासगो में कजाकिस्तान की महिला टेनिस खिलाड़ी इलीना रायबीकिना ब्रिटेन की हैरियट डार्ट से हाथ मिलाती हुई।

## पीटरसन बोले इंग्लैंड और पाकिस्तान में होगा टी20 विश्व कप फाइनल

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने कहा है कि इस बार टी20 विश्व कप 2022 का खिताबी मुकाबला इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच होगा। पीटरसन की इस बात का मतलब साफ है कि उनकी टीम सेमीफाइनल में टीम इंडिया से जीतेगी। पीटरसन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे लगता है कि क्रिकेट जगह भारत-पाक के बीच मुकाबला चाहता है पर इस बात की बहुत अच्छी संभावना है कि यह इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान होने वाला है। साथ ही कहा कि इस बार खिताब इंग्लैंड के पास आयेगा। उन्होंने कहा, एडिलेड ओवल में मुझे लगता है कि इंग्लैंड टीम भारत को हरा देगी। इसका कारण है कि इंग्लैंड बेहतर क्रिकेट खेल रहा है पर इसके लिए मैं चाहूंगा कि विराट कोहली एक दिन के लिए अपने फॉर्म को खो दें। पीटरसन के अनुसार सैम करन इस मैच में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पीटरसन ने लिखा कि, मुझे बाएं हाथ की सीम पसंद है, जब खेल के सबसे छोटे रूप की बात आती है।



लाहौर में पाक के साथ महिला एकदिवसीय मैच में खेलती हुई आयरलैंड की टीम।

# 'पीएम के कॉल' से भी नहीं माने हिमाचल के बागी कृपाल परमार

## फतेहपुर उपचुनाव में नहीं उतारे जाने के बाद से ही बीजेपी पार्टी से नाराज, बोले-अब मेरी जंग कांग्रेस से

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में बागियों का मुद्दा चर्चा में है। खबर है कि भारतीय जनता पार्टी को मुश्किल से उबारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मैदान में उतर गए हैं। हाल में में एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कथित तौर पर पीएम पहाड़ी राज्य के एक बागी को समझा रहे थे। हालांकि, इस वीडियो की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है और न ही प्रधानमंत्री कार्यालय से इस पर टिप्पणी की गई है। भाजपा के पूर्व सांसद कृपाल परमार फतेहपुर सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। खबर है कि वह फतेहपुर उपचुनाव में नहीं उतारे जाने के बाद से ही पार्टी से नाराज चल रहे थे। साथ ही वह भाजपा के राष्ट्रीय



अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पर भी सवाल उठा रहे हैं।

बातचीत में उन्होंने कहा, 'नड्डा जी ने 15 सालों तक मेरा अपमान किया है।' उनका कहना है, 'मैं लड़ा में हूं, भाजपा के आधिकारिक उम्मीदवार के साथ नहीं। यह चुनाव मेरे और कांग्रेस उम्मीदवार के बीच है।' परमार ने चैनल को बताया कि कॉल फर्जी नहीं था और पीएम मोदी ने उन्हें 30 अक्टूबर को कॉल किया था।

उन्होंने कहा, 'हम एक दूसरे को 25 सालों से जानते हैं। जब वे हिमाचल प्रदेश के प्रभारी थे और मैं उपाध्यक्ष था, तो हम काफी साथ घूमे और साथ रहे। उनके साथ मेरे पारिवारिक संबंध हैं। मैं उन्हें अपना भगवान मानता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं अभी भी चुनाव लड़ रहा हूं। मैंने मोदी जी को कहा कि अगर वह एक दिन पहले या एक सेकंड पहले भी फोन कर देते, तो मैंने नाम वापस लिया होता। उन्होंने कहा कि उन्हें उसी दिन बताया गया। उन्हें बाद में बताया गया, यह भी साजिश का हिस्सा है।'

वायरल वीडियो में भी फोन के दूसरी तरफ से आवाज जा रही है, 'अगर मोदी का तुम्हारे जीवन में कोई रोल है...' इसपर परमार जवाब दे रहे हैं, 'बहुत रोल है।' आगे सुनाई दे रहा है, 'इस फोन कॉल की कीमत को कम मत आंकना।' परमार ने जवाब दिया, 'नहीं, यह कॉल मेरे लिए भगवान का आदेश है।'


उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि साल 2017 में क्या हुआ। किसी ने मुझे नहीं बताया कि क्या हुआ। उन्होंने मुझे उम्मीदवार के तौर पर खड़ा करना बंद कर दिया है।

पार्टी में लोग मेरा मजाक उड़ाने लगे।' खबर है कि 68 सीटों वाली विधानसभा में करीब 30 बागी उम्मीदवार मैदान में हैं। *एजेंसी*

### अखिलेश ने मैनपुरी उपचुनाव में खेला बड़ा दांव आलोक शाक्य को बनाया सपा जिलाध्यक्ष

**लखनऊ।** मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा दांव खेला है। उन्होंने आलोक शाक्य को सपा का जिलाध्यक्ष बनाया है। आलोक भोगांव के रहने वाले हैं। पूर्व में मंत्री रह चुके हैं। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बुधवार शाम को उनके नाम की घोषणा की। उपचुनाव में सपा प्रत्याशी किसे बनाया जाएगा, इस पर सस्पेंस बरकरार है। लोकसभा उपचुनाव की घोषणा के साथ ही सपा और भाजपा जिले के जनाधार वाली जातियों को साधने में जुट गए। एक तरफ जहां भाजपा मुलायम के गढ़ को भेदने के लिए शाक्य प्रत्याशी की तलाश में है। इससे पहले सपा ने शाक्य मतदाताओं को साधने के लिए बड़ा दांव खेला है। भोगांव के पूर्व मंत्री आलोक शाक्य को जिलाध्यक्ष की कमान सौंप दी है। सपा संरक्षक सांसद मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव होना है। चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार उपचुनाव के लिए 10 नवंबर को अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

## हिना खान ने ब्लैक ड्रेस पहनकर बिखेरा हुस्न का जलवा, किलर पोज देकर लूट ली महफिल



**मुंबई।** टीवी की एक्ट्रेस हिना खान अक्सर अपने अनोखे अंदाज से हर किसी का दिल जीत लेती हैं। हिना खान सोशल मीडिया पर अपने फैंस को अपनी बोल्डनेस का लुक दिखाती रहती हैं। हिना फैशन फैशनिस्टा हैं और ये तो सभी जानते हैं और एक्ट्रेस इसकी झलक अक्सर सोशल मीडिया पर दिखाती रहती हैं। ऐसे में हाल ही में हिना खान ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो उनके लुक में चार चांद लगी रही हैं। दरअसल हिना ने हाल ही में, दीवार पर लगे शीशे के जरिए पोज देते हुए, एक शानदार ब्लैक मैटेलिक स्टाइल वाली ड्रेस में अपनी कई तस्वीरें साझा कीं हैं। हिना खान ने जो अपनी तस्वीरें शेयर की हैं उसमें वो बला की खूबसूरत लग रही हैं और उनकी लेटेस्ट तस्वीरों के चलते सुर्खियां बटरो रही हैं। इन तस्वीरों में अदाकार आईने में खुद को संवारीत हुई नजर आ रही हैं और उनका लुक देखकर हर किसी का दिल पिघला जा रहा है। हिना ने हाल ही में, दीवार पर लगे शीशे के जरिए पोज देते हुए, एक शानदार ब्लैक मैटेलिक स्टाइल वाली ड्रेस में अपनी कई तस्वीरें साझा कीं हैं। हिना ब्लैक कॉर्सेट क्रॉप टॉप में स्लीवलेस डिटेल्स के साथ हमेशा की तरह खूबसूरत लग रही थीं।

## खास खबर

### दिल्ली में ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 12 आरोपी गिरफ्तार

दिल्ली के बिंदापुर थाना क्षेत्र में लोगों से ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने मौके से 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सरकारी योजनाओं के तहत लोन दिलाने का लालच देकर लोगों से ठगी करते थे। आरोपियों ने अब तक 1700 लोगों संग धोखाधड़ी कर एक करोड़ रुपए ठगे हैं।

### केरल कैबिनेट आरिफ मोहम्मद खान को चांसलर पद से हटाने के लिए लाएगी अध्यादेश

केरल कैबिनेट ने बुधवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को चांसलर पद से हटाने के लिए एक अध्यादेश लाने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार चांसलर की जगह एक विशेषज्ञ को लाने की योजना बना रही है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य के 9 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से इस्तीफा मांगा था। इस निर्देश पर विवाद बढ़ गया था। राज्यपाल का कहना है कि विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति के समय यूजीसी के नियमों की अनदेखी की गई है। हालांकि कुलपतियों ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था।

### गुजरात, हिमाचल चुनावों के बीच इलेक्टोरल बॉन्ड की बिक्री शुरू

गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव के बीच राजनीतिक दलों को चंदा जुटाने की सुविधा के लिए सरकार बुधवार से चुनावी बॉन्ड की बिक्री शुरू कर रही है। 27 शहरों में स्इककी 29 शाखाओं पर 15 नवंबर तक ये बॉन्ड खरीदे जा सकेंगे। हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर, जबकि गुजरात में 1 और 5 दिसंबर को चुनाव हैं। वित्त मंत्रालय ने बताया है कि बॉन्ड जारी करने की तारीख से 15 दिन के लिए वैध रहेंगे। तय सीमा के भीतर बॉन्ड भुनाने वाली पार्टियों के खाते में उसी दिन पैसा ट्रांसफर भी कर दिया जाएगा।

## 15 दिसंबर तक भारत आएगा आखिरी राफेल

### 2016 में 60000 करोड़ में हुई थी डील



**नई दिल्ली।** भारत को 15 दिसंबर तक फ्रांस से अपना 36वां और अंतिम राफेल लड़ाकू विमान मिल जाएगा। 2016 में 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे को लेकर यह आखिरी विमान की डिलीवरी होगी। वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने बताया कि आखिरी विमान 15 दिसंबर के आसपास भारत पहुंचेगा।

विमान का इस्तेमाल भारतीय वायु सेना के राफेल बेड़े में भारत-विशिष्ट संवर्द्धन के विकास के लिए किया गया था। भारत ने 36 विमानों के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और उनमें से 35 पहले ही आ चुके हैं और पश्चिम बंगाल के अंबाला, हरियाणा और हाशिमारा में तैनात हैं। इस बीच भारतीय वायु सेना ने भी विमानों को उच्चतम मानकों पर अपग्रेड करना शुरू कर दिया है और सभी भारत-विशिष्ट संवर्द्धन से लैस हैं। राफेल 4.5 पीढ़ी का विमान है और इसने भारत को उन्नत रडार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं के साथ लंबी दूरी की हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ भारतीय उप-घटक आसमान पर अपना वर्चस्व हासिल करने में मदद की है। फ्रांसीसी फर्म डसॉल्ट एविएशन भी विमान के रखरखाव में शामिल है। राफेल को चीन के साथ संघर्ष के दौरान भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था और देश में आने के एक सप्ताह के भीतर लद्दाख पर काम करना शुरू कर दिया था। *एजेंसी*

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम को मंजूरी, जन्मजात बीमारियों की पहचान कर मुफ्त किया जाएगा इलाज

**लखनऊ।** शहरी क्षेत्रों में जन्में शिशुओं की जन्मजात बीमारियों की पहचान होगी। बीमार बच्चों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाएगा। ग्रामीण के साथ शहरी क्षेत्र में भी बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम लागू किया जाएगा। नेशनल हेल्थ मिशन ने शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के संचालन को मंजूरी प्रदान कर दी है। पहले चरण में 15 जिलों में योजना लागू की जाएगी। दूसरे चरण में 16 और जिलों को शामिल किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने संबंधित जिलों के सीएमओ को योजना पर जल्द से जल्द अमल करने के निर्देश दिए हैं। आरबीएसके के तहत चाइल्ड हेल्थ स्क्रीनिंग और अर्ली इंटरवेंशन सर्विसेज में स्क्रीनिंग की जाती है। जिसमें कटे होंठ तालू, तंत्रिका ट्यूब दोष, डाउन सिंड्रोम, एनीमिया, विटिमन ए-डी की कमी, कुपोषण, जन्मजात मोतियाबिंद व दिल समेत दूसरी बीमारियों की पहचान की जाती है। कार्यक्रम के तहत 18 साल तक के बच्चों में तय बीमारियों की पहचान कर इलाज मुहैया कराया जाता है। योजना के तहत मोबाइल हेल्थ टीम चिन्हित स्थानों पर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करेंगी।

## भारत में 9 महीने में आए 948 भूकंप, 240 बार 4 से ज्यादा तीव्रता, कहीं ये खतरे की घंटी..

### दिल्ली-एनसीआर में देर रात भूकंप के तेज झटके, 6.3 मापी गई तीव्रता, नेपाल रहा केंद्र



**नई दिल्ली।** भारत में जनवरी से सितंबर तक बीते 9 महीनों में 948 बार भूकंप के झटके महसूस हैं। क्या ये किसी बड़े खतरे की चेतावनी है? भूकंप की तीव्रता जब 4 से कम होती है, तो आमतौर पर वे महसूस नहीं होते हैं। भारत में पिछले 9 महीनों में 240 ऐसे भूकंप के झटके महसूस किए गए, जो 4 तीव्रता से ज्यादा थे। बीती रात को नेपाल में आए भूकंप के झटको की तीव्रता भी 4 से अधिक थी। नेपाल में इससे पहले 2015 में आए विनाशकारी भूकंप में 10 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। नेपाल में मंगलवार देर रात 6.3 तीव्रता के भूकंप के झटकों का असर भारत की राजधानी दिल्ली तक महसूस किए गए। भूकंप के कारण नेपाल में 6 लोगों की जान चली गई है। भूकंप के झटके दिल्ली सहित पूरे उत्तर भारत में महसूस किए गए, जिसके कारण लोग घरों से निकलकर भागने लगे। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि बीती रात करीब एक बजकर 57 मिनट पर आया। भूकंप का एपिक सेंटर नेपाल के मणिपुर में था।

भारत में बीती रात आए भूकंप से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। हां, भूकंप के झटकों के दौरान लोगों में दहशत का माहौल था और कुछ लोग अपने घरों से बाहर भी निकल आए। भारत में बीते 9 महीनों में अब तक 948 बार भूकंप आए हैं। हालांकि, इसमें 240 भूकंप के झटके ऐसे थे, जिनकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4 से ऊपरी रही और लोगों को ये महसूस हुए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (ठउर) के अनुसार, मौजूद डेटा के मुताबिक, इस साल 152 स्टेशनों से 1090 बार भूकंप आने की जानकारी मिली। हालांकि, इनमें सिर्फ 948 बार ऐसे भूकंप दर्ज हुए जो भारत और उसके आसपास देशों आए। बता दें कि एनसीएस के पास मौजूद ये डेटा इस साल जनवरी से सितंबर तक का ही है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि भारत में इस साल अब तक आए भूकंप की संख्या 1000 के पार पहुंच गई होगी। जनवरी से सितंबर तक 948 भूकंप यानि हर महीने करीब 105 से ज्यादा भूकंप के झटके। क्या ये खतरे की घंटी है? जानकार मानते हैं कि कम तीव्रता के भूकंप से कोई खास खतरा नहीं होता है। हां, भूकंप की तीव्रता अगर ज्यादा है, तो चिंता की बात होती है। ऐसे में हमें एक अलार्म सिस्टम बनाने की जरूरत है। इससे लोगों को भूकंप आने से कुछ मिनट पहले ही जानकारी मिल जाएगी। *एजेंसी*

## पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के राज्यसभा नामांकन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

### पीठ ने कहा कि पात्रता का फैसला कौन करेगा? आप? क्षमा करें, हमें याचिका में कोई योग्यता नहीं मिली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को सरकार द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकन को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह एक जनहित याचिका है। याचिकाकर्ता सतीश एस कांबिया के वकील ने कहा कि पूर्व सीजेआई राज्यसभा के लिए मनोनीत होने के योग्य नहीं हैं। पीठ ने कहा कि पात्रता का फैसला कौन करेगा? आप? क्षमा करें, हमें याचिका में कोई योग्यता नहीं मिली। आप भाग्यशाली हैं कि हम आप पर कोई जुमार्ना नहीं लगा रहे हैं।

जस्टिस गोगोई ने संवेदनशील अयोध्या भूमि विवाद मामले सहित कई प्रमुख निर्णय सुनाने वाली पीठों का नेतृत्व किया था। 16 मार्च, 2020 को को सरकार द्वारा उन्हें राज्यसभा के लिए



नामित किया गया था। गोगोई ने उन पीठों का भी नेतृत्व किया था जिन्होंने राफेल लड़ाकू जेट सौदे और प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश जैसे मामलों पर फैसला सुनाया था। उच्च सदन के लिए उनके नामांकन की घोषणा की एक अधिसूचना 16 मार्च, 2020 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई थी। गोगोई 13 महीने से कुछ अधिक के कार्यकाल के बाद नवंबर, 2019 में सीजेआई के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे। वह राज्यसभा के लिए मनोनीत होने वाले भारत के पहले पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा राज्यसभा सदस्य थे लेकिन वे कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुने गए थे।

## सेना पर 1.3 अरब लोगों का भरोसा, चीन के साथ सीमा पर हमेशा बनाए रखें तत्परता

### राजधानी में शुरू हुए पांच दिवसीय सम्मेलन में सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित किया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में शुरू हुए पांच दिवसीय सम्मेलन में सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आह्वान किया कि चीन के साथ सीमा पर सेना की परिचालन तत्परता को हमेशा बनाए रखें। यह सम्मेलन प्रत्येक दो वर्ष में एक बार होता है।

शीर्ष कमांडरों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने सेना को देश का सबसे 'भरोसेमंद' और 'प्रेरक' संगठन बताया और इस बात पर जोर दिया की भारतीय सेना पर देश के एक अरब से ज्यादा नागरिकों का विश्वास है।

इस सम्मेलन में कमांडर, चीन और पाकिस्तान के साथ सीमा पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों की व्यापक समीक्षा कर रहे हैं। इसके अलावा 13 लाख जवानों के सैन्य कौशल को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा कर रहे हैं।




वहीं, सेना ने बताया कि रक्षा मंत्री ने सुरक्षा और राष्ट्रीय संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए उच्च परिचालन तत्परता बनाए रखने के लिए सेना की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुझे भारतीय सेना और उसके नेतृत्व पर पूरा भरोसा है।

रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सेना को किसी भी आकस्मिक स्थित में ऑपरेशन के लिए तैयार रहना चाहिए। इसलिए, ऑपरेशनल तैयारी हमेशा अपने चरम स्तर पर होनी चाहिए। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री सिंह ने देश की सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में सेना द्वारा निभाई की महत्वपूर्ण भूमिका का भी जिक्र किया। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि सेना को जब भी कहा जाता है तो वह नागरिक प्रशासन को भी मदद प्रदान करते हैं। सेना के मुताबिक, रक्षा मंत्री ने सैन्य तैयारियों के लिए बलों की सराहना की।

## आरटीआई के दुरुपयोग से सावधान रहने की जरूरत

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बोले

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को विज्ञान भवन में आयोजित केंद्रीय सूचना आयोग के 15वें वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने केंद्रीय सूचना आयोग की सराहना करते हुए कहा कि जन कल्याण एवं पारदर्शिता के मूल्यों का परिचय देते हुए सूचना आयोग ने सूचना का अधिकार अधिनियम द्वारा लोकतंत्र को सशक्त किया है। 75 वर्ष की लोकतांत्रिक यात्रा में देश ने सामाजिक आर्थिक परिवर्तन के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विधि निर्माण का उल्लेख करते हुए लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि जन कल्याण के मूल्यों तथा जनादेश के आधार पर केंद्र एवं राज्य स्तर पर विधि संस्थाओं ने जनता को अधिकार दिलाने में व्यापक कार्य किया है और शासन-प्रशासन की जवाबदेही एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की है। उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम से आने वाले व्यापक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए



सूचित किया कि ई-गवर्नेंस, सूचना के त्वरित आदान प्रदान एवं ग्रामीण स्तर तक आने वाली पारदर्शिता ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है तथा विधि शासन को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के विजन में भ्रष्टाचार मुक्त भारत की बड़ी भूमिका है, जो जन भागीदारी के आधार पर सुनिश्चित की जा रही है। जनता के शासन प्रशासन पर बढ़ते विश्वास का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि आरटीआई से जुड़ी त्वरित जानकारी एवं पारदर्शी कार्यान्वन से जनता का विश्वास सशक्त हुआ है। इस प्रकार भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दिशा में उठे कदम से पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ मिला है।

## विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को दूसरा बड़ा झटका, भाजपा में शामिल हुए विधायक भगवान बराड

### 63 वर्षीय बराड ने 2017 में गिर सोमनाथ जिले की तलाला सीट से चुनाव जीता था

**नई दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए एक महीने का समय भी नहीं बचा है। ऐसे में सभी दलों के शीर्ष नेता राज्य का दौरा कर रहे हैं। इस बीच, विपक्षी कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस विधायक भगवान बराड पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। 63 वर्षीय बराड ने 2017 में गिर सोमनाथ जिले की तलाला सीट से चुनाव जीता था। उन्होंने अपना इस्तीफा गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर और विधानसभा स्पीकर नीमाबेन आचार्य को भेजा। इससे एक दिन पहले दस बार के कांग्रेस विधायक रहे आदिवासी नेता मोहनसिंह रठवा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। वह भी भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा के राज्य




महासचिव प्रदीप सिंह वाघेला ने अहमदाबाद में पार्टी के मीडिया सेंटर में बराड का स्वागत किया। बराड ने संवाददाओं को बताया कि उन्होंने चार हजार समर्थकों से राय लेने के बाद पार्टी छोड़ने का फैसला किया है और यदि भाजपा चाहती है, तो अगले महीने विधानसभा चुनाव भी लड़ेंगे। लेकिन उन्होंने आगे कहा कि वह चुनाव में टिकट की शर्त पर भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं। अगले महीने गुजरात में दो चरणों में मतदान होना है। पहले चरण के लिए 1 दिसंबर और दूसरे चरण के लिए 5 दिसंबर को मतदान होगा। इसके बाद मतगणना 8 दिसंबर को होगी। बराड ने कहा, मैं भाजपा में इसलिए शामिल हो रहा हूं, क्योंकि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास अभियान का हिस्सा बनना चाहता हूं। मैं बिना किसी पूर्व शर्त या प्रतिबद्धता के पार्टी में शामिल हो रहा हूं। अगर पार्टी चाहती है तो मैं चुनाव लडूंगा। मैं अन्य उम्मीदवारों के लिए प्रचार करूंगा। सोमनाथ और जूनागढ़ जिलों की नौ सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा के लिए काम करूंगा। बराड़ अहीर समुदाय के प्रभावशाली नेता हैं। उन्होंने 2007 और 2017 में भी तलाला सीट से चुनाव जीता था। उनके भाई जशुभाई ने भी 1998 और 2012 में इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था। तलाला, गिर सोमनाथ जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इस जिले में अपना काता भी नहीं खोल पाई थी, जबकि कांग्रेस को चारों सीटों पर जीत मिल थी।

### किंग चार्ल्स की सुरक्षा में बड़ी चूक, एक शख्स ने फेंका अंडा, लिया गया हिरासत में

**यॉर्क।** किंग चार्ल्स और उनकी पत्नी क्वीन कैमिला पर अंडा फेंकने के बाद बुधवार को एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने उत्तरी इंग्लैंड में सगाई की थी। यॉर्क में एक पारंपरिक समारोह के लिए पहुंचे ब्रिटिश सम्राट और उनकी पत्नी के पास अंडा फेका गया था। वे दोनों घटना से बेफिक्र नजर आ रहे थे। नारेबाजी कर रहे प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने के लिए पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे। अपनी मां महारानी एलिजाबेथ की मृत्यु के बाद सितंबर में गद्दी पर बैठे चार्ल्स इस समय उत्तरी इंग्लैंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। बता दें क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद किंग चार्ल्स तृतीय ब्रिटेन के नए सम्राट बने हैं। असेसन काउंसिल' ने ऐतिहासिक समारोह का आयोजन कर इसका आधिकारिक एलान किया था। समारोह में किंग चार्ल्स ने मां को श्रद्धांजलि भी दी थी और महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का अनुसरण करने की बात कही थी।

## बस पर गिरी हाईटेंशन लाइन: अलीगढ़ में 70 मजदूरों से भरी बस में लगी आग, दो की हालत गंभीर

### बस पर रखी चारपाई तार में फंसी, बस में उतरा करंट



**अलीगढ़।** अलीगढ़ के दादों में आलमपुर बाइपास पर बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। कासगंज रोड पर मजदूरों से भरी बस में बिजली की एक हाईटेंशन लाइन टूट कर गिर गई। हाईटेंशन लाइन गिरने के कारण इसमें करंट उतर आया और आग लग गई। बस में चीख पुकार मच गई। बस में 70 ईंट भट्ठा मजदूर सवार थे और वह महोबा से अलीगढ़ की ओर से आ रहे थे। इन सभी को थाना पाली के खुर्दिया गांव में एक भट्ठे पर काम करने के लिए ले जाया जा रहा था। तभी दोपहर में यह हादसा हो गया। हादसे में 12 से ज्यादा मजदूर घायल हुए हैं। ईंट भट्ठे पर काम करने के लिए मजदूरों को महोबा से लाया गया था। उनके साथ उसका काफी सारा सामान भी था, जो बस की छत पर रखा हुआ था। आसपास के लोगों की मानें तो बाइपास से गुजरने के दौरान हाईटेंशन लाइन बस के ऊपर रखी चारपाई में फंस गई। चारपाई में हाईटेंशन लाइन फंसकर वह टूट गई और करंट बस में उतर आया। करंट लगने से पहले तो बस में चीख पुकार मच गई और देखते ही देखते बस ने आग पकड़ ली। बस में आग लगी देख आसपास के ग्रामीण दौड़े और लोगों को बचाने का प्रयास शुरू किया। देखते ही देखते बस में आग लग गई। बिजली की तार होने के कारण पहले लाग पास जाने में डर रहे थे, लेकिन बाद में जब बिजली सप्लाई रुकी तो लोगों ने घायलों की मदद करनी शुरू की। तब तक करंट के झटके में लोग छटपटाते दिखे। घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाकर घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद गांव के लोग तुरंत घायलों को लेकर सीएचसी की ओर दौड़े। घायलों का सीएचसी में इलाज कराया जा रहा है।

# बिजली, धातु और टिकाऊ उपभोक्ता सामान कंपनियों के शेयरों में हुई बिकवाली, शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के चलते गिरावट, सेंसेक्स 151.60 अंक यानी 0.25 फीसदी गिरकर 61,033.55 अंक पर पहुंचा

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के अलावा बिजली, धातु और टिकाऊ उपभोक्ता सामान कंपनियों के शेयरों में हुई बिकवाली से आई है। इससे बाजार नीचे आये हैं। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से हालांकि गिरावट पर कुछ हद तक लगाम लगी। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 151.60 अंक यानी 0.25 फीसदी गिरकर 61,033.55 अंक पर बंद हुआ।




सेंसेक्स एक समय 61,447.23 अंक तक गया और इसके बाद नीचे आकर 60,905.15 अंक तक फिसला। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 45.80 अंक तकरीबन 0.25 फीसदी टूटकर 18,157 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड के शेयरों में सबसे ज्यादा 4.06 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी टूटे। वहीं आईटीसी, डॉ. रेड्डीज, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक और एचसीएल टेक के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं। इससे पहले गत दिवस गुरु नानक जयंती के कारण बाजार बंद रहे थे। वहीं अन्य एशियाई बाजारों की बात करें तो चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरा है । वही दक्षिण कोरिया का कॉस्पी ऊपर आया। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में गिरावट रही। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.67 फीसदी नीचे आकर 94.72 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे उछलकर 81.50 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### सोने में गिरावट , चांदी उछली



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने में गिरावट आई है जबकि चांदी के दाम गिरे हैं। दिल्ली सराफा बाजार में बुधवार को सोना 141 रुपये नीचे आकर 51,747 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं इससे पहले के कारोबारी सत्र में सोना 51,888 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था जबकि चांदी 132 रुपये बढ़कर 62,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। शुरूआती कारोबार में रुपया 50 पैसे उछलकर 81.42 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इससे भी सोना ऊपर आया है। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी बाजार में सोने के भाव एक महीने के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गये हैं।

## बिरला कॉर्पोरेशन की सितंबर तिमाही की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी

**कोलकाता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सितंबर तिमाही में बिक्री में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। मात्रा के हिसाब से सीमेंट की बिक्री में दो अंकों की वृद्धि के बावजूद, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सितंबर तिमाही की लाभप्रदता बिजली और ईंधन की लागत में तेज वृद्धि से प्रभावित हुई, जो कि मौसमी रूप से कमजोर मानसून तिमाही में उपभोक्ताओं तक ट्रांसफर नहीं की गई। कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोतरी को अपने स्तर पर ही वहन किया है। उत्पादन लागत में भारी वृद्धि का सामना करते हुए, सितंबर तिमाही के लिए कंपनी का एबिटडा साल-दर-साल 51.6 प्रतिशत गिरकर 136 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी की सहायक कंपनी, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड के महाराष्ट्र के मुकुटबन में 3.9 मिलियन टन एकीकृत सीमेंट संयंत्र में वाणिज्यिक उत्पादन अप्रैल के अंत में शुरू हुआ था। संचालन के लंबित स्थिरीकरण के कारण, नई शुरू किए गए प्लांट से संबंधित लागतों से लाभप्रदता भी प्रभावित हुई। चालू वित्त वर्ष में मुकुटबन



प्लांट से करीब 10 लाख टन सीमेंट का उत्पादन होने की उम्मीद है। मुकुटबन को छोड़कर, सितंबर तिमाही के लिए बिरला कॉर्पोरेशन का एबिटडा 31 प्रतिशत घटकर 194 करोड़ रुपये रहा। तिमाही के लिए क्षमता उपयोग 74 प्रतिशत और 89 प्रतिशत समान आधार पर (मुकुटबन को छोड़कर) था। अत्यधिक लागत दबाव के कारण, एबिटडा प्रति टन गिरकर 234 रुपये हो गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 762 रुपये था। मुकुटबन को छोड़कर, प्रति टन एबिटडा 409 रुपये पर था, जो बीते साल की समान अवधि की तुलना में 46.3 प्रतिशत नीचे था। सितंबर तिमाही में वॉल्यूम के हिसाब से कंपनी की बिक्री 3.64 मिलियन टन रही, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है।

### 19 नवंबर को देश भर के बैंकों में रह सकती है हड़ताल

**नई दिल्ली।** 19 नवंबर को देश भर के बैंकों में हड़ताल रह सकती है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ ने 19 नवंबर को एक दिन के हड़ताल का आह्वान किया है। हड़ताल से एटीएम सहित सभी बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। पब्लिक सेक्टर के बैंक ऑफ बड़ौदा ने शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में बताया कि अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ के महासचिव ने भारतीय बैंक एसोसिएशन को हड़ताल का नोटिस दिया है। नोटिस में बताया गया है कि एआईबीईए के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में 19 नवंबर को हड़ताल पर जाने का प्रस्ताव रखा है। बैंक ने बताया कि वह हड़ताल वाले दिन में बैंक की ब्रांच और ऑफिसों में कामजारी जारी रखने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है, हालांकि हड़ताल अगर होती है बैंकिंग सेवाएं उस दिन प्रभावित रह सकती हैं। इससे पहले अक्टूबर में एआईबीईए के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने एक बयान में कहा था कि यूनियन में सक्रिय रहने वाले बैंकरों को निशाना बनाकर उत्पीड़न किए जाने के विरोध में उनके सदस्य हड़ताल करेंगे। हाल ही में ऐसे बैंकरों पर हमले न केवल बढ़े हैं, बल्कि उनके खिलाफ उठाए जा रहे सभी कदमों में एक तरफ की समानता दिख रही है।

## 11,000 से अधिक मेटा कर्मचारियों को हटाने के बाद मार्क जुकरबर्ग ने मांगी माफी, कहा- नहीं बचा था कोई रास्ता

**नई दिल्ली।** फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने बुधवार को एक ब्लॉग पोस्ट में बड़े पैमाने पर छंटनी की घोषणा की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने इसके लिए माफी मांगी और ₹इन फैसलों के लिए और हम यहां कैसे पहुंचे, इसके लिए जवाबदेही ली। यह सोशल मीडिया दिग्गज के इतिहास में छंटनी के पहले बड़े दौर में से है, जिसमें 11,000 से अधिक मेटा कर्मचारियों को हटा दिया गया था। बता दें कि मेटा डाउनसाइज़िंग की घोषणा करने वाली लेटेस्ट टेक दिग्गज है। मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि आज मैं मेटा के इतिहास में हमारे द्वारा किए गए कुछ सबसे कठिन बदलावों को साझा कर रहा हूं। मैंने अपनी टीम के आकार को लगभग 13% कम करने और अपने 11,000 से अधिक प्रतिभाशाली कर्मचारियों को जाने देने का निर्णय लिया है। हम विवेकाधीन खर्च में कटौती करके और द1 के माध्यम से अपने हायरिंग फ्रीज को बढ़ाकर एक लीन और अधिक कुशल कंपनी बनने के लिए कई अतिरिक्त कदम उठा रहे




हैं।मैं इन फैसलों के लिए और हम यहां कैसे पहुंचे इसके लिए जवाबदेही लेना चाहता हूं। मुझे पता है कि यह सभी के लिए कठिन है, और मुझे विशेष रूप से प्रभावित लोगों के लिए खेद है। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा में बड़े पैमाने पर छंटनी के बीच एच-1बी जैसे कार्य वीजा वाले कर्मचारियों को अपनी आव्रजन स्थिति को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मेटा इन कर्मचारियों को आव्रजन सहायता देगी। कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने भी कहा है कि "अगर आप यहां वीजा पर हैं, तो यह (छंटनी) आपके लिए खासतौर पर बेहद कठिन होगा।" इसके साथ ही उन्होंने प्रभावित लोगों को सहायता देने की पेशकश की। अमेरिका स्थित प्रौद्योगिकी कंपनियां बड़ी मात्रा में एच-1बी कर्मचारियों को नियुक्त करती हैं, जिनमें से ज्यादातर भारत जैसे देशों से आते हैं। एच-1बी वीजा गैर-अप्रवासी वीजा है, जिससे अमेरिकी कंपनियों को खास विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को भर्ती करने की अनुमति मिलती है। जुकरबर्ग ने कहा, "मुझे पता है कि यदि आप यहां वीजा पर हैं, तो यह आपके लिए खासतौर से बेहद कठिन है... आपको और आपके परिवार को जो मदद चाहिए, उस बारे में आपका मार्गदर्शन करने के लिए हमारे पास आव्रजन विशेषज्ञ हैं।"एच-1बी वीजाधारक तीन साल तक अमेरिका में रह सकते हैं और काम कर सकते हैं, जिसे आगे तीन साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

### रुपया 50 पैसे चढ़कर 81.42 पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और वैश्विक स्तर पर निवेशकों के बीच जोखिम लेने की धारणा में सुधार आने से बुधवार को शुरूआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 50 पैसे चढ़कर 81.42 रुपए पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी का सतत निवेश बढ़ने से भी घरेलू मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 81.43 पर खुला और फिर बढ़कर 81.42 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 50 पैसे की वृद्धि दशार्ता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 81.92 पर बंद हुआ था। मंगलवार को गुरुनानक जयंती के अवसर पर बाजार बंद थे।

इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत बढ़कर 109.64 पर आ गया। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.07 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

## यूपी और बिहार में पेट्रोल-डीजल महंगा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। बुधवार को ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 95.36 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई का भाव गिरकर 87.82 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। इस बीच कुछ राज्यों में कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। देश के चारों महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

बिहार में पेट्रोल बढ़कर 109.66 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है, वहीं डीजल 96.28 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में पेट्रोल बढ़कर 96.49 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.66 पर पहुंच गया है। इसके अलावा राजस्थान में कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है, यहां पेट्रोल बढ़कर 108.20 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है, वहीं डीजल 93.47 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ गुजरात, मध्य प्रदेश समेत कुछ



राज्यों में कीमतों में मामूली गिरावट देखने को मिली है।

दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### कीस्टोन रियल्टर्स ने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय किया

**मुंबई।** रुस्तमजी ब्रांड के तहत संपत्तियों की बिक्री करने वाली कंपनी कीस्टोन रियल्टर्स ने 635 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 514-541 रुपये प्रति शेयर तय कर दिया है।कंपनी ने बताया कि आईपीओ 14 नवंबर को खुलेगा।

एंकर निवेशक शेयरों के लिए 11 नवंबर को बोली लगा सकते है। निर्गम 16 नवंबर को बंद होगा। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ के द्वारा कंपनी की 635 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। पहले कंपनी ने आईपीओ से 850 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई थी, लेकिन अब इसका आकार घटा दिया गया है।

आईपीओ में 560 करोड़ रुपये तक नए शेयर जारी किये जायेंगे और इसके प्रवर्तक 75 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे। कंपनी के शेयर 24 नवंबर को बीएसई और एनएसई दोनों बाजारों में सूचीबद्ध होंगे।

## वित्त मंत्रालय ने सॉवरेन हरित बांड के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिया

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने वैश्विक मानकों के अनुरूप सॉवरेन हरित बांड जारी करने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। मोदी सरकार चालू वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी छमाही (अक्टूबर-मार्च) के दौरान हरित बांड जारी करके 16,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। यह दूसरी छमाही के लिए उधार कार्यक्रम का एक हिस्सा है। सूत्रों ने कहा कि रूपरेखा तैयार है, इस जल्द ही मंजूरी दी जाएगी। बजट में इसतरह के बांड जारी करने की घोषणा की गई थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल अपने बजट भाषण में घोषणा की थी कि मोदी सरकार हरित अवसंरचना ढांचे के लिए संसाधन जुटाने की खातिर सॉवरेन हरित बांड जारी करने का प्रस्ताव रखती है। उन्होंने बजट 2022-23 में कहा था, "इस राशि को सार्वजनिक क्षेत्र की उन परियोजनाओं में लगाया जाएगा, जो अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को कम करने में मदद करती हैं। सरकार की चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-मार्च अवधि के दौरान कुल 5.92 लाख करोड़ रुपये का उधार लेने की योजना है। 2022-23 के बजट में सरकार ने 14.31 लाख करोड़ रुपये के सकल बाजार ऋण का अनुमान लगाया था। इसमें से उन्होंने इस वित्त वर्ष के दौरान 14.21 लाख करोड़ रुपये उधार लेने का फैसला किया है, जो बजट अनुमान से 10,000 करोड़ रुपये कम है।



## एलन मस्क की नेटवर्थ में 70 अरब डॉलर की गिरावट, मस्क की नेटवर्थ 194.8 अरब डॉलर रह गई

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने जब से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर खरीदने की डील पूरी की तबसे उनकी नेटवर्थ में लगातार गिरावट आ रही है। इसकी वजह यह है कि उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों में लगातार गिरावट आ रही है। निवेशकों को लग रहा है कि मस्क का फोकस अब ट्विटर पर रहेगा। इसलिए वह टेस्ला के शेयरों से किनारा कर रहे हैं। टेस्ला दुनिया की सबसे मूल्यवान ऑटो कंपनी है। इसमें मस्क की 15 फीसदी हिस्सेदारी है और वह कंपनी के सबसे बड़े शेयरहोल्डर हैं। कंपनी का मार्केट कैप 622 अरब डॉलर है और यह दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। सूत्रों के मुताबिक मस्क की नेटवर्थ अब 194.8 अरब डॉलर रह गई है। इस साल पहली बार उनकी नेटवर्थ 200 अरब डॉलर से कम रह गई है। पिछले साल नवंबर की शुरूआत में उनकी नेटवर्थ 335 अरब डॉलर पहुंच



गई थी। लेकिन इस साल इसमें काफी गिरावट आई है। इस साल टेस्ला की मार्केट वैल्यू में करीब आधी गिरावट आई है। मस्क ने अप्रैल में ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदने का ऑफर दिया था। तब से मस्क की नेटवर्थ में 70 अरब डॉलर की कमी आ चुकी है। ?निवेशकों को लग रहा था कि ट्विटर डील की फंडिंग के लिए मस्क टेस्ला के शेयरों को बेच सकते हैं। अब निवेशकों को लग रहा है कि मस्क ट्विटर को ज्यादा समय दे सकते हैं जिससे टेस्ला का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। मंगलवार को भी टेस्ला के शेयरों मे 2.93 फीसदी की गिरावट आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक इससे मस्क की नेटवर्थ में 3.78 अरब डॉलर की गिरावट आई। अब उनकी नेटवर्थ 179 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 90.8 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इस मामले में उन्होंने फेसबुक के सीईओ मार्क जकरबर्ग को पीछे छोड़ दिया है। जकरबर्ग की नेटवर्थ में इस साल 88.2 अरब डॉलर की गिरावट आई है।



शंघाई में चायना इंटरनेशनल इंपोर्ट एक्सपो में अमेरिका आधारित पोषण आहार निमार्ता कंपनी की एक कर्मचारी नये उत्पाद को पेश करती हुई।

## संक्षेप

### बंधन बैंक ने एफडी पर 8 फीसदी ब्याज का किया एलान, एफडी के लिए नई अवधि भी लॉन्च

**नई दिल्ली।** अग्रणी यूनिवर्सल बैंकों में से एक बंधन बैंक ने सावधि जमा पर उच्च ब्याज दरों की एक विशेष सीमित अवधि की पेशकश शुरू की है। ये दरें 2 करोड़ रुपये तक के खुदरा जमा के लिए लागू हैं और 7 नवंबर, 2022 से प्रभावी हैं। यह ऑफर नई जमाराशियों के साथ-साथ परिपक्व जमाराशियों के नवीनीकरण पर भी लागू होगा। इस नए प्रस्ताव के साथ, बैंक बैंकिंग क्षेत्र में सावधि जमा पर उच्चतम ब्याज दरों में से एक की पेशकश कर रहा है। इस वृद्धि के साथ, ग्राहकों को 600 दिनों की अवधि के लिए जमा पर 7.5 फीसदी तक की उच्च ब्याज दर मिलेगी। वरिष्ठ नागरिक 0.50 फीसदी या 50 बीपीएस अधिक का लाभ उठा सकते हैं, जो 600 दिनों की अवधि की एफडी के लिए उनके रिटर्न को 8 प्रतिशत तक ले जाएगा। बैंक वरिष्ठ नागरिकों को 1 वर्ष से कम अवधि की एफडी के लिए 0.75 फीसदी या 75 बीपीएस अधिक ब्याज दर प्रदान करता है।

### बीईएमएल का दूसरी तिमाही में मुनाफा 52.5 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीईएमएल लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 52.5 प्रतिशत बढ़कर 16.26 करोड़ रुपये पर आ गया। बीईएमएल ने बताया कि खर्चों में कमी के कारण उसका लाभ बढ़ा है। वहीं, वित्त वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने 10.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, कंपनी की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर 806.11 करोड़ रुपये रह गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 1,013.64 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा बीईएमएल का कुल खर्च आलोच्य तिमाही में कम होकर 789.84 करोड़ रुपये पर आ गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,002.99 करोड़ रुपये था।

### महिंद्रा ने तीन ईवी अवसंरचना कंपनियो ं के साथ करार किया

**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कहा कि उसने चार्जिंग समाधान के लिए तीन ईवी अवसंरचना कंपनियों के साथ करार किया है। ये कंपनियां, जियो बीपी, स्टेटिक और चार्ज प्लस जोन हैं। कंपनी ने बताया कि उसके आगामी यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों को इन कंपनियों द्वारा चार्जिंग सेवाएं मुहैया होगी। महिंद्रा ने बताया कि साझेदारी से उपयोगकताओं को मजबूत तेज चार्जिंग अवसंरचना और इलेक्ट्रिक परिवहन समाधान की खोज में मदद मिलेगी। कंपनी ने हाल ही में अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी एक्सयूवी400 का अनावरण किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष (ऑटोमोटिव डिविजन) विजय नाकरा ने कहा, हम भारत में बैटरी वाले इलेक्ट्रिक वाहनों को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए टिकाऊ, लाभदायक और कुशल ईवी समाधान लाने के लिए तत्पर हैं। हमें भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की हमारी आगामी श्रृंखला के लिए अपने सभी भागीदारों के साथ साझेदारी की खुशी है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कर्ज की ब्याज दरें बढ़ाई

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चुनिंदा अवधि के कर्ज के लिए कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) बढ़ा दी है। बैंक ने बताया कि एक साल की अवधि वाले एमसीएलआर को 7.80 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.90 प्रतिशत किया गया है। वाहन, व्यक्तिगत तथा आवास ऋण जैसे उपभोक्ता कर्ज पर यही ब्याज लगता है। बैंक के अनुसार, संशोधित एमसीएलआर सात नवंबर,2022 से प्रभावी होगी। वहीं, एक महीने की अवधि वाली एमसीएलआर को 0.05 अंक बढ़ाकर 7.50 प्रतिशत किया गया है। इसके अलावा एक दिन की अवधि तथा तीन और छह महीने की अवधि वाले ऋण की ब्याज दरों में बदलाव नहीं हुआ है।

### एयर इंडिया ने सीडीबी एविएशन से 6 एयरबस ए320 नियो विमान पटटे पर लिए

**सिंगापुर।** टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया ने चीनी डेवलपमेंट बैंक फाइनेंशियल लीजिंग कंपनी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी आयरलैंड की सीडीबी एविएशन से छह एयरबस ए320 नियो विमानों का एक बेड़ा पट्टे (लीज) पर लिया है। सीडीबी एशिया ने बताया कि विमानों को पट्टे पर लेने के समझौते पर हस्ताक्षर एयरलाइन इकोनॉमिक्स ग्रोथ फ्रंटियर्स एशिया पेसिफिक-2022' सम्मेलन से इतर किए गए। टाटा समूह ने एयरलाइन की खरीद के बाद इसकी बहुस्तरीय परिवर्तन योजना की घोषणा की थी। इसके तहत सीडीबी एविएशन वह पहली कंपनी है जो एयर इंडिया को अतिरिक्त ए 320 नियो विमानों को पट्टे पर देगी। एयर इंडिया को ये विमान 2023 की दूसरी छमाही में मिलेगा। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने समझौते के बारे में कहा, यह एक महत्वपूर्ण समझौता है,जो हमें अत्याधुनिक विमानों के साथ अपने बेड़े को मजबूत करने में मदद करेगा।'बयान में कहा गया, यह हमारी परिवर्तन यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे हमारी कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

### नालको का दूसरी तिमाही का मुनाफा 83.2 प्रतिशत कम हुआ

**मुंबई।** नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) का 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही का एकीकृत मुनाफा 83.2 प्रतिशत कम होकर 125.43 करोड़ रुपये पर आ गया। कंपनी ने इसकी जानकारी देकर कहा कि अधिक खर्च और कम आय से उसका मुनाफा घटा है। नालको ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 747.80 करोड़ रुपये का एकीकृत लाभ कमाया था। आलोच्य अवधि में कंपनी की एकीकृत आय घटकर 3,558.83 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले की इसी अवधि में 3,634.59 करोड़ रुपये थी। हालांकि, इस दौरान कंपनी का एकीकृत खर्च बढ़कर 3,312.95 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,618.52 करोड़ रुपये था।

### सीमेंस ने रेल डिब्बों के उत्पादन के लिए औरंगाबाद में कारखाना लगाया

**मुंबई।** सीमेंस लिमिटेड ने रेल डिब्बों के उत्पादन के लिए महाराष्ट्र के औरंगाबाद में विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया है। कंपनी ने कहा, सीमेंस ने भारत और दुनियाभर में बढ़ती मांग को पूरा करने औरंगाबाद में एक अत्याधुनिक कारखाना स्थापित किया है। यह कारखाना निर्यात ऑर्डर पर 200 से अधिक रेल बोगियों की आपूर्ति करेगा। बयान के अनुसार, रेल बोगियां सीमेंस के वैश्विक डिजाइन एसएफ 30 कॉम्बिनो प्लस पर आधारित होंगी। यह इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ यात्री अनुभव और आसान रखरखाव प्रदान करती है।

### क्रेडाई-एनसीआर ने एकमुश्त निपटान योजना लाने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनियों के निकाय क्रेडाई-एनसीआर ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के विकास प्राधिकरणों से बिल्डरों के लिए एकमुश्त निपटान योजना लाने का आग्रह किया ताकि भूमि के एवज में उनके सभी बकाया भुगतान का निपटान किया जा सके। एसोसिएशन का सुझाव उच्चतम न्यायालय द्वारा 10 जून, 2020 के अपने आदेश को वापस लेने के एक दिन बाद आया है। इस आदेश में विभिन्न बिल्डरों को पट्टे पर दी गई भूमि के बकाए पर ब्याज की दर की सीमा आठ प्रतिशत निर्धारित की गई थी। शीर्ष अदालत का आदेश उत्तर प्रदेश (यूपी) में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बिल्डरों के लिए एक झटका है। मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अपील को इस आधार पर अनुमति दी क्योंकि दोनों प्राधिकरणों का कहना था कि इस आदेश की वजह से उन्हें भारी नुकसान हो रहा है और उनका कामकाज लगभग ठप हो गया है। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए क्रेडाई-एनसीआर के अध्यक्ष मनोज गौड़ ने कहा कि न्यायालय के आदेश को वापस लेने से अस्पष्टता और बाद में ब्याज दरों के प्रमुख मुद्दे पर गतिरोध दूर हो गया।

# रेल यात्रियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास : राकेश

जनसंदेश न्यूज



मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत करते प्राचार्य डा. अब्दुल कादिर

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विषय- रेलवे यात्रियों का स्वर्णिम विकास किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि रमेश चंद्र रतन चेयरमैन रेलवे यात्री सेवा आयोग भारत सरकार रहे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंदन कुमार सिन्हा महाप्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का स्वागत बुके देकर प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने किया। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा भारत की रेल सेवा सबसे बड़ी सेवा है जो करोड़ों नागरिक को सुविधा देने के लिए तत्पर है एवं रेलवे की अनेकों सुविधाएं हम सब को लाभान्वित करती है। आज उसी रेलवे यात्री सेवा आयोग के चेयरमैन हम सबके बीच कालेज आने पर हर्ष व्यक्त करते है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मैं हर यात्रियों के लिए हर तरह की सेवा देने के लिए हमेशा तत्पर रहता हू एवं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर कार्य संभव होता है क्योंकि वह हर नागरिकों के प्रति सेवा का भाव रखते हैं। हर यात्रियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो ऐसी सोच के साथ विकास भी कर रहे हैं। रोजगार के लिए युवाओं को रेलवे बहुत तेजी से जोड़ रहा है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहाकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया युवाओं को रोजगार से जोड़ने में अपनी नई-नई पॉलिसियों एवं योजनाओं के तहत आगे कार्य कर रही है जो भी लाभार्थी इससे जुड़ना चाहता है वह हमारे पोर्टल एवं अनेकों वेबसाईट के द्वारा इससे जुड़ सकता है। इस कार्यक्रम में रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कॉलेज परिवार के समाजसेवी शाकिर रजा, डॉ. कमरुद्दीन शेख, डॉ. जीवन यादव, डॉ. केके सिंह, डॉ. अब्दुल हलीम हाशमी, डॉ. प्रवीण यादव, अहमद अब्बास खान इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय विक्रम सिंह ने किया

## सभी प्लेटफार्मों को गड्ढामुक्त बनाने का किया कार्य : रमेश चंद्र रत्न



**जौनपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद शाखा द्वारा मातापुर लाइन बाजार स्थित नवनिर्मित रेडक्रॉस भवन पर पीएससी रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष रेल मंत्रालय भारत सरकार रमेश चंद्र रत्न का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम रेडक्रास के पदाधिकारियों तथा सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर और माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि रमेश चंद्र रत्न ने अपने उद्बोधन में देश के पीएम मोदी और शीर्ष नेतृत्व के प्रति उन्हें दोबारा चेयरमैन बनाए जाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया की अध्यक्ष बनने के पश्चात सर्वप्रथम उन्होंने सभी प्लेटफॉर्मों को गड्ढा मुक्त बनाने का कार्य किया। प्लेटफार्म पर बिकने वाले अश्लील साहित्य को बंद करा दिया। पानी की शुद्धता पर कार्य किया साथ ही साथ उन्होंने रेडक्रास के पदाधिकारियों को भी यह विश्वास दिलाया कि यदि उनकी कहीं आवश्यकता है तो वह हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। इस कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति डॉ. आरके सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और जौनपुर में रेलवे के संसाधनों को बढ़ाने का निवेदन किया जिससे जनपद विकास की ओर अग्रसर हो सके। रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव डॉ. मनोज वत्स ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए रेडक्रॉस की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और बताया कि संस्था के पदाधिकारियों और सामाजिक लोगों की मदद के द्वारा एक बड़े रेडक्रॉस भवन का निर्माण किया गया। साथ ही साथ एटीएम हेल्थ मशीन लगाने का कार्य किया गया है जल्द ही उद्घाटन का कार्य किया जाएगा उन्होंने मुख्य अतिथि से शटल एक्सप्रेस में एसी चेयर कार का एक डिब्बा और बढ़ाने का भी निवेदन किया। सदस्य रेल व नागरिक उड्डयन मंत्रालय शिशिर सिंह ने रेडक्रॉस भवन की भूमि पर ब्लड बैंक के लिए हाल बनवाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस के पदाधिकारियों तथा शिशिर सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को शाल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में लालजी चौधरी एडीआरएम वाराणसी, प्रतीक श्रीवास्तव डीसीएम लखनऊ, एएन यादव, अतुल सिंह, शशिकांत सिंह, विनोद मौर्या, राघवेंद्र सिंह, डॉ. विमला सिंह, उर्वशी सिंह, हिमांशु, अवनीश, शिव नारायण सिंह, डॉ. विवेक श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष डॉ. संदीप पांडेय ने किया तथा रवि सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वादों के निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल की पंचम बैठक आयोजित



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के संरक्षण में 12 नवम्बर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालयों में लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम के संयोजन एवं रीता कौशिक प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में बुधवार को पंचम प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी।

बैठक में रीता कौशिक द्वारा समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को समन/नोटिस प्रेषित कर लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लाभों को बताते हुए पक्षकारों को प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रधान न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि शालिनी मिश्रा बनाम विकाश पाण्डेय थाना खुटहन व सुमन बनाम रमाशंकर थाना मड़ियाहूँ के प्रकरणों में प्री-ट्रायल बैठक के दौरान समझौता हुआ। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम द्वारा लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभ जैसे-निस्तारण हेतु किसी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना, राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना बताकर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण करवाकर लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गयी।

इस अवसर पर विजय कुमार गुप्ता अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम, कुलदीप कुमार अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय तृतीय एवं विवेक विक्रम सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर व परिवार न्यायालय के कांउसलर अर्चना श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

# संगठित होकर रहें तभी मिलेगा न्याय : पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी



**गभिरन।** पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी का स्वागत जिलाध्यक्ष प्रदेश प्रभारी तथा मीडिया प्रभारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हुआ। तत्पश्चात मेढ़ा गांव में हजारों लोगों के साथ स्व. दीपक दुबे को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी परिवार जनों से दुख की घड़ी में ढाढंस बंधाते हुए न्याय दिलाने की बात कही।

तत्पश्चात सुनील मिश्रा को जान से मारने की धमकी और गाली गलौज का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर जानकारी हुई जिस पर सुनील को उचित न्याय मिल सके उनके घर भी पहुंच कर भरोसा दिलाया और ब्राह्मणों को संगठित होने की बात कही। थानाध्यक्ष की कार्यवाही से नाराज ब्राह्मणों को देखते हुए खुटहन चौराहे पर चक्का जाम करते हुए धरना भी दिया। धरने के दौरान पहुंचे एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।

मौके पर प्रवीण मिश्रा, अमित पाण्डेय, डॉ. अतुल कुमार दुबे, श्याम महाराज, वेद प्रकाश शुक्ला, धनंजय तिवारी, जगदीश उपाध्याय, जीतेंद्र उपाध्याय, पुष्पेंद्र दुबे, सुनील मिश्रा, दिनेश शुक्ला अरुण दुबे सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ का द्विवार्षिक चुनाव घोषित

जनसंदेश न्यूज



बैठक में विचार-विमर्श करते राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी

**जौनपुर।** बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जनपद शाखा की एक बैठक सिंचाई विभाग स्थित शिवमंदिर पर जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री संजय कुमार चौधरी ने किया। बैठक में समस्त संबंधित संगठनों के पदाधिकारियों ने सहभाग किया।

बैठक में पूर्व एजेंडा की समीक्षा करते हुए 16 दिसंबर को कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में जिला अधिवेशन कराए जाने की सर्वसम्मति से सहमति बनी। इस अधिवेशन में उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ, उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ एवं फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन जनपद शाखा का विधिवत चुनाव कराया जाएगा। बैठक में पंचायत सहायक वेलफेयर एसोसिएशन का संयोजक संदीप कुमार सोनकर एवं सह संयोजक विकास कुमार चौहान को नामित किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह, सुजीत कुमार सिंह अध्यक्ष ग्राम विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, राजीव कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ कर्मचारी नेता, अरविंद कुमार यादव अध्यक्ष इरीगेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन, शिवकुमार यादव जिला मंत्री पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, सुनीता यादव अध्यक्ष आंगनवाड़ी संघ, कमलाकांत मौर्य जिलाध्यक्ष ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संघ, अशोक यादव वरिष्ठ कर्मचारी नेता, प्रमोद पाठक वरिष्ठ नेता सिंचाई विभाग प्रभुदयाल श्रीवास्तव अतिरिक्त महामंत्री, सुनील कुमार सिंह जिलाध्यक्ष सिंचाई विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, समरनाथ यादव जिला उपमंत्री ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, सुनील राव जिला संप्रेक्षण ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, संतोष राय, राजबहादुर यादव जिला संगठन मंत्री द्वय ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ, कुलदीप कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### केएनपीजी में मतदाता जागरूकता व अभिविन्यास कार्यक्रम सम्पन्न



**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में बुधवार को स्नातक प्रथम वर्ष हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने पढ़ाई के दौरान अनुशासन के महत्व को समझाया। महाविद्यालय के नियमों से भी उन्होंने छात्र छात्राओं को परिचित कराया। सभी विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म में ही महाविद्यालय में आने की हिदायत दी गई। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो वह महाविद्यालय में बने मतदाता कक्ष से रजिस्ट्रेशन फॉर्म लेकर मतदाता परिचय पत्र बनवा लें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मत के महत्व को समझाने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भदोही जिले के एडीएम शैलेन्द्र मिश्र ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने छात्र जीवन में कड़ी मेहनत करने की शपथ दिलाई। सफलता प्राप्त करने के लिए अपने सपनों को याद रखने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात महाविद्यालय में चल रही अन्य गतिविधियों के विषय में अवगत कराया जिससे उनका सम्पूर्ण विकास हो सके। विद्यार्थियों को विभाग से समय सारिणी प्राप्त कर समय से कक्षाओं में उपस्थित होने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रिचा ने किया।

### इंटरलाकिंग सड़क व सौ मीटर नाला का डीघ प्रमुख ने किया शिलान्यास

**ज्ञानपुर।** डीघ विकास खंड के सागररायपुर गाँव में डीघ प्रमुख मनोज मिश्रा ने ग्रामीणों को चार सौ मीटर इंटरलाकिंग सड़क व सौ मीटर नाला की सौगात दी। सागररायपुर गाँव में चंद्रमणि पाण्डेय के घर से शिव मंदिर तक इंटरलाकिंग एवं सौ मीटर नाली का डीघ प्रमुख मनोज मिश्रा ने शिलान्यास किया।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीघ प्रमुख ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि गांव और उनके निवासियों को हर सुविधा का लाभ मिले। इंटरलाकिंग सड़क से ग्रामीणों के आवागमन में सुविधा



होगी व नाला के निर्माण से जलजमाव की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि डीघ विकास खंड के विकास के लिए धन की कमी नही होंने दी जायेगी।

# नए संकायाध्यक्ष से छात्रों के कल्याण की ढेरों उम्मीदें : डॉ. रसिकेश

**बोले प्रो. अजय द्विवेदी**

**प्रबंध के छात्रों की उम्मीदों को पूरा करने का करूंगा पूरा प्रयास, नवनियुक्त संकायाध्यक्ष प्रो. अजय द्विवेदी का हुआ स्वागत समारोह**



प्रो. अजय द्विवेदी के सम्मान समारोह में उपस्थित लोग

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय में नवनियुक्त संकायाध्यक्ष प्रोफेसर द्विवेदी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

स्वागत के क्रम में डॉ. रसिकेश पूर्व विभागाध्यक्ष, एचआरडी विभाग, डॉ. अनुराग मिश्रा विधि संकाय, डॉ. सुशील कुमार सिंह व्यवसाय प्रबंध, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. राकेश उपाध्याय, केशव, अभय सिंह, डॉ. अबू सालेह, अनुपम कुमार, मनोज त्रिपाठी सहित प्रबंध अध्ययन संकाय के विभिन्न छात्रों ने माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ देकर प्रोफेसर द्विवेदी का स्वागत किया। कार्यक्रम में कर्मचारी प्रतिनिधि के रूप में केशव प्रसाद ने प्रोफेसर द्विवेदी को शुभकामनाएं दिया। डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, सुशील कुमार, डॉ. सुशील कुमार सिंह ने अपने उदबोधन के माध्यम से स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. रसिकेश ने कहा कि ग्रामीण परिवेश पर आधारित हमारे विवि के छात्रों के लिए अवसरों को लाना और उनकी प्रतिभा को ज्यादा से ज्यादा निखारने का काम किया जाना चाहिए। डॉ. रसिकेश ने कहा कि प्रोफेसर द्विवेदी निश्चित ही प्रबंध के एवं बी कॉम आनर्स के छात्रों के लिए कल्याणकारी नियोजन करेंगे।

प्रोफेसर द्विवेदी ने कहा कि सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, शोध छात्रों और छात्रों को आश्वस्त किया कि आगामी तीन वर्ष के कार्यकाल में वे ज्यादा से ज्यादा गतिविधि आधारित शिक्षा का खाका तैयार करेंगे जिससे प्रबंध अध्ययन संकाय के छात्र अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकें। प्रोफेसर द्विवेदी ने सभी वरिष्ठ आचार्यों सहित प्रो. अविनाश पाथर्डिकर निवर्तमान संकायायाध्यक्ष के प्रति आभार जताया।

## वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ी

**ज्ञानपुर।** महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल में इस समय वायरल फीवर के मरीजो की संख्या बढ़ गयी है। सैकडो की संख्या में वायरल फीवर के मरीज पहुच रहे है। मौसम में हो रहे बदलाव के बीच तापमान से सामंजस्य बैठाना मुश्किल हो गया है। इसके कारण लोग तेजी के साथ वायरल फीवर के शिकार हो रहे हैं। उधर हर ओर पसरी गंदगी जलजमाव के चलते मच्छरों की बहुतायत हो गई है। ऐसे में लापरवाही बरतने वाले बीमारी के शिकार हो रहे हैं। मौसम में उतार चढ़ाव हर तरफ फैली गंदगी मच्छरों की भरमार के बीच लापरवाही से वायरल फीवर मलेरिया टाइफाइड ने कालीन नगरी में पूरी तरह पांव पसार लिया है।

चिंता की बात यह है कि खतरनाक बीमारी डेंगू खतरनाक हो गया है। ओपीडी में बढ़ी मरीजों की संख्या वायरल फीवर मलेरिया टाइफाइड के रोगियों से निजी व सरकारी अस्पताल पट गए हैं। प्रतिदिन सैकडो नई पर्ची बनाई जा रही है तो पुरानी पर्ची वाले इतने ही रोगियों का प्रतिदिन उपचार किया जा रहा है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण पंजीकरण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



छात्रा को मतदाता पंजीकरण फार्म देकर शुभारंभ करते डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में शासन के निदेर्शानुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण पंजीकरण कार्यक्रम 2022 का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी द्वारा किया गया। मतदाता हेल्पडेस्क प्रभारी व कार्यक्रम के संयोजक मोहम्मद आकिफ तौफीक ने छात्राओं को मतदान के महत्व से परिचित कराते हुए मतदाता शपथ दिलायी। उन्होंने मौके छात्राओं से मतदाता रजिस्ट्रेशन फार्म प्रारुप 6 को भरने के नियम एवं आनलाइन आवेदन करने के सम्पूर्ण तरीके की विस्तृत सूचना भी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर ने छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में जिस छात्राओं की उम्र 18 वर्ष हो जाए उनसे मतदाता के रूप में रजिस्ट्रेशन कराने की पुरजोर अपील किया। उन्होंने कहा कि मतदान करके उचित नेतृत्व का चयन करना हमारी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है इसलिए सर्वप्रथम हमें मतदाता बनना जरूरी है। मौके पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत ग्रामीण-2 के अंतर्गत हुआ प्रशिक्षण

**कार्यक्रम**

**मॉडल गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकी प्रशिक्षण का समापन**

**ज्ञानपुर।** जनपद में ओडीएफ फेज दो योजना में ठोस द्रव अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित सत्रह ग्रामों के ग्राम प्रधान, सचिव, दो प्रति ग्राम राजमिस्त्री, कंसल्टिंग इंजीनियर का विकास खण्ड भदोही के ग्राम पंचायत मुसीलाटपुर में ऑनसाइट प्रशिक्षण यूनिसेफ व प्राइम इंडिया के सहयोग से संपन्न हुआ।

प्रशिक्षक विशाल ने ग्राम पंचायतों के प्रधान, सचिव, इम्पैनल्ड इंजीनियर, खंड प्रेरक प्रत्येक ग्राम पंचायतों से दो कुशल राजमिस्त्री आदि लोग ने सामुदायिक, व्यक्तिगत सोक पीट, मैजिक पीट, नाली, सिल्ट चैम्बर, कम्पोस्ट पीट, नाडेप, आर आरसी के बारे में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया। मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने अंतिम सत्र में प्रतिभाग कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश यादव और जिला कंसल्टेंट डा. सरोज पाण्डेय ने तीनो दिनों के प्रशिक्षण में उपस्थिति रहकर सहयोग प्रदान किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के संबंध में डीएम ने की समीक्षा बैठक

जनसंदेश न्यूज



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग समीक्षा बैठक करते डीएम गौरांग राठी

**ज्ञानपुर।** समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली आइजीआरएस पोर्टल से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने समीक्षा बैठक की बैठक में डीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग तीस तारीख तक पोर्टल पर शिकायत पेंडिंग न रखे। सभी आईजीआरएस के प्रकरणों का निस्तारण करा दे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों के निस्तारण एवं गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का निस्तारण संबंधित अधिकारी तत्काल करें और शिकायतकर्ता से फोन पर भी संपर्क करें जो अधिकारी शिकायतों के प्रति गंभीर नहीं है और शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में जा रही हैं। ऐसे अधिकारियों का वेतन तो रोका ही जाएगा और उनके प्रति विभागीय कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी। फील्ड में तैनात अधिकारी, कर्मचारी जनसमस्याओं के निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता से करे और आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार रखें तथा फील्ड के अवसर पर कर्मचारियों की भी रेंडम चेकिंग की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, उप निदेशक कृषि डॉ अश्वनी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, एडीएम आशुतोष श्रीवास्तव समस्त अधिशाषी अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**बोले डीएम**

**शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने वाले अधिकारियों पर की जाएगी कार्रवाई**

# स्मृति चिह्न देकर मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**आयोजन**

**बीपीएमजी पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान, वाहन चालकों को दिया गया हेलमेट**



बीपीएमजी पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्रा को स्मृति चिन्ह देते सीओ अजय कुमार चौहान

**ज्ञानपुर।** बीपीएमजी पब्लिक स्कूल सुरियावां में बुधवार को मेधावी छात्र छात्रा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवम्बर में चलाए जा रहे यातायात माह में प्रभारी यातायात शशिकांत यादव ने बीपीएमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों व अभिभावकों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि सीओ भदोही अजय कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के छात्रों व छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान ने कहा कि मंच पर छात्रों का सम्मान एक गौरवमयी पल होता हैं। सफलता प्राप्त करने के लिए कोई शार्टकट तरीका नही है। कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती हैं, आप लोग कड़ी मेहनत करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती हैं जो छात्रों के हित में अति आवश्यक है। प्रभारी यातायात शशिकांत यादव ने स्कूल के एक दर्जन से अधिक वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किया व यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया।

इस मौके पर बीपीएमजी पब्लिक स्कूल के निदेशक विनय चौरसिया, प्रिंसिपल फरहीन अंसारी, हरीश सिंह, अजय मोदनवाल, राजेश परदेशी, जटा शंकर मौर्या, अनिल वर्मा, पवन चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।



स्मृति शेष

# दलितों के विश्वनाथ मंदिर प्रवेश पर लाठी खाई, जेल भी गए

## प्रभुनारायण सिंह के इस क्रांतिकारी रूप को जानने वाले अब नहीं हैं

## राजनारायणजी के साथ उनकी जोड़ी समाजवादी आंदोलन में मिसाल है



डॉ. कर्ण सिंह के साथ

रवि प्रकाश सिंह

*पुरनियों को ये घटना आज भी नहीं भूलती और सुनने वाले भी रोमांचित और किंचित हतप्रभ हो जाते हैं जब उन्हें 1954 के उस माहौल से रूबरू कराया जाता है। तब शहर की फिजां में अजीब सी सनसनी थी, उत्सुकता के साथ आशंका भी थी। सनातनी हिंदुओं के सबसे प्रमुख आस्था का केंद्र काशी विश्वनाथ मंदिर में दलितों का प्रवेश दिलाना बड़ा मुद्दा बन गया था। आज भी सन 54 के उस दौर का एक-एक पल जीवंत हो उठता है। क्योंकि राजनारायणजी के साथ प्रभु बाबू ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दलितों के प्रवेश का ऐलान कर रखा था। गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर काशी विश्वनाथ मंदिर के पास भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती, इस ऐलान से आगबबूला कट्टर सनातनियों का जमावड़ा था, बावजूद इसके प्रभु बाबू और राजनारायणजी के चेहरे पर तनिक भी शिकन नहीं थी। दोनों की जुगल जोड़ी मजबूती से डटी रही और सत्याग्रह शुरु किया कि चाहे कुछ भी हो, समाज की इस कुरीति को उखाड़ फेंकना है। रोज सत्याग्रही जत्था आगे बढ़ता और घेरा तोड़ने की कोशिश में धक्कामुक्की (तब ये संभव था) करते हुए गिरफ्तार हो जाता था। लेकिन इस दौरान एक दिन ऐसा हुआ कि जो बनारस के इतिहास में दर्ज हो गया। मंदिर में प्रवेश के लिए राजनारायण और प्रभु बाबू यानी प्रभुनारायण सिंह दलितों के सत्याग्रह का नेतृत्व करते हुए विश्वनाथ गली के आगे बढ़ रहे थे और साथ में सत्याग्रही जत्थे की भीड़ उफान पर थी। पुलिस अफसरों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की शुरु हो गयी। भला नेता जी कहां मानने वाले, पूरी ताकत और हिम्मत के साथ बेखौफ आगे बढ़ते रहे। इस बीच पुलिस ने लाठी चार्ज किया और घटना में प्रभु नारायण सिंह और राजनारायण को गंभीर चोट आयी। पुलिस ने दोनों लोगों को घसीटते हुए डेढ़सी के पुल(माकपा दफ्तार के नीचे) तक लेकर आयी और यहां से वाहन में भरकर जेल भेज दिया। इस आंदोलन का असर इतना व्यापक था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. संपूर्णानंद ने कानून बनाकर उत्तर प्रदेश के मंदिरों में दलितों के प्रवेश को मंजूरी दे दी।*



डॉ. लोहिया के साथ राजनारायण व प्रभु नारायण

### 1974 में बतौर कांग्रेस प्रत्याशी सैदपुर से रिकॉर्ड मतों से जीते

चोलापुर (वाराणसी) विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में रिकार्ड मतों से विजय प्राप्त की। इस सिलसिले में यह बात उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में बनारस, गाजीपुर की 22 सीटों में 20 सीटों पर कांग्रेस पराजित हुई थी। उसी साल हेमवतीनन्दन बहुगुणा के नेतृत्व में गठित मंत्रिमंण्डल में उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। इस पद पर रहते हुए उन्होंने अपने एक ऐतिहासिक निर्णय के जरिए पहले पहल पूरे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ३० बिस्तरों वाले अस्पतालों के खोलने की व्यवस्था की। इसी के साथ जिन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक डॉक्टर थे, उन पर एक और डॉक्टर की नियुक्ति का आदेश दिया।

### महज 11 साल की उम्र में गिरफ्तार

प्रभुनारायण सिंह का बचपन से ही राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों प्रति आकर्षण था। 1930 में वाराणसी के चौक थाने पर श्रीप्रकाश जी के नेतृत्व में आयोजित सत्याग्रह आंदोलन में शिरकत के कारण महज 11 साल की उम्र में गिरफ्तारी दी। वहीं बीएचयू के छात्र रहते हुए सन 1942 भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान फरारी काटते हुए इस आंदोलन को गांव-गांव पहुंचाने में व्यापक दौरा किया। फरारी के दौरान प्रभु नारायण सिंह और राजनारायण पर अंग्रेजी सरकार ने पांच-पांच हजार का इनाम रखा था। उस जमाने के हिसाब से ये रकम आज लाखों में होगी। गिरफ्तारी के बाद तीन साल जेल में काटे। उनकी रिहाई 23 अप्रैल 1945 को हुई। रिहाई के बाद विश्वविद्यालय की पार्लियामेंट के प्रधानमंत्री चुने गये और सदन की कार्रवाई हिंदी में प्रारंभ हुई। 1945 में ही उत्तर प्रदेश स्टूडेंट कांग्रेस के सचिव नियुक्त हुए। सन 1947 में बीएचयू की पार्लियामेंट के डिप्टी स्पीकर चुने गये।



# प्रभुनारायण के संघर्षों की दास्तान जिसका हर पन्ना तारीखी दस्तावेज

भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजाद भारत में समाजवादी आंदोलन तक प्रभुनारायण सिंह और राजनारायण की जोड़ी ने संघर्षो की ऐसी दास्तान लिखी जिसके हर पन्ना तारीखी दस्तावेज है। प्रभुनारायण सिंह के लिए सत्ता से ज्यादा सत्याग्रह मायने रखता था। प्रभुनारायण और राजनारायण की जोड़ी भारतीय राजनीति की सुनहरी पहचान थी, तब नेता जाति से नहीं, कर्म से पहचाने जाते थे। उस दौर की सियासत के ये दो नायक दिखते अलग-अलग, पर थे एक दूसरे के पूरक। राजनाराणजी जिन्हें अन्याय दिखते ही गुस्सा आ जाता था तो वहीं प्रभुनारायण सिंह शालीन व साहस के मालिक थे। उन्हें गुस्सा नहीं आता पर संघर्ष से समझौता नामंजूर था। ऐसे महान चिंतक, समावाजादी और स्वतंत्रता सेनानी तब के वाराणसी और अब के चंदौली के रमौली निवासी प्रभुनारायण सिंह की 11 नवंबर को जयंती हैं। बनारस की धरती समाजवादी आंदोलन की प्रमुख धुरी रही है। डा. राम मनोहर लोहिया, आचार्य नरेंद्र देव, जय प्रकाश नारायण, संपूर्णानंद के साथ-साथ प्रभु नारायण सिंह का नाम जोड़ देने से समाजवाद की एक बड़ी तस्वीर उभरती है। इन बड़े और महान समाजवादी नेताओं के अतिरिक्त प्रभु नारायण ने समाजवादी आंदोलन के संघर्षो को नया तेवर, नई धार और नई संवेदना दी। वह देश के प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक, विचारक, लेखक और राजनेता रहे हैं। उनकी राजनीतिक यात्रा 1930 से 2000 तक असाधारण तथा सात दशकों की लंबी और अंतहीन यात्रा रही। बीएचयू अपने स्थापना से ही राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम की अनेकानेक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा। यहीं छात्र राजनीति में वे गांधी और लोहिया से प्रभावित हुए। बीएचयू में गांधीवाद, समाजवाद के साथ-साथ उन्होंने संघर्ष का संस्कार ग्रहण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय संग्राम समिति की स्थापना की और बीएचयू को सोशलिस्ट रिपब्लिक आफ इंडिया घोषित किया। इस प्रकार छात्रों के माध्यम से पूरे भारत में भारत छोड़ो आंदोलन फैला। जेल में उन्होंने मार्क्स के 'डास कैपिटल' और 'थियरी ऑफ सरप्लस वैल्यू' के साथ-साथ गांधीवाद और समाजवाद का भी गहन अध्ययन किया। कैंपस से बाहर की दुनिया में आए और परिपक्व समाजवादी बने। 1945 के बाद जवाहर लाल नेहरू, आचार्य नरेंद्र देव की तुलना में डा. लोहिया के तीखे और क्रांतिकारी विचारों ने उन्हें अधिक प्रभावित किया, जिस कारण वे लोहिया की ओर आकर्षित हुए। 1960 में किसान-मजदूर आंदोलन की अगुवाई करने के कारण लोकसभा का सदस्य रहते हुए भी उन्हें निवारक नजरबंदी कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। डा. लोहिया के बाद राजनारायण को छोड़ सर्वाधिक गिरफ्तारी देने वालों में प्रभु नारायण सिंह ही रहे।





नारायण दत्त तिवारी के साथ

### चंदौली के रमौली गांव में पहला राजनीतिक भाषण

प्रभुनारायण सिंह का पहला राजनीतिक भाषण 1940 में चंदौली तब के वाराणसी रमौली गांव में हुआ। जिस सभा में यह भाषण दिया गया वह महात्मा गांधी के नेतृत्व में साम्राज्यवादी ब्रिटिश सरकार के खिलाफ चलाये जा रहे व्यक्तिगत सत्याग्रह के सिलसिले में आयोजित था और 1940 में ही पहली बार जिला छात्र एसोसिएशन के सचिव भी नियुक्त हुए।

### दस बीघे के काश्तकारी पर लगान कर दी थी माफ

साल 1971 त्रिभुवन नारायण सिंह के मंत्रिमण्डल में राजस्व मंत्र पदभार बने। राजस्व मंत्री के रूप में उन्होंने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया और 10 बीघे की काश्तकारी जोत पर लगान माफ कर दी। उनके इस फैसले में डॉ. लोहिया के विचार तथा विनोबा जी के अन्त्योदय सिद्धान्त का मूर्त रूप छलक रहा था। साल 1973 में अपने मित्रों की बहुत बड़ी संख्या के साथ वह इन्दिरा कांग्रेस में शामिल हुए। उनके नेतृत्व में सोशलिस्टों का चन्दौली में एक ऐतिहासिक ध्रुवीकरण सम्मेलन हुआ, जिसमें इन्दिरा गांधी ने भाग लिया तथा अपने भाषण में उन्होंने यह बात स्पष्ट रूप में स्वीकार कि स्व. आचार्य नरेन्द्र देव उनके भी नेता थे। उसमें उन्हें एक सोशलिस्ट घोषणा पत्र समर्पित किया गया जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें उल्लिखित बातों को लागू करने की मैं पूरी कोशिश करूंगा।

### हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की पुरजोर वकालत

ये प्रभु नारायण सिंह ही थे, जो साल 1959 में चंदौली संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के पंडित जगत नारायण दूबे के खिलाफ चुनाव लड़ा और भारी मतों से जीत दर्ज कर संसद पहुंचे। इस दौरान संसद में हिंदी के सवाल पर उन्होंने तत्कालीन सरकार की भाषा नीति का पुरजोर विरोध किया। हिंदी की वकालत करते हुए इसे राजभाषा, राष्ट्रभाषा बनाने की आवाज उठायी। कहा जाए तो उनका लोकसभा में हिंदी की वकालत को लेकर दिया गया भाषण ऐतिहासिक भाषण था।

### ऑफिशियल लैंग्वेज बिल का मंत्री रहते किया विरोध और गये जेल

साल 1967 चौधरी चरण सिंह के नेतृत्व में गठित गैर कांग्रेसी मंत्रिमंडल में श्रम एवं उद्योग मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उसी वर्ष, उत्तप्रदेश सरकार में मंत्री रहते हुए केंद्र सरकार के 'आफिशियल लैंग्वेज बिल' के विरोध एवं हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के पक्ष में संसद भवन के समक्ष सत्याग्रह किया और गिरफ्तार हुए उन्हें तिहाड़ भेजा गया। उनके इस सत्याग्रह की उत्तप्रदेश विधानसभा में विपक्षी पार्टी कांग्रेस के चन्द्रभानु गुप्त और पं. कमलापति त्रिपाठी जैसे अपने को हिन्दी समर्थक प्रदर्शित करनेवाले प्रमुख नेताओं ने कड़ी आलोचना की तथा उन्होने निन्दा प्रस्ताव पेश किया पर वे उसे पास नही करा पाये। श्रम मंत्रित्वकाल में मोदीनगर में कपड़ा मिल के मजदूरों पर पुलिस के गोली चलाये जाने का जोरदार विरोध करते हुए उन्होंने सरकार से इस्तीफा दे दिया, जिसके कारण चौधरी चरण सिंह की सरकार गिर गयी और श्रम मंत्री के रूप में उन्होंने यह ऐतिहासिक कानून बनाया।

### अंग्रेजी शासन में दोनों को जिंदा या मुर्दा पकड़ने की घोषणा

1942 भारत छोड़ो आंदोलन, देश भक्ति का वो जज्बा जिसने प्रभु बाबू और राजनारायण को इनामिया बना दिया। सन 1942 के आंदोलन में दोनों की जोड़ी ने वाराणसी के जिला कचहरी पर चाहे तिरंगा फहरा कर अपनी मंशा जाहिर कर दी तो वहीं बेनियाबाग में गुलामी की निशानी विक्टोरिया की मूर्ति को ढहाने तक का इतिहास आज भी रौंगटे खड़ी कर देती है। गुलामी के दौर में दोनों को जिंदा और मुर्दा पकड़ने का इनाम ब्रिटिश हुकुमत ने रखा था।

# कान्हें पर बोरी कपारे पर बोरा नहान क रेला नहान क रेला

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

रेलवे स्टेशन से लगातयत गंगा घाट और रोडवेज से लगायत मंदिरों तक अगर कुछ दिखा तो वह था कान्हें पर बोरी कपारे पर बोरा, भीड़ इतनी कि स्टेशन से यात्रियों के लिए अचानक स्पेशल ट्रेन संचालित करना पड़ गया। इतना ही नहीं रोडवेज ने भी गाजीपुर और बलिया के लिए अतिरिक्त बसों को लगा दिया गया। भीड़ का आलम ऐसा कि शहर में चल रहे परिवहन विभाग के आंकड़ों के अतिरिक्त संचालित अनगिनत ऑटो व टोटो भी कम पड़ गयी। हर लोगों की निगाह बस एक गंगा की ओर,उद्देश्य बाबा यानि काशीपुराधिपति श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन सुलभ हो तो काशी आना स्वारथ हो जाए। स्टेशन पर भीड़ तो अनियंत्रित हुई साथ में हुआ ऑटो व अन्य कर्मिशियल वाहनों को संचालन अनियंत्रित, कुछ तो ऐसे लोग दिखे जो सिर्फ उसी दिन के लिए सड़कों पर वाहनों को दौड़ाने लगे। आस्था ऐसी थी कि कंधे पर बोरा रख कर गंगा की ओर से पैदल ही चल दिया। रात भर गंगा घाट सीढ़ियों इंतजार करते रहें। लेकिन आस डिगी नहीं।




### एक दिन के लिए वाहन, दुकान

भीड़ की स्थिति को देख शहर के कई ऐसे लोग थे जो किराये पर वाहन लेकर एक दिन के लिए चालक बन गये। कैंट स्टेशन से गोदौलिया या फिर मैदागिन तक सवारियों को उतारना चढ़ाने का कार्य देर रात तक करते रहें। मौके का फायदा दुकान वालों ने भी उठाया गोदौलिया, दशाश्मेध, चौक, मैदागिन, बांसफाटक, गिरिजाघर के आसपास कई लोग अस्थायी दुकान एक दिन के लिए लगा मिली कीमत पर खुश हुए।

### 15 रुपये की बिक गयी चाय

गोदौलिया से दशाश्वमेध की ओर जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ एक चाय की दुकान चलाने वाले लोगों ने भीड़ का फायदा खूब उठाया, कतिकी नहान के लिए ज्यादा संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों से एक चाय का 15 रुपये तक वसूल लिया। नाश्ते की कीमत तो शुभानअल्लाह थी।

### भीड़ को नियंत्रित करने को मशक्कत

दो दिनों में काशी में उमड़ी को अनियंत्रित करने के लिए हर विभाग के लोगों को मशक्कत करना पड़ा, रेलवे में आरपीएफ व जीआरपी, तो रोडवेज में प्रबंधन ऐसे ही शहर में पुलिस प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने को मशक्कत करनी पड़ी।

### चलते-चलते

एक कवि की ओर से कुंभ के समय पड़ने वाले आमावास्या तिथि पर नहान को एक मेले के दृश्य से जिस प्रकार शब्दों को वर्णित किया गया था वहीं स्थिति कार्तिक नहान के दो दिनों में काशी में देखने को मिली। इतना ही नहीं बाबा विश्वनाथ के मंदिर में भी वही कान्हे पर बोरी कपारे पर बोरा देखने को मिला। बलिया, गाजीपुर सहित बिहार के कई क्षेत्रों से वो लोग भी आएं जहां गंगा विराजमान हैं। कहने का सिर्फ एक मकसद था गंगा वहीं हैं तो घाट और जाने का क्या मतलब।

# चंबल के बीहड़ों में फिर सिर उठा रहे बागी

मध्यप्रदेश के चंबल के बीहड़ में फिर डकैत गिरोह की धमक सुनाई देने लगी है। चंबल के बीहड़ में बीते कुछ दिनों से दो डकैत गिरोह की दहशत दिखाई दे रही है। हालात यह है कि चंबल के बीहड़ में सक्रिय दो डकैत गुड्डा गुर्जर और केशव गुर्जर की गैंग ने पुलिस की नाक में दम कर दिया है लेकिन इसके बावजूद पुलिस इन दोनों शातिर डकैतों को पकड़ने में हर बार नाकाम साबित हो रही है। चंबल के बीहड़ में दो शातिर डकैतों की इंट्री ने चंबल से लेकर भोपाल तक खलबली मचा दी है। बीहड़ में दो डकैतों गिरोह का खौफ-चंबल के बीहड़ में दो दशक के बाद इन दिनों दो शातिर डकैत गिरोह का खौफ देखा जा रहा है। राजस्थान में एक लाख का ईनामी डकैत केशव गुर्जर और मध्यप्रदेश के मुरैना का 70 हजार का ईनामी डकैत गुड्डा गुर्जर की गैंग की धमक बीहड़ में सुनाई दे रही है। मुरैना के चांचौल गांव का रहने वाला कुख्यात डकैत गुड्डा गुर्जर का खौफ मुरैना से लेकर शिवपुरी तक इन दिनों फैला हुआ है। गुड्डा गुर्जर के बढ़ते खौफ को इससे समझा जा सकता है कि सरकार गुड्डा गुर्जर पर एक लाख का ईनाम रखने की तैयारी कर ली है।

डकैत गुड्डा गुर्जर पर 3 दर्जन से अधिक मामले-मुरैना जिले के चांचौल गांव में रहने वाला गुड्डा गुर्जर पर 3 दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। डकैत गुड्डा गुर्जर पर मुरैना के पहाड़गढ़, ग्वालियर, शिवपुरी और धौलपुर में मामले दर्ज है। गुड्डा गुर्जर पर हत्या का एक, हत्या के प्रयास के तीन मामले दर्ज है। डकैत गुड्डा गुर्जर उस वक्त पहली बार चर्चा में आया था जब उसने 2017 में मुरैना के बनमोर के पहाड़ी गांव के जखौदा गांव में जितेंद्र सिंह गुर्जर और उसके भाई बंटी गुर्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोहरे हत्याकांड में डकैत गुड्डा गर्जर तो फरार हो गया लेकिन गिरोह के चार अन्य सदस्य पकड़े गए और उन्हें उमक्रैद की सजा हुई। डकैत गुड्डा गुर्जर के गिरोह में 10-12 डकैत है। खास बात यह है कि गिरोह के सभी सदस्य कभी एक साथ नहीं रहते है। गिरोह का सबसे खतरनाक और सक्रिय सदस्य भोला गुर्जर ही गिरोह के सरगना गुड्डा गुर्जर के साथ रहता है। मुरैना से शिवपुरी तक गुड्डा गुर्जर का खौफ-डकैत गुड्डा गुर्जर के खौफ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने शिवपुरी जिले के डोंमरी गांव और उसके आसपास के पत्थर खदान के मालिकों के सीने पर बंदूक अड़ाकर 10 लाख रुपए के टैरर टैक्स की वसूली की थी। डकैत गुड्डा गुर्जर इस वक्त ग्वालियर-चंबल में सबसे अधिक ईनामी राशि वाला डकैत है।

वही डकैत गुड्डा गुर्जर ने ग्वालियर के चिनोर में व्यापरियों से 25-25 लाख के टैरर टैक्स की मांग की है। डकैत ने व्यापारियों को डाक के माध्यम से पत्र भेजकर टैरर टैक्स की मांग की है और मांग पूरी नहीं होने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी है। इसके साथ ही डकैग गुड्डा गुर्जर ने मुरैना के चांचौल गांव को खाली करने का फरमान सुनाया है। डकैत ग्रामीणों से भी कर रहे वसूली-मुरैना के जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित मरा गांव के ग्रामीण डकैतों के खौफ से खौफजदा है। गांव के लोगों का कहा है कि कुछ दिन पहले गांव में डकैत गुड्डा की गैंग आई थी और लोगों से मारपीट करने के साथ उनसे पैसों की वसूली की। वहीं गिरोह ने हर परिवार से एक-एक हजार वसूलने के बाद चली गई। इस घटना के बाद पूरा गांव डरा और सहमा है।



### गुर्जर गैंग से सरकार परेशान शिकंजा कसने की तैयारी

ग्रामीणों का कहना है कि वो रात भर अपने बच्चों की सुरक्षा करने के लिए जागते रहते हैं साथ ही उनको डर है कि कहीं यह डकैतों की गैंग उनके परिवारों पर हमला न कर दे। हालांकि पुलिस ने गांव की सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात कर दिया है लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों डकैतों की गैंग हर बार अलग-अलग गांव को निशाना बनाती है अब यह नहीं पता कि इस गैंग की अगले टारगेट पर कौन सा गांव है।

डकैत गुड्डा गुर्जर गैंग से सरकार परेशान?-चुनावी साल में चंबल में एक नहीं दो-दो डकैत गिरोह की सक्रियता ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। भाजपा चंबल के बीहड़ से डकैतों के सफाए को पिछले कई चुनाव से चुनावी मुद्दा बनाते हुए इसका सियासी माइलेज लेने से नहीं चूकी है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आला अफसरों को चंबल के बीहड़ को डकैत मुक्त करने की दो टूक चेतावनी दे दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि डकैत गुड्डा गुर्जर की वजह से प्रदेश की छवि खराब हो रही है। इसके बाद अब पुलिस ने डकैत गिरोह पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। डकैत गुड्डा गुर्जर को पकड़ने के लिए पुलिस बीहड़ों की खाक छान रही है। मुरैना पुलिस ने डकैत गुड्डा गुर्जर के परिवार पर शिकंजा कसते हुए डकैत गुड्डा गुर्जर के बड़े भाई पप्पू गुर्जर, भतीजी प्रीती गुर्जर को गिरोह की मदद के आरोप में पकड़ा है। बहरहाल इस समय चंबल की दोनों सक्रिय डकैतों की गैंग ने मुरैना जिले की पुलिस की नाक में दम कर दिया है। हालात यह है कि मुरैना पुलिस ने कई बार इन डकैतों की गैंग और इनके मुखिया को पकड़ने की कोशिश की लेकिन हर बार यह पुलिस को चकमा दे जाते है। बताया जा रहा है कि पुलिस का मुखबिर तंत्र फेल होने के कारण डकैत गिरोह लगातार चंबल के बीहड़ों में वारदातों को अंजाम दे रहे हैं अगर पुलिस का खुफिया तंत्र मजबूत और प्लानिंग के तहत काम किया जाए तो शायद चंबल से इन दोनों डकैतों का खात्मा किया जा सकता है।